खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :36°C
न्यूनतम :22°C

देहरादून, सोमवार 18 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 280 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 30 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कश्मीर के लिए संवाद ही एकमात्र रास्ता: महबूबा मुफ्ती पेज 2



बेंगलुरु आईपीएल-2026 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम खेल टाइम्स



राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान: योगी पेज 2



ढल रहा पश्चिमी देशों का वर्चस्व: गालिबाफ पेज 12

# त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के दो कोच में लगी आग

**कोटा।** केरल के त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन आ रही राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच में आग लग गई। यह घटना कोटा रेल मंडल के लूणी रिच्छा और विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन के बीच हुआ।

जैसे ही आग लगने की खबर आई, सभी यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन से उतार लिया गया। यह घटना रविवार (17 मई 2026) को सुबह करीब 5:15 बजे हुई। आग ट्रेन के बी-1 कोच मेंऔर उसके पीछे लगे सेकंड लगेज कम वार्ड वैन में लगी थी। ट्रेन में आग



लगने के समय कुल 68 यात्री सवार थे और राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। आग लगने के बाद गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी, जिसके बाद ट्रेन को रोक दिया गया और सभी यात्रियों को तेजी से

- कुछ ही समय में दोनों कोच जलकर नष्ट
- गार्ड ने लोको पायलट को सूचना दी
- 15 मिनट में 68 यात्री बाहर निकाले, सभी सुरक्षित

कोच से बाहर निकाला गया। करीब 15 मिनट में पूरा कोच खाली करा लिया गया।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में दोनों कोच जलकर लगभग पूरी तरह नष्ट हो गए। आग पर काबू पाने के लिए रेलवे की राहत और बचाव टीम मौके पर पहुंची। आसपास के स्टेशनों से भी कर्मचारी बुलाए गए और स्थानीय प्रशासन ने भी मदद की। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह ट्रेन सुबह करीब 3:45 बजे मध्य प्रदेश के रतलाम जंक्शन से रवाना हुई थी। इसका अगला स्टॉप सुबह 8:45 बजे कोटा जंक्शन पर था, लेकिन उससे पहले ही विक्रमगढ़ आलोट के पास यह हादसा हो गया।

# 20 हजार टन गैस लेकर भारत पहुंचा 'सिमी'



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत के लिए रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर अच्छी खबर आई है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी मालवाहक जहाज 'सिमी' रविवार सुबह गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया।

यह जहाज 13 मई को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के खतरनाक रास्ते से होकर गुजरा था। पश्चिम एशिया में पिछले 75 दिनों से जारी युद्ध की वजह से यह समुद्री मार्ग फिलहाल बेहद असुरक्षित बना हुआ है। इंडियन आयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने कतर के रास लफ्फान टर्मिनल से लगभग

- दुश्मन के रडार और निगरानी तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम अस्थायी रूप से बंद कर दिया

20,000 टन रसोई गैस खरीदी थी, जिसे लेकर यह जहाज भारत आया है। जहाज पर सवार सभी 21 विदेशी चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसेना के कड़े पहरे और अमेरिकी नाकेबंदी के बीच इस जहाज को सुरक्षित निकालना एक बड़ी चुनौती थी। दुश्मन के रडार और निगरानी -शेष पृष्ठ दो पर

# दिल्ली-NCR में CNG फिर महंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में गैस की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने रविवार को सीएनजी के दाम एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दिए।

इससे पहले 15 मई को कंपनी ने सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की थी। दिल्ली में एक किलोग्राम सीएनजी रविवार से 80.09 रुपये की गई है। पहले इसकी कीमत 79.09 रुपये थी। दिल्ली के साथ ही आईजीएल ने नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल, कैथल, कानपुर, हमीरपुर, फतेहपुर,

- तीन दिन में दूसरी बार बढ़े दाम, एक रुपये की हुई बढ़ोतरी

अजमेर पाली, राजसमंद, महोबा, बांदा, चित्रकूट, हापुड़, गौतमबुद्धनगर और ग्रेटर नोएडा में भी सीएनजी की कीमत एक-एक रुपये बढ़ा दी है। तीन दिन में सीएनजी की कीमतों में तीन रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि विशेष रूप से ऑटो और कैब आदि के किराए पर असर डाल सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में सभी ऑटो रिक्शा और कैब अनिवार्य रूप से सीएनजी पर ही चलते हैं।

# पीएम मोदी आठ साल बाद स्वीडन दौरे पर

**एम्सटर्डम।** पीएम मोदी 8 साल बाद स्वीडन दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने साल 2018 में स्वीडन का दौरा किया था। उनके विमान के स्वीडन की सीमा में पहुंचते ही स्वीडिश फाइटर जेट्स ने उसे एस्कार्ट किया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन पीएम मोदी को रिसीव करने गोथेनबर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसे दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। होटल पहुंचने पर पीएम मोदी की बंगाली तरीके से आरती उतारी गई। यह दौरा भारत और स्वीडन के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इस दौरान व्यापार, तकनीक, रक्षा और ग्रीन एनर्जी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों की भी उम्मीद है। स्वीडन दौरे के दौरान पीएम मोदी भारतीय समुदाय के



- स्वीडिश पीएम एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंचे, होटल में बंगाली तरीके से आरती उतारी गई

लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। इससे पहले मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ।



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लू चलने की चेतावनी

**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर आसमान से आग बरस रही है, दिन में सड़कों पर यातायात काफी कम हुआ है। यूपी के दक्षिणी जिलों में हीट वेव चल रही है, गर्म हवा के थपेड़े लोगों को घरों में कैद होने को मजबूर कर रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लू चलने को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। ये 24 जिले हैं बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और आस पास के क्षेत्र। डा. अतुल सिंह ने बताया कि आगामी 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश का मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा।

### गुरदासपुर ग्रेनेड मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**गुरदासपुर।** पंजाब पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस पंजाब ने गुरदासपुर में पिछले माह गीता भवन रोड के पास मिले हैंड ग्रेनेड मामले को सुलझाने का दावा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि तकनीकी इनपुट, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन आरोपियों की पहचान की गई, जिन्होंने दुकान के पास हैंड ग्रेनेड फेंका था। जांच के दौरान एक आरोपी के घर से एक और हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे एक हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहे थे।

# मुसलमान न कभी झुका है, न झुकेगा: मौलाना मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना मदनी ने डर और नफरत की राजनीतिश की निंदा की। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को धमकाया जा रहा है, संविधान का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने समान नागरिक संहिता, वंदे मातरम को अनिवार्य करने और मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की। मौलाना मदनी ने कहा कि इस्लाम एक आसमानी धर्म है, उसे मिटाने वाले स्वयं मिट गए, लेकिन इस्लाम जीवित रहा और कयामत तक जीवित रहेगा।

उन्होंने पूर्व सोवियत रूस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सालों तक कम्युनिज्म को बढ़ावा देकर इस्लाम को समाप्त करने की कोशिश की गई। मस्जिदों और मदरसों पर प्रतिबंध लगाए गए, यहां तक कि सालों तक मस्जिदों से अजान की आवाज तक नहीं आई, लेकिन अंतत: दुनिया ने देखा कि सोवियत रूस स्वयं टूट गया और उसके मलबे से कई मुस्लिम देश अस्तित्व में आए। उन्होंने कहा कि तमाम अत्याचारों और दमन के बावजूद इस्लाम और मुसलमान दोनों कायम रहे।



■ इस्लाम को मिटाने वाले खुद ही मिट गए: जमीयत उलेमा ए हिंद

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि नफरत की राजनीति की जगह अब धमकी और डर की राजनीति ने ले ली है, जिसका मकसद सिर्फ मुसलमानों को डराकर यह एहसास दिलाना है कि अब उन्हें इस देश में शर्तों के साथ जीवन बिताना होगा। उन्होंने कहा कि जो ऐसा नहीं करेगा उसकी जगह जेल में होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की नई राजनीति कानून और संविधान की सर्वोच्चता पर गंभीर सवाल है। मौलाना मदनी ने आगे कहा कि हाल ही में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें खास तैर पर पश्चिम बंगाल और असम में खुलेआम चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गईं, मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से धमकियां दी गईं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद भी धमकियों का यह सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि किसी नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का यह कहना कि मुसलमानों ने हमें वोट नहीं दिया, इसलिए हम उनका काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र दोनों का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है और लोकतंत्र हर नागरिक को अपनी पसंद का नेता चुनने का अधिकार देता है। ऐसे में यदि कोई नागरिक किसी दल या नेता को वोट नहीं देता, तो यह कोई अपराध नहीं है, लेकिन आज की राजनीति में इसे भी अपराध बना दिया गया है।

# फतेहपुर नदी में डूबे छह युवक, चार की मौत

**फतेहपुर, वार्ता**



■ प्रशासन ने लोगों से नदी और तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की

जनपद के ललौली थाना क्षेत्र में रिंद नदी में नहाने गए छह दोस्तों में से चार की डूबने से मौत हो गई। दो युवकों को स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और लोगों से नदी-तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और मृतकों युवकों की पहचान में जुट गई। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के तपनी गांव निवासी हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश, शान, निजाम और मोनू रविवार को नदी में नहाने पहुंचे थे। नहाते समय सभी युवक गहरे पानी की तरफ चले गए और डूबने लगे। युवकों को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निजाम और मोनू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश और शान को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। चार युवकों की एक साथ मौत की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने चारों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं प्रशासन ने लोगों से नदी और तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि मौके पर पुलिस बल जाच पड़ताल करने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को घटना के बारे में सूचना दे दी गई थी, परिजन मौके पर पहुंचे हैं।

# कश्मीर के लिए संवाद ही एकमात्र रास्ता: महबूबा

**श्रीनगर, वार्ता**



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को पाकिस्तान के साथ नए सिरे से बातचीत की पुरजोर वकालत की।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ जुड़ने की सराहना करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब इस क्षेत्र के जख्मों को भरा जाए और लोगों के बीच विश्वास बहाल किया जाए। श्रीमती मुफ्ती ने श्रीनगर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की हालिया टिप्पणी का स्वागत किया और इसे एक सकारात्मक घटनाक्रम करार दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करना बहुत अच्छी बात है। श्रीनगर को जोड़ने वाले रास्ते फिर से खुलने चाहिए और जम्मू-कश्मीर से सुलह-सफाई की प्रक्रिया फिर से शुरू होनी चाहिए। उन्होंने नियंत्रण रेखा के पार व्यापार और यात्रा को फिर से शुरू करने का आह्वान किया, जिसमें विशेष रूप से मुजफ्फराबाद, उरी और रावलकोट के व्यापारियों को शामिल करने की बात कही गई। उन्होंने विश्वास बहाली के उपाय के तौर पर ईद से पहले हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग की। सुश्री मुफ्ती ने नागरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की मौजूदगी कम करने और एनएचपीसी को सौंपे गए बिजली प्रोजेक्ट्स को वापस लौटाने की भी मांग की।

## राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान

# कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण का खेल बढ़ाया: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता की पहचान है।

उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान निर्मित हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया। देश मे संसदीय प्रणाली लागू हुई पर, अभी पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के जिन कारणों से देश का विभाजन हुआ था, उसे ही फिर से भारत की राजनीति का हिस्सा बनाना प्रारंभ कर दिया। अभी संविधान ठीक ढंग से लागू होना प्रारंभ ही नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण का खेल प्रारंभ किया। सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए शुचिंता और पारदर्शिता से आचरण और तदनुरूप कार्य करता है। कांग्रेस, सपा, राजद,टीएमसी, डीएमके या ऐसे ही भ्रष्टाचार में डूबे अन्य दलों के आचरण को सम्मान नहीं देता है, भाजपा कार्यकर्ता को समाज में सम्मान इसलिए मिलता है कि इस पार्टी कार्यकर्ता के आचरण में राष्ट्रवाद और भारतीयता का आचरण मिलता। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी की जिला इकाई की तरफ से आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रतिभागियों को 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से अनवरत आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया।



■ सहजनवा विस क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बोले सीएम योगी

### जन समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जन समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान श्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार की प्रतिबद्धता है। अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75237.99 | |
| निफ्टी | 23643.50 | |
| सोना | 159110 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 271740 | प्रति किलो |

# वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को नई दिशा

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिलहाल दोबारा शुरू होती नहीं दिख रही है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजार दबाव में हैं।

विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर समाधान नहीं निकलने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा है। निवेशकों के लिए यह एक बड़ा कारक है। अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों आईटीसी और एनटीपीसी के अलावा तेल एवं गैस सेक्टर की चार बड़ी कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, इंद्रप्रस्थ गैस और गेल के तिमाही और वार्षिक परिणाम आने वाले हैं। इन आंकड़ों से पता चलेगा कि पश्चिम एशिया संकट के पहले एक महीने में इन कंपनियों पर कितना प्रभाव पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 2,090.2 अंक लुढ़ककर 75,237.99 अंक पर आ गया। सोमवार और मंगलवार को बाजार में बड़ी गिरावट देखी गई जबकि बुधवार और गुरुवार को लिवाली का जोर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 532.65 अंक यानी 2.20 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 2.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 4.56 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बीते सप्ताह टाइटन का शेयर 7.64 प्रतिशत लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 6.92 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 6.21, इटरनल में 5.97, भारतीय स्टेट बैंक में 5.55, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 5.50, टीसीएस में 5.47 और इंफोसिस में 5.16 प्रतिशत की गिरावट रही।



### सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी में बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की इंपोर्ट ड्यूटी में कुछ बदलाव किए गए हैं। बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक रविवार को देश के खुदरा बाजार में 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 1 लाख 59 हजार110 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बनी हुई है। इसके अलावा शुद्ध चांदी यानी ट्रिपल नाइन फाइन सिल्वर की कीमत 2 लाख 70 हजार के पार होकर 2 लाख 71 हजार 740 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। जब आप अपने नजदीकी ज्वैलर के पास जाएंगे, तो इस बिल में मेकिंग चार्जेस, लोकल टैक्स और 3 फीसदी जीएसटी भी जोड़ा जाएगा, जिससे आपके शहर में फाइनल रेट थोड़ा अलग हो सकता है। मुंबई में आज 24 कैरेट सोने का भाव 1 लाख 59 हजार 820 रुपए प्रति दस ग्राम है। वहीं 22 कैरेट सोना 1 लाख 45 हजार 585 रुपए और चांदी 2 लाख 71 हजार 250 प्रति किलो बिक रही है।

# चावल में रही साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, तेलों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। वहीं, गेहूं और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 68 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे का भाव भी 34 रुपये घटकर 3,256 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सप्ताह के दौरान मूंग दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 22 रुपये और तुअर दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल पांच रुपये सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 115 रुपये और पाम ऑयल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल 50 रुपये और सूरजमुखी तेल 20 रुपये फिसल गया। वहीं, वनस्पति 35 रुपये और सोया तेल 29 रुपये महंगा हो गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल. दलहन: दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विंटल रहा।



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**20 हजार टन..**

तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने बुधवार को युद्ध क्षेत्र से गुजरते समय अपने 'ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम' (एआईएस) को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इस तकनीक की मदद से जहाज रडार की नजरों में आए बिना ईरान के लारक द्वीप के पूर्व में सुरक्षित पहुंचने में कामयाब रहा। इस पूरे ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के चार मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय के बीच दिन-रात चले बेहतरीन तालमेल की वजह से ही जहाज को किसी भी गोलाबारी से बचाकर सुरक्षित मार्ग दिया जा सका। मार्च की शुरुआत से अब तक इस रास्ते को पार कर भारत पहुंचने वाला यह 13वां जहाज है। इसके पीछे वियतनाम के ध्वज वाला एक और टैंकर एनवी सनशाइन भी आ रहा है, जो न्यू मैंगलोर बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

# नशा तस्करों के 33 अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में नशीले पदार्थों के तस्करों और भू-माफियाओं के खिलाफ प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 'नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बिरपुर के बलोल खड़ इलाके में लगभग 50 कनाल सरकारी जमीन पर बने 33 अवैध ढांचों (पक्के निर्माण, कुल्ले और मवेशी शेड) को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस का दावा है कि ध्वस्त की गई जमीन की कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। इनमें 8 कुख्यात नशीले पदार्थों के तस्करों के नार्को महल भी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि अतिक्रमण करने वालों से लगभग 50 कनाल जमीन वापस ली गई, जिसकी कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस का कहना है कि इन अवैध रूप से बनाए गए ढांचों का इस्तेमाल हेरोइन को जमा करने, छिपाने और उनकी सप्लाई करने के लिए किया जा रहा था। यह इलाका लगातार निगरानी में था और यहां सक्रिय कई नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ 35 से ज्यादा एफआईआर दर्ज थीं। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने मिलकर ये कार्रवाई की है।

### बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द होगी शुरू

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होगी। उन्होंने रविवार को वर्चुअल तरीके से बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री वैष्णव ने ट्रेन संख्या 16553/54 सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) बेंगलुरु लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के बाद इसे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेलवे सम्पर्क को मज़बूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तरी कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी की जा रही हैं। इस कधी में बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास पर ज़ोर दिया।

# त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ आग कैसे लगी और सुरक्षा में चूक कैसे हुई, इनका मांगा जवाब और की कार्रवाई की मांग

■ कांग्रेस ने इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताया

त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जा रही राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की घटना को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन पर सवाल उठाए हैं।

पार्टी ने इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए तत्काल जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की बेहद भयावह तस्वीरें सामने आई हैं, जिसने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। पार्टी ने दो प्रमुख सवाल पूछे आग कैसे लगी? और सुरक्षा में कहां चूक हुई? कांग्रेस ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। पार्टी ने मोदी सरकार और रेलवे प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। गौरतलब है कि रविवार तड़के त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के बी-1 कोच में आग लग गई। घटना मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में आलोट के पास लूणी रीछा और विक्रमगढ़ स्टेशन के बीच हुई। कोच में करीब 68 यात्री सवार थे। घटना के बाद दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ और करीब दो दर्जन ट्रेनें प्रभावित रहीं। हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

### ग्रेट निकोबार परियोजना पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुनर्विचार की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरणीय नुकसान तथा आदिवासी अधिकारों के उल्लंघन की आशंका है। पार्टी का कहना है कि वह लगातार इस संबंध में सरकार को अवगत करा रही है, लेकिन उसकी चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम को पत्र लिखने के बाद अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक व्यावसायिक परियोजना को सुरक्षा जरूरतों के आधार पर उचित ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि इसके पर्यावरणीय प्रभावों तथा आदिवासी हितों पर पड़ने वाले असर को लेकर लगातार आलोचना हो रही है।

# राज्य सरकार विकास के साथ-साथ पारदर्शी प्रशासन के लिए भी प्रतिबद्ध : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सितारगंज।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सितारगंज के शक्तिफार्म को सिडकुल क्षेत्र से जोड़ने के लिए सिसौना नदी पर लगभग 11 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 150 मीटर स्पान सीसी पुल का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण पुल के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 50 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा सिडकुल सितारगंज एवं विकासखंड कार्यालय सिसौना तक पहुंचने के लिए लगभग 9 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के साथ-साथ आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित कर रहा है। राज्य सरकार शहरों से लेकर सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ऊधमसिंह नगर जनपद एवं शक्तिफार्म-सितारगंज क्षेत्र के विकास हेतु अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्तिफार्म में पीपीपी मॉडल के माध्यम से मिल्क पाउडर, आइसक्रीम एवं चीज निर्माण से संबंधित आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जा रही है। इसके साथ ही प्रह्लाद पलसिया में लगभग 54 करोड़ रुपये की लागत से एक्वा पार्क का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसका लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएचसी को 30 बेड के सीएचसी में उच्चीकृत किया गया है। साथ ही सितारगंज-टनकपुर फोरलेन सड़क, आधुनिक ड्रेनेज प्रणाली, विभिन्न मोटर मार्गों और मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण कार्य भी प्रगति पर हैं।



■ सितारगंज के शक्तिफार्म को सिडकुल क्षेत्र से जोड़ने के लिए सिसौना नदी पर लगभग 11 करोड़, 41 लाख से बनने वाले स्पान सीसी पुल का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद ऊधमसिंह नगर में किच्छा में लगभग 351 करोड़ रुपये की लागत से 100 एकड़ भूमि पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पंतनगर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के हवाईअड्डे के निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गदरपुर एवं खटीमा बाईपास, खटीमा और किच्छा बस अड्डों, खेल स्टेडियमों, साइकिलिंग ट्रैक, एथलेटिक्स ट्रैक तथा औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र को नई पहचान दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को पुन: प्रारंभ कर तराई क्षेत्र की पेयजल एवं सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। किसानों के हित में गन्ने के समर्थन मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि भी की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जो भी विकास कार्य प्रारंभ करती है, उसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर जनता को समर्पित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और पारदर्शी प्रशासन के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले साढ़े चार वर्षों में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे कार्य ऐतिहासिक हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस का हल्ला बोल

**महंगाई की मार से जनता त्रस्त, पीएम अपने विदेश दौरे पर व्यस्त: गोगी**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने रविवार को भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदेश भर में जोरदार प्रदर्शन किये। देहरादून में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एश्लेहॉल चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन कर बढ़ती महंगाई के खिलाफ नाराजगी जताई।

महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार चुनाव खत्म होते ही आम जनता पर महंगाई का बोझ डालने का काम करती है। चुनाव के दौरान राहत देने का दिखावा किया जाता है, लेकिन बाद में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाकर जनता की जेब पर सीधा असर डाला जाता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम आदमी, मध्यम वर्ग, किसान, व्यापारी और युवा सभी प्रभावित हो रहे हैं। रसोई गैस से लेकर परिवहन तक हर क्षेत्र में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कांग्रेस पार्टी जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध जारी रहेगा। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर इस अन्यायपूर्ण निर्णय के खिलाफ लगातार संघर्ष करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री राजेंद्र भंडारी, पूर्व विधायक मनोज रावत, प्रदेश महासचिव गोदावरी थापली, प्रदेश उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित विभाग मदन लाल, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सुलेमान अंसारी, जिला अध्यक्ष पछवादून संजय किशोर, जगदीश धीमान, राजेश पुंढिर, सुनील जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, अनूप सक्सेना, वीरेंद्र पंवार, अमरेंद्र बिष्ट, ललित बद्री, राजीव प्रजा. पति, शुभम सैनी, दिनेश कौशल, अनिल बसनेत, पिया थापा, सत्या पोखरियाल, संजय उनियाल, अभिषेक तिवारी, लकी राणा, मनीष गर्ग, विजेंद्र चौहान, अशोक कुमार, मनीष गर्ग व नीतीश राजो. रिया आदि मौजूद थे।

# सिडकुल उद्योगों में श्रमिकों का हो रहा शोषण: डॉ. हरक

**महिला कर्मचारियों के साथ हो रहा भेदभाव, सरकार बनी मूकदर्शक न्यूनतम वेतन और श्रम कानूनों की उड़ रही धज्जियां**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने सिडकुल क्षेत्रों के उद्योगों में श्रमिकों के उत्पीड़न और श्रम कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि देहरादून के सेलाकुई, हरिद्वार और उधम सिंह नगर स्थित सिडकुल क्षेत्रों में उद्योग प्रबंधन लगातार श्रमिकों का शोषण कर रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

रविवार को राजपुर रोड स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि उद्योग प्रबंधन कर्मचारियों के मौलिक और श्रम अधिकारों की लगातार अनदेखी कर रहा है। श्रमिक कई बार अपनी मांगों को लेकर सरकार और उद्योग प्रबंधन से वार्ता कर चुके हैं, लेकिन हर बार उनकी उपेक्षा की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार समस्याओं का समाधान करने के बजाय पुलिस के बल पर मजदूरों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। बेगुनाह श्रमिकों पर लाठीचार्ज कराया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक है।

उन्होंने कहा कि उद्योगों में महिला श्रमिकों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। महिलाओं के लिए शौचालय तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और वेतन भुगतान में भी उनके साथ असमानता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को बिना कारण नौकरी से निकाला जा रहा है और मानसिक उत्पीड़न की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ठेका श्रमिकों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। कई उद्योगों में कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र और वेतन पर्ची तक नहीं दी जाती, जबकि उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर भी नहीं कराए जाते। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बोनस, महंगाई भत्ता और पेंशन जैसी सुविधाओं से भी श्रमिकों को वंचित रखा जा रहा है।

डॉ. रावत ने चेतावनी दी कि यदि उद्योगों में श्रमिकों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो कांग्रेस और उसका श्रमिक संगठन इंटक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा एवं इंटक के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार राजपूत उपस्थित रहे।

## प्रमुख कंडारी बने प्रमुख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष

**नई टिहरी।** टिहरी जिले के विकासखंड भिलंगना के ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी को प्रमुख संगठन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर राजीव कंडारी ने कहा कि संगठन की लंबित समस्याओं का निराकरण और क्षेत्र के विकास के लिए सरकार से सहयोग से मिलकर काम किया जाएगा। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. दर्शन दानू और महेंद्र सिंह राणा की रेखदेख में हुए चुनाव में टिहरी जिले के भिलंगना ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। बैठक में 61 प्रमुखों ने शिरकत की। जिसमें राजीव कंडारी को 36 और महिमानंद कन्याल को 25 वोट मिले। राजीव कंडारी 11 वोट से प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। कंडारी ने अध्यक्ष चुने जाने पर सभी प्रमुखों का आभार जताया। कहा कि संगठन की समस्याओं को लेकर मिलकर काम किया जाएगा। बताया कि मांगों के समाधान के लिए प्रमुख संगठन का एक प्रति. निधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री, पंचायती राज मंत्री एवं ग्राम्य विकास मंत्री से मुलाकात करेगा।

# सरकार श्रमिकों के हितों को लेकर गंभीर, गुमराह कर रही कांग्रेस: चौहान

**■ समीपवर्ती राज्यों से अधिक है उतराखंड में न्यूनतम वेतन, भाजपा का संवाद पर भरोसा, न्यूनतम वेतन वृद्धि और श्रम कानून के प्रति प्रतिबद्ध**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों की समस्याओं को लेकर गंभीर है और उनकी समस्याओं मे अधिकतर का निवारण हो चुका है। कांग्रेस श्रमिकों को लेकर भ्रामक जानकारी मुहैया करा रही है।



कांग्रेस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि अप्रैल माह मे इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए न्यूनतम वेतन घोषित हो चुका है। वहीं नोन इंजी. नियरिंग उधोगों के लिए महंगाई भत्ता, एरियर के निर्देश उद्योगों को दिये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नए श्रम कानूनों के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा नेशनल फ्लोर लेबल न्यूनतम वेतन घोषित किया जाना है। इस घोषणा के बाद राज्य सरकार द्वारा राज्य के लागू वेतन पर समीक्षा की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य मे समीपवर्ती राज्यों से अधिक न्यूनतम वेतन निर्धारित है। वहीं प्रधानमंत्री अथवा किसी अन्य सक्षम अधिकारी द्वारा भी 781 की कोई घोषणा नही की गयी है। केंद्र सरकार अपने अंतर्गत आने वाले उद्योगों का न्यूनतम वेतन निर्धारित कर सकती है राज्य के अधीन आने वाले उधोगों का नही। केंद्रीय उपक्रमों के लिए 781 प्रतिदिन राज्य के उद्योगों पर लागू नही होगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं को लेकर जानकारी या निदान के लिए श्रम कार्यालय हल्द्वानी मे कंट्रोल रूम बनाया गया है।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस की मजदूरों की चिंता केवल राजनी. तिक बयानबाजी तक ही सीमित दिखाई देती है। वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने श्रमिकों के हित में कोई ठोस और स्थायी व्यवस्था नहीं बनाई। आज जब प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार श्रमिकों के कल्याण, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, तब कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार समय-समय पर श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में वृद्धि कर रही है और श्रमिकों की सुरक्षा, महिला कर्मचारियों के सम्मान तथा श्रम कानूनों के पालन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए भी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि श्रमिक औद्योगिक विकास की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। लेकिन कांग्रेस को यह भी बताना चाहिए कि उनके शासनकाल में कितने उद्योग बंद हुए और कितने युवाओं को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा। भाजपा विकास और संवाद की राजनीति में विश्वास रखती है, जबकि कांग्रेस केवल आंदोलन और भ्रम की राजनीति कर रही है। कांग्रेस की उद्योग और श्रमिकों को लेकर कोई भी षड्यंत्र पूरा नही होगा यह जनता भली भाँति वाकिफ है।

# 23 मई से गूंजेगा 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का बिगुल

**■ मुख्यमंत्री धामी दिखाएंगे हरी झंडी, 300 से ज्यादा धावक दौड़ेंगे 10 किमी**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून 23 मई को साहस, रोमांच और ऊर्जा के ऐतिहा. सिक उत्सव का साक्षी बनने जा रही है। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन सप्ताह' का काउंटडाउन रन मुख्यमंत्री आवास से शुरू होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस ऐतिहासिक दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

दौड़ मुख्यमंत्री आवास से शुरू होकर घंटा घर होते हुए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद कार्यालय तक पहुंचेगी। करीब 10 किलोमीटर लंबी इस दौड़ में 300 से अधिक धावक हिस्सा लेंगे।

यह काउंटडाउन रन केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड को वैश्विक एडवेंचर स्पोर्ट्स मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। 31 मई को चमोली की नीति घाटी में होने वाली 75 किलोमीटर की अल्ट्रा मैराथन से पहले यह आयोजन पूरे प्रदेश में उत्साह और रोमांच का माहौल तैयार करेगा।

**मशाल प्रज्ज्वलन बनेगा आकर्षण का केन्द्र**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की और से विशेष फ्लेम्बो मशाल का प्रज्ज्वलन भी किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह मशाल हिमालय की ऊंचाइयों तक पहुंचने वाले साहस, संकल्प और जुनून का प्रतीक होगी। इसी अवसर पर नीति घाटी में होने वाली अल्ट्रा मैराथन के आधिकारिक शुभंकर (मैस्कॉट) का भी अनावरण किया जाएगा, जो उत्तराखंड की वीरता और हिमालयी संस्कृति को दर्शाएगा।

# वेद मंत्रों से गूंजा ओंकारेश्वर धाम, कपाट खुलने की पावन प्रक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** पंचकेदारों में द्वितीय केदार के रूप में विश्व विख्यात भगवान मदमहेश्वर धाम के कपाट खुलने की पावन प्रक्रिया शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विधिवत रूप से शुरू हो गई है।

बूढ़ा मदमहेश्वर की तलहटी में सुरम्य मखमली बुग्यालों के मध्य विराजमान भगवान मदमहेश्वर धाम के कपाटोद्घाटन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं वेद ऋचाओं के बीच भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव मूर्तियों को ओंकारेश्वर मंदिर के गर्भगृह से सभा मंडप में विराजमान कराया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने भगवान मदमहेश्वर को नए अनाज का भोग अर्पित कर विश्व शांति, समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। देश-विदेश से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्सव मूर्तियों के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया।



ब्रह्म बेला पर विद्वान आचार्यों एवं वेदपाठियों द्वारा पंचांग पूजन के तहत विभिन्न देवी-देवताओं का आवाहन किया गया। रावल भीमाशंकर लिंग के नेतृत्व में प्रधान पुजारी बागेश लिंग एवं शिव लिंग ने भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं आरती संपन्न कराई। चारधाम यात्रा के साथ ही ओंकारेश्वर मंदिर में भी प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस अवसर पर मंदिर समिति सदस्य प्रह्लाद पुष्वाण, डॉ. केदार लिंग, सभासद सरला रावत, वेदपाठी विश्व मोहन जमलोकी, नवीन मैठाणी, बबीता भट्ट, भंडारी मदन सिंह पंवार, बबलू जंगली, देवानंद गैरोला, दीपक नेगी, ओंकारेश्वर मंदिर प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी मंशाराम मलियाल का निधन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी एवं भूतपूर्व सैनिक संगठन के महासचिव मंशाराम मालियाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। 90 वर्षीय मंसाराम मलियाल का निधन हो गया। आंदोलनकारी मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सलाहकार केशव उनियाल और प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी के साथ रविन्द्र जुगरान ने शोक व्यक्त करते हुये कहा कि मंशाराम मलियाल के संघर्ष को नहीं भुलाया जा सकता हैं शोक व्यक्त करने वालों में राज्य आंदोलनकारियों में सलाहकार केशव उनियाल, दायित्वधारी अशोक वर्मा, महासचिव रामलाल खंडूड़ी, प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती, प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र भण्डारी, पृथ्वी सिंह नेगी, प्रदेश महामन्त्री रामलाल खंडूड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र भण्डारी, ओमी उनियाल, विजय बलूनी, अनुज नौटियाल, हरी सिंह मेहर, सुशील चमोली, मनोज नौटियाल, मोहन रावत, सुमित थापा, विनोद असवाल, सतेन्द्र नौगाँई, प्रभात डण्डरियाल, गणेश डंगवाल, वेदा कोठारी, राकेश नौटियाल, राजेश पान्थरी, मोहन थापा, पुष्पलता सिलमाणा, राधा तिवारी, द्वारिका बिष्ट, तारा पाण्डे, शकुन्तला रावत, अरुणा थपलियाल व कमला कंडारी आदि मौजूद रहे।




# पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी जरूरत : जोशी

**■ कैबिनेट मंत्री ने किया पर्यावरण संकल्प साइकिल रैली**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को स्व.हरबंस कपूर की स्मृति में केन्द्रीय विद्यालय ओ०एन०जी०सी० ग्राउंड, देहरादून में स्व० हरबंस कपूर मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित "पर्यावरण संकल्प साइकिल रैली" का फ्लैग ऑफ कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। साइकिल रैली केवी ओएनजीसी बैरियर, कोलागढ़ रोड से प्रारंभ होकर होटल सेफ्रन लीफ तक निकाली गई।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम के समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने साइकिल रैली के विजेताओं को मैडल पहनाकर सम्मानित किया तथा आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर,पार्षद नंदनी शर्मा, ओपी कुलश्रेष्ठ, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सरकार की लापरवाही से संकट में जैविक खेती : कांग्रेस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन का कार्य बंद हो चुका है और राज्य में हो रही जैविक खेती के उत्पादों का राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बिना ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन के बिकना मुश्किल ही नहीं असंभव हो जाएगा यह बात रविवार को एआईसीसी सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। धस्माना ने कहा कि ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन की आंतरिक प्रक्रिया इंटरनल कंट्रोल सिस्टम (आईसी एस) व उत्तराखंड सीड सर्टिफिकेशन एजेंसी (यूसोका) का कार्य पिछले छह महीनों से ठप्प हो गया है और इसका कारण है कि प्रदेश के कृषि मंत्रालय ने भारत सरकार को उत्तराखंड में चल रही जैविक खेती के लिए एन सी ओ एल के साथ चल रहे करार के लिए वर्ष 2025-26 के लिए बजटीय प्रस्ताव ही नहीं भेजा जिससे केंद्र से प्राप्त हुए वाली राशि जो 90 व 10 के अनुपात में केंद्र व राज्य के हिस्से आती है वो भेजी ही नहीं गई जिससे अब पूरी योजना ही खटाई में पड़ गई है और वे पहाड़ी उत्पाद जो ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन के बल पर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपना स्थान बना रहे हैं वे अब ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन ना होने की वजह से बिकने मुश्किल हो जायेंगे। धस्माना ने कहा कि जैविक खेती के कॉन्सेप्ट को वर्ष 2003 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली तिवारी सरकार ने जैविक बोर्ड बना कर पंख लगाए थे और वर्ष 2015-16 में कांग्रेस की ही हरीश रावत सरकार के जमाने में स्थानीय उत्पाद कोदा मंडवा झगोरा आदि ने बाजार में अपनी पहचान बनाई और देश दुनिया में इनकी मांग इतनी बड़ी कि इनकी खेती छोड़ चुके लोगों ने इनकी खेती शुरू की। धस्माना ने कहा कि वर्तमान सरकार लगता है प्रदेश में ऑर्गेनिक बोर्ड को ही खत्म करने पर आमदा है।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल: फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**■ कांग्रेसियों ने पेट्रोल-डीजल और गैस कीमतों पर जताया आक्रोश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी/पुरोला।** पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर जिला मुख्यालय उत्तरकाशी समेत बड़कोट, पुरोला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार को जिला मुख्यालय से लेकर बड़कोट और पुरोला तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की तथा सरकार का पुतला दहन कर बढ़ती महंगाई के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि देशभर में ईंधन और घरेलू गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ गई है, जिसका सीधा असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। खाद्य सामग्री, सब्जियां, निर्माण सामग्री और आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम परिवारों का मासिक बजट बिगड़ता जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर मध्यम वर्ग, किसानों, छोटे व्यापारियों और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां पूरी तरह विफल साबित हुई हैं और आम जनता राहत की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन सरकार लगातार टैक्स बढ़ाकर जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। कांग्रेस नेताओं ने विशेष रूप से उत्तरकाशी जनपद की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के चलते यहां होटल, ढाबा, ट्रांसपोर्ट और पर्यटन व्यवसाय बड़े स्तर पर संचालित होते हैं। व्यवसायिक गैस सिलेंडरों और ईंधन की कीमतों में वृद्धि से स्थानीय कारोबारियों की लागत बढ़ गई है, जिससे पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा सीजन में महंगाई बढ़ने से यात्रियों और स्थानीय व्यापारियों दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि जल्द ही पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में राहत नहीं दी गई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

उत्तरकाशी में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत, पूर्व प्रमुख डुंडा कनकपाल सिंह परमार, विपिन नौटियाल, विजेंद्र नौटियाल, श्रीमती कविता जोगेला, श्रीमती मधु रावत, सूर्यवल्लभ नौटियाल, सुधीश पंवार, सभासद मनीष पंवार, अनुराग रांगड़, उत्तम सिंह गुसाई सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं बड़कोट में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए महंगाई पर नियंत्रण की मांग उठाई। इस दौरान पवन पंवार, ऋषभ झोगटा, जगमोहन चौहान, पवन रावत, कपिल राणा, रोहन चौहान, नीरज रावत, बाबू राम शाह, शशि भूषण नौटियाल, सुनील राणा, गिरीश आसवन, चेतन रावत, राकेश नौटियाल, विपिन नौटियाल और शीशपाल ज्याडा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंगोत्री धाम में बही महिला, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

**■ गंगोत्री धाम में घाटों के निमार्ण करोड़ों खर्च फिर भी बदहाल**



**गंगोत्री धाम / उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के बीच रविवार को गंगोत्री धाम में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। महाराष्ट्र से दर्शन के लिए पहुंची एक महिला श्रद्धालु नहाते समय गंगा नदी की तेज धारा में बहकर घाट के पास बने एक टापू पर फंस गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने जान जोखिम में डालकर महिला का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। घटना के बाद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने एसडीआरएफ एवं उत्तराखंड पुलिस की सराहना की।

बता दें कि महाराष्ट्र के अकोला निवासी लगभग 40 वर्षीय श्रीमती वैशाली प्रकाश मंदिर के उत्तर दिशा में स्थित पहले-दूसरे घाट के पास अचानक संतुलन बिगड़ने से गंगा की धारा में बह गई। तेज बहाव के बीच महिला एक टापू पर फंस गई, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही गंगोत्री में तैनात एसडीआरएफ टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने बिना समय गंवाए रेस्क्यू अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू टीम में मुख्य आरक्षी वीरेंद्र पंवार, आरक्षी सहदेव राणा तथा पैरामेडिक्स अभिषेक व्यास शामिल रहे। गौरतलब है कि गंगोत्री धाम में हर वर्ष घाटों के निर्माण और मरम्मत पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन स्थिति यह है कि घाट दो महीने भी टिक नहीं पाते। बरसात और यात्रा सीजन शुरू होते ही घाटों की पोल खुलने लगती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घाट निर्माण कार्य कार्यदायी संस्थाओं, ठेकेदारों और नेताओं के लिए "कामधेनु गाय" बन चुका है, जबकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी जाती है।

चारधाम यात्रा के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु गंगोत्री धाम पहुंच रहे हैं। ऐसे में घाटों की बदहाली और सुरक्षा इंतजामों की कमी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# क्षय रोग की रोकथाम के लिए निकाली रैली

**कोटद्वार ।** डैफोडिल पब्लिक स्कूल देवरामपुर कोटद्वार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवियों ने टीबी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर से लेकर मोटाढांक चौराहा तक जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान आमजन को इसके लक्षण और उपचार के बारे में बताया गया। इस मौके पर स्वयं सेवियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक शेखर उपाध्याय और मेघा चंदोला ने हरी झंडा दिखा कर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शंकर बहादुर ने कहा कि टीबी एक संक्रमण बीमारी है जो यह एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य को फैलती है। कहा कि सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए मुफ्त जांच और दवा की सुविधा उपलब्ध है, जिससे समय पर इलाज संभव हो पाता है। इसके साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों को इलाज के दौरान प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि वे उचित पोषण लेकर जल्द स्वस्थ हो सकें। उन्होंने भीड़ वाली जगह में जाने से बचने, मास्क पहनने, पौष्टिक आहार लेने और खुले में ना थूकने की अपील की। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने मोटाढांक चौराहे में टीबी जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। उन्होंने नाटक के माध्यम से टीबी को लेकर जो भ्रांतियां और डर था उसे दूर करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक में भूमिका निभाने वाले स्वयं सेवकों में कार्तिकेय कंडवाल, अमित स्वरूप, शिवांशी रावत, दीपांशु, अभिज्ञान, यश भट्ट अमन नेगी, अंशुमान, नैतिक, प्रतिभा, प्रियांशी, आदित्य कुमार शामिल थे। इस मौके पर मेघा चंदोला, जीतेन्द्र राणा, गोपाल रावत, दीपिका रावत, भास्कर नेगी आदि शिक्षक मौजूद थे।

# केदारनाथ पहुंचे आईजी राजीव स्वरूप, यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**■ श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन, बेहतर भीड़ प्रबंधन और पुलिस जवानों के कल्याण पर दिए विशेष निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र उत्तराखण्ड राजीव स्वरूप ने रविवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर, आस्था पथ, लाइन व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की एंट्री-एग्जिट व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी गढ़वाल ने ड्यूटीरत पुलिस जवानों से संवाद कर उनकी कार्य चुनौतियों और व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु वर्षों की मनोकामना लेकर धाम पहुंचते हैं, इसलिए उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए पुलिस को सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने पिछले 26 दिनों में पुलिस द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सहायता, भीड़ नियंत्रण और यात्रा संचालन में और अधिक संवेदनशीलता व जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। साथ ही पुलिस उपाधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें तथा अधीनस्थ पुलिस बल का मनोबल बढ़ाएं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को प्रतिदिन "पुलिस पर्सनल ऑफ दि डे" सम्मान दिया जा रहा है। अब तक 41 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जा चुका है। आईजी गढ़वाल ने पुलिस जवानों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को भी प्राथमिकता देते हुए एसपी रुद्रप्रयाग को निर्देश दिए कि पुलिस बल की ड्यूटी रोटेशन के आधार पर बदली जाए तथा जवानों को उच्च कैलोरी युक्त भोजन और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे उच्च मनोबल के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक संजय उप्रेती, पुलिस उपाधीक्षक उमेश मलिक, निरीक्षक यात्रा मुकेश चौहान, चौकी प्रभारी केदारनाथ कुलदीप पंत सहित पुलिस, पीएसी, फायर, एलआईयू, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पैरामिलिट्री फोर्स, होमगार्ड्स एवं पीआरडी के जवान उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### तीर्थयात्रियों से भरी बोलेरो पलटी, सात घायल

**श्रीनगर।** बद्रीनाथ-केदारनाथ यात्रा पर जा रही तीर्थयात्रियों से भरी एक बोलेरो वाहन शनिवार को श्रीकोट स्थित गैस एजेंसी के समीप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में वाहन चालक सहित सात लोग घायल हो गए, सभी यात्री मध्यप्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार यात्री बद्रीनाथ-केदारनाथ यात्रा पर जा रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 11:30 बजे श्रीकोट के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली श्रीनगर पुलिस राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सुरक्षित वाहन से बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से बेस अस्पताल श्रीनगर पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। कोतवाली प्रभारी श्रीनगर कुलदीप सिंह ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं जनपद पुलिस ने वाहन चालकों से पर्वतीय मार्गों पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

### पार्षदों की उपेक्षा पर लगे आरोप

**कोटद्वार।** नगर निगम के एक कार्यक्रम में पार्षदों को अपेक्षित सम्मान न मिलने को लेकर असंतोष सामने आया है। पार्षदों ने कार्यक्रम की व्यवस्था एवं कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम नगर निगम का होने के बावजूद जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सीमित कर दिया गया। पार्षदों का कहना है कि उन्हें मंच पर केवल शोपीस बनाकर बैठा दिया गया, जबकि कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत एवं माल्यार्पण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी शामिल नहीं किया गया। इतना ही नहीं, कई पार्षदों को मंच पर आमंत्रित तक नहीं किया गया, जबकि मंच संचालन भी पार्षद द्वारा ही किया जाना था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान पार्षदों को मूलभूत सम्मान तक नहीं दिया गया और उनकी उपेक्षा की गई। इस पूरे घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पार्षदों ने भविष्य में नगर निगम के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु पार्षदों की एक समिति गठित करने की मांग की है, ताकि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। पार्षदों ने कहा कि नगर निगम बोर्ड में सभी प्रस्ताव पार्षदों की सहमति से पारित होते हैं और बोर्ड के प्रथम जनप्रतिनिधि पार्षद ही होते हैं। ऐसे में उनकी गरिमा एवं सहभागिता का सम्मान किया जाना आवश्यक है

### एनआईटी उत्तराखण्ड में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखण्ड में कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एंड देयर एप्लीकेशन-2026 विषय पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर नवीन शोध और तकनीकी नवाचारों पर विचार साझा किए। सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। आयोजकों के अनुसार कुल 1287 शोध-पत्र प्राप्त हुए, जिनका लगभग 590 विशेषज्ञ समीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किया गया। समीक्षा प्रक्रिया के बाद 241 शोध-पत्रों का पंजीकरण किया गया। इनमें से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने संस्थान में ऑफलाइन माध्यम से अपने शोध प्रस्तुत किए। इस मौके पर आयोजन अध्यक्ष डॉ. प्रकाश द्विवेदी, आयोजन सचिव डॉ. पंकज कुमार पाल, डॉ. सौरव बोस, डॉ. तुषार गोयल, डॉ. मारूति सहित आदि मौजूद थे।

### गंगा दर्शन के पास वाहन टक्कराया, पांच घायल

**श्रीनगर।** श्रीनगर-कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर एक वाहन गंगा दर्शन के पास खडे ट्रक पर टक्करा गया। वाहन में सवार पांच लोग घायल हो गये। जिनका उपचार संयुक्त चिकित्सालय और बेस चिकित्सालय श्रीकोट में चल रहा है। डंडानागराजा मंदिर से दर्शन कर अपने घर भणधार गुलाबराय रूद्रप्रयाग जा रहें थे। इसी दौरान टैंपो ट्रेवलर गंगादर्शन के पास सड़क चौडीकरण में लगे एक ट्रक से जा टकराया। जिसमें सवार 16 लोगों में से वाहन चालक और पांच यात्री जख्मी हो गये। मौके पर मौजूद गौ सेवा समिति के अनुज जोशी और पार्षद संदीप रावत की तत्परता से घायलों को बेस चिकित्सालय और संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वाहन चालक को बेस चिकित्सालय रेफर किया गया। बेस चिकित्सालय के इंमरजेंसी इंचार्ज डा. मोहित सैनी ने बताया कि सभी घायलों की स्थिति सामान्य है।

# बिना लक्षण शरीर को नुकसान पहुंचाता है हाई बीपी-डॉ ज्ञानेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** आज की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) एक ऐसी बीमारी बन चुकी है, जो बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे शरीर को अंदर से नुकसान पहुंचाती रहती है। यही कारण है कि चिकित्सक इसे साइलेंट किलर कहते हैं। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2026 के अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित जीवनशैली अपनाने और समय रहते उपचार लेने की अपील की है। श्रीनगर स्थित बेस अस्पताल के मेडिसिन विभाग में प्रतिदिन 120 से 160 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, जिनमें लगभग 30 से 50 मरीज उच्च रक्तचाप से पीड़ित होते हैं। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में युवाओं और मध्यम आयु वर्ग में भी हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। यहां मरीजों को संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन, योग, नींद और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी काउंसलिंग दी जाती है। चिकित्सकों का कहना है कि यदि लोग शुरुआती अवस्था में ही अपनी दिनचर्या सुधार लें, तो कई मामलों में गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। बेस अस्पताल के मेडिसिन विभाग में एमडी फिजिशियन डॉ. लीना फिरमाल, डॉ. फ्लोरेंस वनहावी, डॉ. ज्ञानेश कुमार, डॉ. रंजीत यादव और डॉ. नम्रता सहित पीजी डॉक्टर विनोद तिवारी, डॉ. गीतांशु कपूर, डॉ. नीलम, डॉ. विकास वर्मा, डॉ. शिवम चौधरी और डॉ. तात्सुम मिश्रा लगातार मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं में जुटे हैं। यह टीम ओपीडी, मेडिसिन वार्ड, आईसीयू और कार्डियो ओपीडी में मरीजों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है।

**इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें**

डाक्टर के मुताबिक लगातार सिरदर्द, चक्कर आना, धुंधला दिखाई देना, घबराहट और बेचौनी, अत्यधिक थकान, सांस फूलना, सीने में दर्द, नाक से खून आना, यदि अचानक बोलने में परेशानी, शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी, तेज सीने में दर्द या अचानक दृष्टि कम होने जैसी स्थिति हो, तो यह हार्ट अटैक या स्ट्रोक का संकेत हो सकता है और तत्काल अस्पताल पहुंचना जरूरी है।

**युवाओं में तेजी से बढ़ रहा खतरा**

डाक्टर के अनुसार बदलती जीवनशैली उच्च रक्तचाप के मामलों को बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बन रही है। देर रात तक जागना, फास्ट फूड, अत्यधिक नमक, तनाव, मोबाइल और कंप्यूटर पर घंटों बैठना तथा शारीरिक गतिविधियों की कमी युवाओं को तेजी से इस बीमारी की ओर धकेल रही है।

# नगर निगम व प्रशासन ने मांस की दुकानों में की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहर में संचालित मांस व मछली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई दुकानों में नियमों का उल्लंघन सामने आया। अधिकांश स्थानों पर मांस खुले में काटा और लटकाया जा रहा था, जबकि कई दुकानों में साफ-सफाई की स्थिति भी खराब मिली। नगर आयुक्त पीएल शाह और उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में टीम ने आमपड़ाव, देवी रोड समेत विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने और निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। आमपड़ाव क्षेत्र में कुछ दुकानों में काले शीशे नहीं लगाए गए थे और मांस खुले में रखा गया था। इस पर नगर निगम ने संबंधित दुकानदारों के चालान काटे और दस दिनों के भीतर व्यवस्थाएं सुधारने की चेतावनी दी। वहीं देवी रोड में प्रशासनिक टीम के पहुंचते ही खुले में मछली बेच रहे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई विक्रेता दुकानें बंद कर मौके से हट गए। टीम ने क्षेत्र की अन्य दुकानों का भी निरीक्षण किया और गंदगी पाए जाने पर चालान की कार्रवाई की। अधिकारियों ने कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आगे और सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# शिक्षकों ने लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शुरु करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** अनुसूचित जाति, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन की तरफ से 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आनलाइन जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें शिक्षकों ने लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया सहित अन्य मांगों का निस्तारण न होने पर आक्रोश जताया। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने कहा कि आनलाइन जनसंवाद कार्यक्रम में प्रदेश के जनपदों व ब्लाकों से जुड़े शिक्षकों ने लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू करवाए जाने, इरशाद आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने, आरक्षण, रोस्टर, छात्रवृत्ति, स्थानांतरण, वेतन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कहा कि एसोसिएशन पुरानी पेंशन बहाली, पारदर्शी स्थानातंरण व्यवस्था, आशासकीय विद्यालयों में समय पर वेतन, गोल्डन कार्ड में ओपीडी की सुविधा, अन्य राज्य से विवाह कर उत्तराखंड में निवास कर रही अनुसूचित जाति जनजाति की महिलाओं को नियमानुसार आरक्षण का लाभ दिए जाने के लिए संघर्षरत है। कहा कि मांगों पर नियमानुसार कार्यवाही न होने पर एसोसिएशन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# श्रीनगर में बढ़ती महगांई पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**■ सरकार की नीतियों के खिलाफ जताया रोष, पीएम का पुतला फूंका**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को श्रीनगर स्थित गोला बाजार में देश में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और नीट लीक प्रकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया।

मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निशांत कंडारी ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर तीखे प्रहार किए। कहा कि बढ़ती महंगाई, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, दूध और सोने के आसमान छूते दामों ने आम जनता और गरीब वर्ग की कमर तोड़ कर रख दी है। कहा कि लगातार बढती महगांई के चलते जनता गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है। कहा कि हाल ही में सामने आए नीट परीक्षा घोटाले और कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए सरकार को पूरी तरह जनविरोधी करार दिया। कहा कि देश और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए अब सत्ता में परिवर्तन बेहद आवश्यक हो गया है। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता से आगामी चुनावों में इस सरकार के विरोध में मतदान करने की अपील की। मौके पर पीसीसी सदस्य वीरेंद्र सिंह नेगी, कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष संजय फौजी, राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र रावत, शिवलाल स्नेही, जमील अंसारी, रघुवीर सिंह ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# भ्रष्टाचार की पोल खोलता नाटक सुदामा के चावल

**■ राइंका किलकिलेश्वर के छात्रों की प्रस्तुतियों को सरहाया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केन्द्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल रंग यात्रा का दूसरे दिन हरिशंकर परसाई का हास्य व्यंग्यात्मक नाटक सुदामा के चांवल का मंचन किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज किलकिलेश्वर के छात्रों द्वारा सुदामा के चांवल की शानदार नाट्किय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़कोट उत्तरकाशी के प्राचार्य शिक्षाविद् डॉ. आरएस असवाल, किलकिलेश्वर के प्राचार्य नैन सिंह चौहान, कवियित्री राधा मैंदोली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। बाल रंग यात्रा का शुभारंभ करते हुए शिक्षाविद् डॉ. आरएस असवाल ने कहा कि यह केन्द्र इस तरह के आउटरीच पाठ्यक्रम और कार्यक्रम के माध्यम से जिस तरह समुदाय से सीधा संवाद और तादात्म्य स्थापित कर रहा है वह बहुत महत्वपूर्ण है।

सुदामा के चावल नाट्य प्रस्तुति में बाल कलाकारों ने राजनीति, भ्रष्टाचार, गुंडई और मीडिया को आज के सन्दर्भ में प्रस्तुत करते हुए अपने चुटीले अंदाज से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। नाटक नाम के अनुरूप सुदामा और कृष्ण की कहानी से जहां आज की वर्तमान स्थितियों में आ जाता है वह तो बड़ा ही लाजवाब रहा।

केन्द्र के निदेशक गणेश खुगशाल गणी ने कहा कि लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केन्द्र मे अध्ययनरत रंगमंच की कक्षा के छात्रों का यह व्यावहारिक प्रशिक्षण बच्चों के इस हुनर की पहचान कर थिएटर का एक बड़ा प्रदान करता है। नाटक में नैतिक, शुभम, विक्रम, अनुराग, गौरव, सुमन, मोहित, सौरभ, प्रियांशु, अनुग्रह, अरनव, मयंक, पंकज, सूरज, सुमन, शुभम ने अभिनय किया।

## यात्रा में बडी संख्या में पहुंच रहे यात्री

**नई टिहरी:** चारधाम यात्रा के गति पकडने के साथ ही प्रसिद्व तीर्थ स्थल बूढाकेदार में भी काफी संख्या में यात्रियों के पहुंचने से रौनक देखने को मिल रही है। यात्री बूढाकेदार धाम के दर्शन करने के बाद यहां से गंगोत्री, केदारनाथ के लिए रवाना हो रहे हैं। बूढाकेदार धाम जिले का प्रसिद्व तीर्थ स्थल है। यहां पर वर्ष भर याध्त्री बूढाकेदार नाथ के दर्शन करने को आते है। यात्रा सीजन में इस धाम में बडी संख्या में यात्री पहुंचते हैं। चारधाम यात्रा के साथ ही यात्री बूढाकेदार धाम के दर्शन भी करते हैं। पिछले कुछ दिनों का काफी संख्या में यात्री बूढाकेदार धाम पहुंच रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र नेगी, मंदिर के पुजारी अमर नाथ ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान काफी संख्या में यात्री बूढाकेदार धाम भी पहुंचते हैं।

# मध्य हिमालय के लिए रवाना हुई भगवान रुद्रनाथ की देव डोली

**■ आज खुलेंगे कपाट चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** चमोली जनपद में स्थित पंच केदारों में चतुर्थ केदार भगवान श्री रुद्रनाथ जी की चल विग्रह डोली आज अपने शीतकालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर, गोपेश्वर से मध्य हिमालय स्थित रुद्रनाथ मंदिर के लिए विधिवत रवाना हो गई। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत गोपीनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना आयोजित की गई। मंदिर के मुख्य पुजारी श्री हरीश भट्ट ने बताया कि रुद्रनाथ मंदिर के कपाट सोमवार 18 मई को मध्याह्न में परंपरानुसार एवं वैदिक विधि-विधान के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। कपाट खुलने के बाद श्रद्धालु भगवान रुद्रनाथ के एकानन स्वरूप के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर सकेंगे।

इस अवसर पर चमोली के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम, राज्य मंत्री हरक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, महामंत्री अरुण मैठाणी, विनोद कनवासी, मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज भट्ट, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जोशी ने किया देहरादून में सप्लाई-किमाड़ी मोटर मार्ग के चौड़ीकरण का शिलान्यास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज गजियावाला में विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत देहरादून-किमाड़ी-लम्बीधार-कार्ट मैकेन्जी-कम्पनी गार्डन मोटर मार्ग के किमी-1 से 24 तक (सप्लाई कैन्ट से लम्बीधार-बासागाड -मसूरी) सिंगल लेन मार्ग को इण्टरमीडिएट लेन में परिवर्तित किए जाने हेतु अतिरिक्त पहाड़ कटान, क्रॉस ड्रेन एवं सुरक्षा दीवारों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस परियोजना की कुल लागत रुपये 1455.01 लाख है।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मसूरी क्षेत्र के लिए यह सड़क अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके चौड़ीकरण से स्थानीय निवासियों, पर्यटकों तथा क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क के सुधारीकरण और चौड़ीकरण से यातायात सुगम होने के साथ-साथ क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक गति. विधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगभग 12 करोड़ की लागत से गजियावाला में नए पुल के निर्माण कार्य का शीघ्र ही किया जायेगा।

**■ सड़क के सुधारीकरण और चौड़ीकरण से यातायात सुगम होने के साथ-साथ क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा: जोशी**

उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में सड़क संपर्क को मजबूत करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए "मेरा भारत, मेरा योगदान" अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को सप्ताह में एक दिन "नो व्हीकल डे" अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सप्ताह में एक दिन निजी वाहनों का उपयोग न कर साइकिल या पैदल चलने को प्राथमिकता दें, जिससे ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सके।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री किरण, लक्ष्मण सिंह रावत, ग्राम प्रधान सुनील क्षेत्री, ग्राम प्रधान विक्रम थापली, ग्राम प्रधान विनोद अवस्थी, ग्राम प्रधान आरती, जगद. ीश रेगमी, सीमा पुंडीर, ज्योति कोटिया, लीला शर्मा, वंदना बिष्ट, जितेंद्र राणा, कर्नल सतीश शर्मा (सेनि), युवा मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, अनुराग सिंह, लोक निर्माण विभाग के ईई राजेश कुमार सहित सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## वीकेंड पर 'नाइट स्ट्राइक' से मचा हड़कंप, 47 शराबी चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ करने और वीकेंड पर हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए देहरादून पुलिस ने शनिवार रात एक बड़ा अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून के निर्देशों पर पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत श्नाईट स्ट्राइकश करते हुए संदिग्ध ठिकानों और सार्वजनिक स्थलों पर औचक छापेमारी की। पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों ने देर रात तक सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़कों, सार्वजनिक स्थानों और वाहनों में बैठकर शराब पीने वाले 73 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जहां उन्हें भविष्य के लिए सख्त हिदायत देते हुए सभी के पुलिस एक्ट में चालान किए गए। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 47 चालकों को गिरफ्तार किया। साथ ही ड्रंक एंड ड्राइव, रैश ड्राइविंग व यातायात नियमों के उल्लंघन पर 67 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। पुलिस अब इन सभी शराबी चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के लिए संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेज रही है।नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने कुल 92 वाहनों के एमवी एक्ट में चालान करते हुए 47,500 रुपये का जुर्माना वसूला। इसके अलावा 62 वाहनों के माननीय न्यायालय के चालान किए गए। वहीं, नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 83 व्यक्तियों के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 26,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## जोशी ने किया गढ़ी डाकरा क्षेत्र में सड़क मार्ग का मौका मुआयना



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ गढ़ी डाकरा क्षेत्र में प्रस्तावित फोर लेन सड़क का स्थलीय निरीक्षण एवं मौका मुआयना किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रस्तावित फोर लेन सड़क निर्माण कार्य के दौरान पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कम से कम पेड़ों का कटान हो। उन्होंने कहा कि जिन छोटे पेड़ों को हटाना आवश्यक हो, उन्हें अन्य उपयुक्त स्थानों पर ट्रांसप्लांट किया जाए, ताकि हरित क्षेत्र सुरक्षित रह सके। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को गढ़ी कैंट शहीद स्मारक, डाकरा शहीद स्मारक चौक एवं शिव धाम को प्रस्तावित चौराहे के डिजाइन में शामिल करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए सड़क निर्माण कार्य किया जाना चाहिए, जिससे बाजार की सुंदरता और धार्मिक महत्व भी बना रहे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण और बेहतर यातायात व्यवस्था से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति प्राप्त होगी। निरीक्षण के दौरान विष्णु प्रसाद गुप्ता, लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, मेघा भट्ट, मनोज छेत्री सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# डेंगू के खिलाफ प्रशासन का महाअभियान 24 घंटे एक्टिव रहेगा दून का कंट्रोल रूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मानसून से पहले ही देहरादून जिला प्रशासन डेंगू और जल जनित बीमारियों को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में स्वास्थ्य और संबंधित विभागों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर डेंगू पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि डेंगू रोकथाम के काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी अस्पतालों में डेंगू के इलाज के लिए रैपिड टेस्ट, डेंगू एलिसा टेस्ट किट, आवश्यक दवाइयां, बेड और डॉक्टरों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बजट भी दिया जाएगा। इसके साथ ही डेंगू जांच के लिए प्राइवेट लैब की दरें भी निर्धारित की जाएंगी ताकि आम जनता को परेशानी न हो।

डेंगू नियंत्रण के लिए ग्राउंड पर काम करने वाली आशा कार्यकत्रियों का मनोबल बढ़ाते हुए जिलाधिकारी ने बड़े वित्तीय प्रोत्साहन की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि एनएचएम की ओर से ₹1000 और नगर निगम की ओर से ₹1500 दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन अपनी तरफ से भी ₹1500 का अतिरिक्त इंसेंटिव देगा। देहरादून और ऋषिकेश में आशा कार्यकत्रियों को वार्डवार जिम्मेदारी देकर डोर-टू-डोर सर्वे कराया जाएगा।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बंजारावाला, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, क्लेमेंटाउन, राजस्थानी बस्ती और कार्गी क्षेत्र डेंगू के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं। आंकड़ों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में जिले में डेंगू के 1201 मामले आए थे, जिनमें 13 लोगों की मौत हुई थी। वर्ष 2024 में केवल 37 मामले दर्ज किए गए, जबकि वर्ष 2025 में 785 मामले सामने आए थे (किसी की मृत्यु नहीं हुई)। इस वर्ष 2026 में अब तक डेंगू के पांच मामले सामने आए हैं, जिनमें तीन मरीज बाहरी राज्यों से संबंधित हैं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निधि रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल सहित नगर निगम और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### लापरवाही पर भारी चालान; नदी-नालों की होगी सफाई

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी परिसरों और सार्वजनिक स्थानों के लिए प्रशासन ने सख्त चेतावनी जारी की है। अगर कहीं भी जलजमाव या मच्छरों का लार्वा पाया गया, तो भारी चालान काटा जाएगा। इसके अलावा नगर निगम को रिस्पना और बिंदाल नदी तटों सहित शहर के सभी छोटे-बड़े नालों और ड्रेनेज की सफाई तुरंत पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि सभी स्कूलों के लिए डेंगू एडवाइजरी जारी की जाए और बच्चों के लिए फुल बाजू की ड्रेस अनिवार्य की जाए। साथ ही, नगर निगम के कूड़ा वाहनों के जरिए शहर भर में डेंगू जागरूकता के ऑडियो मैसेज बजाए जाएंगे। प्रत्येक वार्ड में नियमित फॉगिंग और लार्विसाइड का छिड़काव सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है।

## अवैध पातन पर ताबड़तोड़ छापेमारी 300 नग लकड़ी बरामद

**केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग की बड़ी कार्रवाई से वन माफियाओं में हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग की टीम ने मदमहेश्वर घाटी में अवैध वृक्ष कटान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वन माफियाओं पर जोरदार शिकंजा कसा है। रेंज ऊखीमठ/गुप्तकाशी के वन क्षेत्राधिकारी विमल कुमार भट्ट के नेतृत्व में गठित 14 सदस्यीय वन विभाग की विशेष टीम ने सीमांत क्षेत्रों के विभिन्न तोकों में देर रात छापेमारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध रूप से काटी गई वन सम्पदा बरामद की। वन विभाग की इस कार्रवाई में चीड़ सहित अन्य प्रजातियों की लगभग 300 नग कड़ी एवं तख्ते अलग-अलग साइज में बरामद किए गए हैं। बरामद लकड़ी को विभाग ने कब्जे में लेकर मुख्यालय एवं वन चौकी तक पहुंचाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। अचानक हुई इस बड़ी छापेमारी से अवैध पातन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। वन क्षेत्राधिकारी विमल कुमार भट्ट ने बताया कि मदमहेश्वर घाटी के कई क्षेत्रों से लंबे समय से अवैध वृक्षों के पातन की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभाग ने रणनीति बनाकर सीमांत गांवों और जंगलों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि जंगलों की हरियाली और वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वन अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वन विभाग की टीम के पहुंचते ही अवैध कटान में संलिप्त लोग मौके से फरार हो गए। विभाग अब फरार आरोपियों की पहचान और तलाश में जुट गया है। बताया जा रहा है कि वन विभाग जल्द ही इस मामले में कई लोगों पर बड़ी कार्रवाई कर सकता है। केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई साफ संकेत दे रही है कि अब जंगलों की अवैध कटाई करने वालों के खिलाफ विभाग पूरी तरह सख्त हो चुका है। हिमालयी क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही अवैध कटान की घटनाओं के बीच वन विभाग का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# 30 मई तक सत्यापन न कराया तो रुक जाएगी पेंशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के अनुपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन योजनाओं के वार्षिक भौतिक सत्यापन हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम देहरादून के वार्ड संख्या 96, नवादा बद्रीपुर में पेंशन सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में पेंशन लाभार्थियों ने पहुंचकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराया। शि. विर के दौरान कुल 164 लाभार्थियों का मौके पर ही भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें सबसे अधिक 120 वृद्धावस्था पेंशनर्स शामिल रहे। इसके अलावा 32 विधवा पेंशन और 12 दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों के अभिलेखों की जांच कर विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराई गईं।

### 30 मई तक प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य



जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिड़ियाल ने बताया कि जनपद देहरादून में समाज कल्याण एवं महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जा रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि पेंशन सत्यापन की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित की गई है। जो लाभार्थी इस समय सीमा के भीतर अपना सत्यापन नहीं कराएंगे, उनकी पेंशन आगामी महीनों में प्रभावित या रुक सकती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए क्षेत्रवार जिम्मेदारियां तय की गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पेंशन सत्यापन का कार्य संबंधित ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। वहीं, शहरी क्षेत्रों के लाभार्थी क्षेत्रीय राजस्व विभाग के कार्मिकों के माध्यम से इस प्रक्रिया को संपादित करा सकते हैं।इस शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिड़ियाल के साथ क्षेत्रीय पार्षद वीरेंद्र वालिया, राजस्व विभाग एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी पेंशनर्स से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपनी सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर लें।

## डीएम ने चौपडियाली गांव में किया क्राफ्ट कटिंग का निरीक्षण

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने विकासखंड चंबा की ग्राम पंचायत चौपडियाली के राजस्व ग्राम पंचायत पहुंचकर कटाई क्राफ्ट कटिंग का निरीक्षण किया। राजस्व विभाग की ओर से चयनित काश्तकार वृजमोहन बहुगुणा के खेत में क्राफ्ट कटिंग का कार्य संपादित किया गया। प्रयोग के दौरान गेहूं की फसल काटकर उसका वजन किया गया जिसमें 11 किलो ग्राम गेंहू की बालियों का उत्पादन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि किसी खेत में वास्तविक पैदावार का आंकलन करने के लिए खेतके एक निश्चित हिस्से की फसल काटकर उसका वजन किया जाता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से जनपद एवं प्रदेश स्तर पर फसल उत्पादन के सही आंकडे तैयार किए जाते है। जो कृषि योजनाओं एवं नीतियों के निर्धारत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से खेती की जुताई के लिए पावर टिलर उपलब्ध कराने तथा खेतों के चारों ओर फेसिंग, तारबाड लगाने की मांग की।

# सेलाकुई और सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में धारा-163 लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ते श्रमिक असंतोष और हिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर सेलाकुई और सिडकुल औद्योगिक क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू कर दी गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) कृष्ण कुमार मिश्रा द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

प्रशासन को मिली खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, सेलाकुई स्थित कुछ प्रमुख कंपनियों लाइटेनियम टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, डिक्सन टेक्नोलॉजी और ग्लोबल मेडिकोज में श्रमिक वेतन वृद्धि की मांग को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान कुछ जगहों पर पथराव की घटनाएं भी हुईं, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है।

### उल्लंघन किया, तो होगी कड़ी कार्रवाई

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश अगले निर्देश तक प्रभावी रहेगा और संबंधित थाना प्रभारियों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।इस बीच जिलाधिकारी सविन बंसल ने आम जनता, श्रमिक संगठनों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है।

इसके अलावा कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक सूचनाएं फैलाकर श्रमिकों को उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति को भांपते हुए स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) को अलर्ट कर दिया गया है और पूरे औद्योगिक क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

धारा 163 लागू होने के बाद अब इन क्षेत्रों में लाठी, डंडा, तलवार, हथियार या कोई भी घातक वस्तु लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही ईंट, पत्थर या हिंसा में इस्तेमाल होने वाली किसी भी सामग्री को इकट्ठा करने पर भी रोक लगा दी गई है। बिना पूर्व अनुमति के नारेबाजी, लाउडस्पीकर का उपयोग, सार्वजनिक सभा या जुलूस आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के एक साथ जुटने और बसों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों या अन्य वाहनों के समूह में जुलूस निकालने पर भी पाबंदी रहेगी।

## छात्रों को साइबर अपराधों व यातायात नियमों की दी जानकारी

**नई टिहरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर जनपद पुलिस की ओर से आमजन एवं छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों, यातायात नियमों एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने को लेकर लगातार जागरूक अभियान चलाए जा रहे हैं। अभियान के तहत थाना कीर्तिनगर पुलिस की ओर से आदर्श राजकीय इंटर कालेज किलकिलेश्वर चौरास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ रहे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए ऑनलाइन फ्राड, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया अपराध की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्रों को इस ओर जागरूक किया। छात्रों को बताया गया कि किसी अज्ञान व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी गोप. नीय जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस हैल्पलाइन या नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें।

# राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण को लेकर जिला प्रशासन ने मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य आंदोलनका. रियों के चिन्हीकरण की लंबित प्रक्रिया को गति देने के लिए जिला प्रशासन ने एक बेहद सकारात्मक और बड़ी पहल की है। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट के ऋषिपर्णा सभागार में राज्य आंदोलनकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई इस बैठक में डीएम ने एक-एक आंदोलनकारी की समस्याओं और सुझावों को बारी-बारी से सुना और उनकी शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी उप जिलाधिकारियों (ैक्डे) को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अपनी-अपनी तहसीलों में लंबित समस्त चिन्हीकरण प्रकरणों और सूचियों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए 07 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि राज्य आंदोलनका. रियों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी विभाग ने तय समय-सीमा के भीतर रिपोर्ट नहीं दी, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पारदर्शिता के लिए समिति के सदस्य होंगे शामिल

चिन्हीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और सहभागी बनाने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इसमें संबंधित क्षेत्रीय आंदोलनकारी समिति के सदस्यों को भी शामिल किया जाए। इससे वास्तविक आंदोलनकारियों के मामलों का सही और निष्पक्ष परीक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को भी निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर लंबित मामलों से संबंधित आख्या एवं अभिलेख 07 दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद, पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी सहित वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी सरोज डिमरी, उर्मिला शर्मा, निर्मला बिष्ट, पुष्पलता सिल. माना, जयप्रकाश उत्तराखंडी, योगेश भट्ट, ओपी उनियाल, देवी गोदियाल, डीएस गुंसाई और विवेकानंद खंडूड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता : धामी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं तथा देश और प्रदेश का भविष्य उनकी प्रतिभा, मेहनत और संकल्प पर निर्भर करता है।

रविवार को मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है, जो युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने इस वर्ष उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से बेटियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।





**■ कहा -किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं विद्यार्थी, मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में मेधावी छात्र सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य को आकार देने में गुरुजनों एवं माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं और विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता के मूल्य भी प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार, नवाचार, डिजिटल लर्निंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति में शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।इस अवसर पर अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

### गुणवत्तापरक शिक्षा पर राज्य सरकार का विशेष ध्यान : डॉ. रावत

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परिक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 28 प्रतिशत विद्यार्थी हैं, जबकि 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12 प्रतिशत विद्यार्थी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राज्य में विद्यार्थियों को वैदिक गणित, रामायण, महाभारत, राज्य की संस्कृति और अध्यात्म का ज्ञान भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य ने स्कूली शिक्षा रैंकिंग में शीर्ष 10 राज्यों में स्थान प्राप्त किया है।

# सीवरेज कार्य के बाद सड़कों की मरम्मत में तेजी डीएम ने दिन-रात काम करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार शहर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों के कारण आम जनता, व्यापारियों और यात्रियों को हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य दिन-रात कर शीघ्र पूरा किया जाए।





जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में केएफडब्ल्यू वित्त पोषित हरिद्वार जलोत्सारण योजना के अंतर्गत सड़क पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाई गई है। निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम की परियोजना प्रबंधक मिनाक्षी मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि पैकेज-1 और पैकेज-2 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सड़क मरम्मत और पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य लगातार जारी है।

उन्होंने बताया कि पैकेज-1 के तहत भारत माता पुरम क्षेत्र में 19 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं पैकेज-2 के अंतर्गत अजितेश विहार में 40 मीटर पेवर ब्लॉक कार्य, गणपति धाम फेस-3 में 16 मीटर, गणपति धाम फेस-2 में 25 मीटर, त्रिलोक नगर में 52 मीटर तथा द्वारिका विहार में 9 मीटर सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया है। इस प्रकार एक ही दिन में कुल 142 मीटर सड़क पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण किया गया।

अधिकारियों के अनुसार शहर के जिन क्षेत्रों में सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़कें खोदी गई थीं, वहां तेजी से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। कई स्थानों पर रात के समय भी मजदूर और मशीनें कार्य कर रही हैं ताकि चारधाम यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। प्रशासन का दावा है कि सभी प्रमुख मार्गों को जल्द ही पूरी तरह सुचारु कर दिया जाएगा।

# साढ़े नौ लाख की स्मैक संग तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद की गई स्मैक की बाजार में कीमत साढ़े नौ लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जनपद में एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत मिली है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान सिंह अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में लगातार चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान चौक बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक देवेन्द्र पाल, कांस्टेबल कपिल गोला और कांस्टेबल दिनेश कुमार की टीम ने नहर पटरी रानीपुर झाल के पास से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा।




तलाशी लेने पर युवक के पास से 32.02 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल फोन और 320 रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शालिम (पुत्र मुर्सलीन) निवासी ग्राम बहादरपुर खादर, कोतवाली लक्सर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। अब पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि आरोपी यह स्मैक कहां से लेकर आया था और इसे कहां सप्लाई करना था।

## संक्षिप्त खबर

### महानिदेशक सूचना से पत्रकारों की मान्यता बहाल करने की मांग



**हरिद्वार।** प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी एवं महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल ने देहरादून में महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी से मुलाकात कर हरिद्वार जनपद में निरस्त की गयी पत्रकारों की मान्यता बहाल किए जाने की मांग की और ज्ञापन दिया। प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं महामंत्री ने महानिदेशक से विनम्रता पूर्वक विचार कर मान्यता बहाल किए जाने का अनुरोध किया। अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि सकारात्मक और सार्थक वार्ता के दौरान महानिदेशक ने निरस्त मान्यताओं की पुनः गंभीरता से जांच करा कर मान्यता बहाल करने का ठोस आश्वासन दिया है।

### गंगा में नहाते समय तेज बहाव में युवक बहकर लापता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में जटवाड़ा पुल के पास गंगा में नहाते समय एक युवक तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और जल पुलिस की टीम ने देर रात तक सर्च अभियान चलाया, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। रविवार को भी तलाश जारी रही। पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम करीब 6:59 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि जटवाड़ा पुल के पास एक युवक गंगा में बह गया है। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर रवाना किया गया और जल पुलिस को भी अलर्ट किया गया। बताया गया कि पौड़ी गढ़वाल निवासी 25 वर्षीय विजेंद्र पोखरियाल हरिद्वार आया हुआ था। वह अपनी मंगेतर के साथ जटवाड़ा पुल के निकट गंगा घाट पर बैठा था। इसी दौरान वह गंगा में नहाने उतर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक तैरते हुए कुछ दूर आगे निकल गया और अचानक तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया। देखते ही देखते वह पानी में लापता हो गया। घटना के बाद मंगेतर और आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि युवक की तलाश लगातार जारी है।

### गौशाला से गाय चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार।** पुलिस ने आश्रम की गौशाला से गाय चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो कार, एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। रविवार देर रात जयराम मोड़ पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चमगादड़ टापू की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही एक सफेद स्कॉर्पियो पर पुलिस की नजर पड़ी। वाहन पर आगे और पीछे कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस टीम ने रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। इस पर बैरियर लगाकर वाहन को घेराबंदी कर रोक लिया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम परवेज उर्फ अल्लाहदिया निवासी मोहल्ला कस्साबान, ज्वालापुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस और 5100 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी इमरान उर्फ लंबू निवासी रामपुर रुड़की के साथ मिलकर 13 मई की रात सप्तसरोवर आश्रम के पास स्थित गौशाला से गाय चोरी की थी। चोरी की गई गाय को स्कॉर्पियो में ले जाकर रास्ते में एक व्यक्ति को बेच दिया गया था। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी पशु चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# कुंभ मेला एसएसपी ने घुड़सवार पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कुंभ मेला एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बैरागी कैंप स्थित घुड़सवार पुलिस लाईन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा एसआई विक्रम सिंह से कुंभ मेला अवधि में अन्य राज्यों से आने वाले घुड़सवार पुलिस के जवान और अश्वों की आवश्यकता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसएसपी आयुष अग्रवाल ने घुड़सवार पुलिस लाइन में जवानों की बैरक के लिए प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने बैरागी कैंप क्षेत्र में कुंभ मेले के दौरान स्थापित होने वाले अस्थाई थानों तथा सशस्त्र बलों के अस्थाई कैंप की भूमि का भी भ्रमण किया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसआई विक्रम सिंह, एडिशनल एसआई मनेंद्र कुमार मौजूद रहे।



# सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** बहादराबाद स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती के अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों, समाजसेवियों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ पानपदेव आश्रम के महंत ओमदास महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे वातावरण गौरव एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया।




इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्ररक्षा के महान प्रतीक थे। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष कर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। वक्ताओं ने युवाओं से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं और समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतिमा स्थल पर भव्य आतिशबाजी की गई तथा "भारत माता की जय" और "सम्राट पृथ्वीराज चौहान अमर रहें" के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पानपदेव आश्रम के महंत ओमदास ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास एवं महापुरुषों के संघर्षों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, संस्कृति और सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाज और राष्ट्रहित से जुड़े ऐसे आयोजन निरंतर करने की बात कही। इस अवसर पर युवा नेता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय मोहित चौहान, नीरज प्रधान, अखिल चौहान, सौरभ चौहान, अर्चित चौहान, विकास चौहान, विपुल चौहान, अंशुल चौहान, विपुल राणा, विभांशु चौहान, अंकित चौहान, लक्ष्य चौहान, मंगल चौहान, शशांक चौहान, राघवेन्द्र प्रताप, गोपी चौहान, दीपांशु चौहान, सुबोध प्रताप, अभिनव, अर्पित, आयुष सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं युवा उपस्थित रहे।

## लघुशंका को रूके युवक की बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र में सड़क किनारे लघुशंका करने के लिए रुके युवक की मोटरसाइकिल चोरी का हो गई। जानकारी के अनुसार गढ़मीरपुर निवासी नीरज पुत्र संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात मई की रात उसके पिता संजय सलेमपुर ठेकेदार क्षेत्र में किसी व्यक्ति से अपने बकाया रुपये लेने गए थे। वापस लौटते समय बाइक से घर आ रहे थे। इसी दौरान सुमननगर पुलिस चौकी से कुछ आगे गुर्जर बस्ती के पास उन्होंने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और लघुशंका के लिए चले गए। इसी बीच पीछे से आए दो अज्ञात युवक मौका पाकर उनकी बाइक लेकर फरार हो गए। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इंस्पेक्टर मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# महंत भवानी नंदन गिरी का कार्यकाल एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ विशेष आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चंडी देवी मंदिर के महंत भवानी नंदन गिरी के पट्टाभिषेक का एक वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर में विशेष पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और संत समाज ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए मां चंडी देवी से सेवा कार्यों के निरंतर आगे बढ़ने की कामना की। महंत भवानी नंदन गिरी ने बताया कि अपने कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने मां की धर्म ध्वजा स्थापना के साथ की थी। इसके बाद मंदिर परिसर की स्वच्छता, व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए गए। मंदिर प्रशासन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इंटरनल ऑडिटर की नियुक्ति की गई तथा प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाकर परिसर को व्यवस्थित किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार कर नई मूर्तियों की स्थापना भी कराई गई। श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भंडारे की व्यवस्था शुरू होने से दूर-दराज से आने वाले भक्तों को काफी सुविधा मिल रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि पिछले एक वर्ष में मंदिर परिसर की व्यवस्था और दिव्यता में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं।



## मामूली विवाद पर दो पक्षों के बीच मारपीट, लाठी-डंडे चले

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र के ग्राम सराय की एक कॉलोनी में गाड़ी की साईड लगने से दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से लाठी-डंडे निकल आए। मारपीट की इस घटना से पूरी कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सोशल मीडिया पर मारपीट की वीडियों वायरल हो गई। जानकारी के अनुसार चौक बाजार चौकी प्रभारी देवेन्द्र पाल ने बताया कि दो पक्षों के बीच गाड़ी की साईड लगने को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसने बाद में बड़े झगड़े का रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। और दोनों पक्षों की तहरीर आने पर आगे की कारवाही की जायेगी।

# लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का दंश झेल रही एक लाख से अधिक की आबादी

**बहादरपुर से पथरी रोह पुल तक का मार्ग 6 साल से क्षतिग्रस्त**

विकास सैनी

**बहादराबाद।** विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले गाँव बहादरपुर सैनी से लेकर पथरी रोह पुल आवागमनर्ग क्षतिग्रस्त है आलम यह है कि किसानों और मार्ग पर लगभग 8 गांव का आवागमन हर समय रहता है। बरसात के मौसम में लोगो को इस मार्ग से निकलने में बहुत कठिनायों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग ने इस मार्ग की मरम्मत हेतु 6 साल पहले तोड़ा गया था परंतु आज तक विभाग द्वारा इस मार्ग को न तो बनवाया गया न इसकी मररमत कराई गई जिससे किसानों एवं अन्य ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के समय मे यह मार्ग ऐसा हो जाता है कि एक बार बारिश होने के बाद लगभग 10 दिन तक आवाजाही ठप हो जाती है जिसके लिए ग्रामीणों को बहादराबाद होकर गुजरना पड़ता है जो उन्हें दो गुना किलोमीटर पड़ता है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द ही इस मार्ग को बनवाने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही इस मार्ग के निर्माण नही किया जाता है तो विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

हमारे यहां की सड़क बहुत खराब है कोई पूछने वाला नही है जल्दी ही समस्या का समाधान होना चाहिए। - **शोभित सैनी, ग्रामीण**

यह सड़क लगभग 6 साल पहले तोड़ी गई थी परंतु विभाग ने आज तक इस सड़क को ठीक नहीं कराया ग्रामीणों की मांग है सड़क जल्दी ठीक कराई जाए। - **विनीत सैनी, ग्रामीण**

# कॉलोनाइजर व भूमि स्वामी के विवाद में फंसे प्लॉट खरीदारों ने लगाई न्याय की गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** लक्सर रोड स्थित रिद्धि पुरम कॉलोनी में प्लॉट खरीदने वाले लोगों ने कॉलोनाइजर और भूमि स्वामी के बीच चल रहे विवाद से परेशान होकर सरकार और जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है।

शैलेश शर्मा, मनोज चौधरी, तरुण शर्मा, जसवीर सिंह, मनोज कुमार, मोहनलाल, मोहित कुमार, शिव प्रकाश और पुनीत शर्मा सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्होंने कॉलोनी में आवासीय प्लॉट खरीदकर उनकी रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज भी करा ली थी। बाद में भूमि स्वामी श्याम सुंदर चंदवानी और कॉलोनाइजर मनीष राठी के बीच पैसों और रास्ते को लेकर विवाद शुरू हो गया, जिसका खामियाजा अब प्लॉट खरीदारों को भुगतना पड़ रहा है। पीड़ितों का आरोप है कि रास्ते के लिए बनाई गई बाउंड्री वॉल को भी भूमि स्वामी द्वारा तुड़वा दिया गया, जिससे वे अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन से कई बार गुहार लगाने के बावजूद कोई मदद नहीं मिल रही है और अधिकारी उनकी रजिस्ट्री को भी फर्जी बता रहे हैं। पीड़ितों ने बताया कि जमीन की पैमाइश के लिए दिए गए अनुरोध पत्र को भी अधिकारी लेने को तैयार नहीं हैं। पूरे मामले की जानकारी जिलाधिकारी को भी दी गई है। शैलेश शर्मा और मनोज चौधरी ने निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग करते हुए कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से भी गुहार लगाई जाएगी तथा जरूरत पड़ने पर परिवार सहित धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# शिव विवाह आत्मा का परमात्मा से मिलन : सुतिक्ष्ण मुनि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जस्साराम रोड स्थित श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम के 55वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि भगवान शिव वैराग्य के देवता होते हुए भी गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर संसार को यह संदेश देते हैं कि गृहस्थ आश्रम में रहकर भी योग और वैराग्य का पालन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिव और पार्वती का विवाह आत्मा का परमात्मा से मिलन है। कथाव्यास पंडित लक्ष्मी नारायण शास्त्री ने शिव विवाह और शिव बारात के प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि शिव महापुराण जीवन को धर्मसम्मत, सुखमय और मोक्ष की ओर ले जाने वाले सदाचार, योग, ज्ञान और भक्ति का मार्ग दिखाता है। इनका पालन करने वाला व्यक्ति शिव कृपा का भागी बनता है। मुख्य यजमान कान्ता दुग्गल, नितिन दुग्गल, तरुण दुग्गल और चीतेश दुग्गल ने संतों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी ज्योतिर्मयानंद, महंत सूरज दास, महंत बिहारी शरण, साध्वी नारायण गिरी और भावना महेंद्र सेठी सखेड़ी सहित अनेक संत-महंत उपस्थित रहे।



# 20 को देशव्यापी बंद का आह्वान, ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ उतरे केमिस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर देशभर के केमिस्ट 20 मई को देशव्यापी बंद करेंगे। रविवार को हरिद्वार प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में उत्तरांचल औषधि व्यवसायी महासंघ के महामंत्री अमित गर्ग ने कहा कि ऑनलाइन फार्मेसी की अनियंत्रित कार्यप्रणाली और शोषणकारी मूल्य निर्धारण नीति से लाखों दवा विक्रेताओं का कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि दवा कंपनियां ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को अधिक मार्जिन पर दवाएं उपलब्ध करा रही हैं, जबकि स्थानीय केमिस्टों को सीमित मार्जिन मिल रहा है। इससे छोटे और मध्यम दवा विक्रेताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही ऑनलाइन कंपनियों द्वारा बेची जा रही कुछ दवाओं की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में है, जो जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती है। अमित गर्ग ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना पर्याप्त सत्यापन के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं, जिससे एक ही प्रिस्क्रिप्शन का कई बार उपयोग हो रहा है और एंटीबायोटिक्स व नशीली दवाओं के दुरुपयोग का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े कॉरपोरेट संस्थान भारी छूट देकर बाजार का संतुलन बिगाड़ रहे हैं, जिससे ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों के छोटे केमिस्टों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। उन्होंने मांग की कि कोविड-19 काल में जारी की गई अस्थायी ई-फार्मेसी अधिसूचना को तत्काल निरस्त किया जाए तथा ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लागू किया जाए। साथ ही सभी दवा विक्रेताओं के लिए समान अवसर नीति बनाई जाए। अमित गर्ग ने कहा कि पूर्व में प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। यदि 20 मई तक सरकार मांगों पर कार्रवाई नहीं करती है तो केमिस्ट संघ अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगा। पत्रकार वार्ता में अनिल अरोड़ा, अजय गर्ग, अतुल गर्ग सहित कई दवा व्यवसायी मौजूद रहे।



## इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने के बाद सर्राफा बाजार में गिरावट




शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** केंद्र सरकार द्वारा इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाए जाने के बाद सोने की कीमतें बढ़ने से ज्वेलर्स कारोबार में गिरावट देखी जा रही है। ज्वालापुर, कनखल और दूसरे इलाकों के सर्राफा बाजार में भी इसका असर साफ देखा जा रहा है। लोग बहुत सीमित संख्या में ज्वेलरी खरीदने के लिए सुनारों की दुकानों पर पहुंच रहे हैं। ऐसे में एक तरफ सर्राफा कारोबारियों में भी निराशा बनी हुई है। वहीं जिन लोगों को शादियों के लिए ज्वेलरी और गोल्ड खरीदना है। उनके बीच भी असमंजस बना हुआ है। ज्वेलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल के मुताबिक प्रधानमंत्री की सोना ना खरीदने की अपील के बाद कारोबार मंद पड़ा है। ऐसे में सिर्फ ज्वेलरी कारोबार ही नहीं बल्कि इससे जुड़े तमाम कारीगर और कर्मचारियों के परिवार के सामने आर्थिक संकट आ सकता है। ग्राहक शिखा शर्मा ने बताया कि सोना पहले ही महंगा है। ऐसे में खरीददारी भी सोच समझकर करनी पड़ रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिवालिक नगर चौक पर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री संजय पालीवाल और रानीपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजबीर सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से कहा कि हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार ने रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी कर दी, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार आम जनता की आवाज उठाने का काम कर रही है और बढ़ती महंगाई के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। ज्वालापुर नगर अध्यक्ष यशवंत सैनी, रानीपुर प्रभारी रविश भटीजा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई का असर गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी और मध्यम वर्गीय परिवारों पर सबसे अधिक पड़ रहा है। महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष विमला पांडेय, प्रदेश सचिव पूनम भगत, पूर्व जिला अध्यक्ष तेलूराम प्रधान और धर्मपाल ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से महिलाओं पर सबसे अधिक असर पड़ा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी, एससी विभाग के जिलाध्यक्ष तीरथ पाल रवि ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण हर वस्तु महंगी होती जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग की और कहा कि जनता को राहत देने के लिए ईंधन की कीमतों में कमी की जानी चाहिए। इस दौरान मनोज सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा चल रही है, लेकिन गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबों और श्रद्धालुओं के पैकेज समूहों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया और जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन को और तेज करेगी। विरोध प्रदर्शन में बीएस तेजियान, पी.एल. कपिल, अंबिका पांडे, सत्यपाल शास्त्री, राजेंद्र श्रीवास्तव, शहनवाज एडवोकेट, दिग्विजय यादव, वेदपाल तेजियान, सतीश दुबे, पवन कुमार चौहान, अमित नौटियाल, मनोज जाटव, कैलाश प्रधान, सौरभ सैनी युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, दाताराम चौहान, विपिन कश्यप, सुनील चौहान, दिनेश पुंडीर, अजय मुखिया, वीरेंद्र तेश्वर, अक्षय नागपाल, नितेश कुमार, जोगिंदर कश्यप, सुमित राठी, रमेश पाल, मोहित सिंह बंटी, नूर आलम, हर्षण वालियान, भूप सिंह, परवेश कुमार, राजीव कुमार, योगिंदर राणा, रघुवीर सिंह, मुकेश पाल, उमेश पाल धनगर, हेमराज सैनी, यू.एन. सिंह, देवेंद्र कुमार, अंकित चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिव विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व मेयर किरण जैसल ने वार्ड 21 लाल मंदिर स्थित शिव विहार कॉलोनी में मुख्य सड़क के पुनर्निर्माण एवं विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान वार्ड पार्षद पिंकी चौधरी भी मौजूद रहीं। सड़क निर्माण शुरू होने पर शिव विहार विकास समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मदन कौशिक ने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। सरकार जनसुविधाओं से जुड़े विकास कार्य तेजी से करा रही है और हरिद्वार के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मेयर किरण जैसल ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों में सड़क, सफाई और पथ प्रकाश जैसी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। पार्षद पिंकी चौधरी ने मंत्री और मेयर का आभार जताते हुए कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। शिव विहार विकास समिति के संरक्षक डॉ. केपीएस चौहान ने कहा कि पिंकी चौधरी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने नगर क्षेत्र में मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के लिए मेयर किरण जैसल की सराहना भी की। इस दौरान दिनेश गोयल, सत्येंद्र चौधरी, हरीश, सतीश चौहान, डॉ. एसपी चमोली, सतपाल सिंह दीवान सहित कई लोग मौजूद रहे।



# बंदी की कगार पर प्राथमिक विद्यालय परकण्डी

**■ शिक्षको की गैर मौजूदगी में बच्चों की पढ़ाई ठप, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश,**



**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखंड ऊखीमठ अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय परकण्डी इन दिनों गंभीर शैक्षिक संकट का सामना कर रहा है। विद्यालय में तैनात दोनों शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण पठन-पाठन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और विद्यालय लगभग बंदी की स्थिति में पहुंच गया है। एक शिक्षक जहां जनगणना ड्यूटी में तैनात हैं, वहीं दूसरी अध्यापिका सुरभि गैरोला का अटैचमेंट विकासखंड अगस्त्यमुनि किए जाने से बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय में पहले से ही केवल दो शिक्षकों के भरोसे शिक्षण कार्य संचालित हो रहा था। ऐसे में दोनों शिक्षकों की गैरमौजूदगी ने अभिभावकों की चिंता और नारा. जगी को बढ़ा दिया है। छोटे-छोटे बच्चे रोज विद्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें पढ़ाने वाला कोई शिक्षक मौजूद नहीं मिल रहा। इससे स्थानीय लोगों में शिक्षा विभाग के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है।

आक्रोशित अभिभावकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका आरोप है कि दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालय पहले ही संसाधनों और शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं, ऊपर से शिक्षकों के अटैचमेंट और अन्य सरकारी ड्यूटियों ने बच्चों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। एक अभिभावक ने नाराजगी जताते हुए कहा, "बच्चे रोज स्कूल जाते हैं, लेकिन वहां शिक्षक नहीं मिलते। आखिर हम अपने बच्चों को कैसे पढ़ाएं? क्या सरकार ग्रामीण बच्चों की पढ़ाई बंद करवाना चाहती है?"

मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि जिन विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं, वहां से अटैचमेंट किए जाने चाहिए, न कि ऐसे दूरस्थ प्राथमिक विद्यालयों से जहां केवल एक-दो शिक्षक ही कार्यरत हों। उन्होंने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर शिक्षण व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने चेता. वनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने मांग की है कि अध्यापिका सुरभि गैरोला को तत्काल मूल विद्यालय परकण्डी में वापस भेजा जाए, जनगणना ड्यूटी पर गए शिक्षक के स्थान पर वैकल्पिक शिक्षक की तैनाती की जाए तथा विद्यालय में स्थायी रूप से पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

सूत्रों के अनुसार शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मामले की जानकारी होने की पुष्टि करते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि जमीन पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। यह मामला एक बार फिर उत्तराखंड के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षकों की भारी कमी, अव्यवस्थित अटैचमेंट नीति और बदहाल प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

# विधायक ने चायबागान मुख्य मार्ग में कारगिल शहीद सुरेन्द्र सिंह नेगी द्वार का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के चायबागान मुख्य मार्ग पर सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कारगिल युद्ध के अमर शहीद सुरेन्द्र सिंह नेगी की स्मृति में निर्मित "शहीद सुरेन्द्र सिंह नेगी द्वार 19 गढ़वाल राइफल" का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक पुण्डीर समेत क्षेत्रवासियों, पूर्व सैनिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस एवं राष्ट्रसेवा को नमन किया गया।

इस दौरान विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि कारगिल के वीर शहीदों का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता, वहीं शहीद सुरेन्द्र सिंह नेगी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर पूरे क्षेत्र एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि शहीदों की स्मृति को जीवंत बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है तथा आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा मिलती रहे, इसी उद्देश्य से इस शहीद द्वार का निर्माण कराया गया है।



कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद के नाम पर निर्मित यह द्वार क्षेत्र के लिए गौरव एवं प्रेरणा का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर पार्षद अनिल नौटियाल, बद्री केदार गढ़वाल महासभा देहरादून के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नेगी, उपाध्यक्ष विनीता गौड़, सचिव राजेश्वरी रावत, कोषाध्यक्ष रंजना नेगी, एमडीडीए के अधिकारीगण, पूर्व सैनिक, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# प्रकृति बचाओ, वृक्ष लगाओ ही सबसे बड़ी पूजा : नौटियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** भटवाड़ी विकासखंड के पाला गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास प्रभात नौटियाल ने श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। स्व. अतर सिंह रावत (अध्यापक) एवं पितरों की स्मृति में आयोजित कथा में उन्होंने गोवर्धन पूजा प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति और पर्वतों की पूजा का संदेश देकर मानव को प्रकृति से प्रेम करना सिखाया था।

उन्होंने कहा कि आज बेमौसम बारिश, अत्यधिक गर्मी और बदलता मौसम प्रकृति से बढ़ती दूरी का परिणाम है। यदि लोग पेड़ों को कटने से बचाएं और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तो पर्यावरण का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने का माध्यम भी है। "पेड़ काटना बंद कर वृक्ष लगाना आज की सबसे बड़ी पूजा है" ख्र इस संदेश ने कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न प्रसंगों और भजनों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मूलपाठ पर मंत्रोच्चारण व्यास राघवानन्द नौटियाल एवं मंडपाचार्य घनानंद नौटियाल द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ आहुतियां संपन्न करवाई गईं।

इस अवसर पर राज्य मंत्री रामसुंदर नौटियाल, विक्रम सिंह रावत, विजयपाल मखलोगा, विजय प्रकाश भट्ट सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# काली माता मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**■ भक्ति और परंपरा से सराबोर रहा पूरा क्षेत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर में जेठ माह के प्रथम रविवार को आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र के प्राचीन काली माता मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर माता के जयकारों, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों से दिनभर भक्तिमय बने रहे।

जौनसार बावर में जेठ माह को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस माह के प्रत्येक रविवार को काली माता मंदिरों में विशेष पूजा, चांदी के छत्र अर्पण और धार्मिक आयोजनों की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इसी परंपरा के तहत चकराता



तहसील के इन्द्रौली और जाड़ी गांव स्थित काली माता मंदिरों में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर माता के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। इन्द्रौली गांव स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में प्रातः शुभ मुहूर्त में पंडित विद्यादत्त जोशी ने विधि-विधान के साथ यज्ञ, हवन और विशेष पूजा संपन्न कराई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। दूर-दराज गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में माथा टेककर क्षेत्र में सुख, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की। पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में पंडित संजय जोशी, वजीर टीकम सिंह, ठाणी अरविंद, भंडारी जगत सिंह, अतर सिंह, मुन्ना सिंह, प्रीतम सिंह, नरेश रावत, बलदेव सिंह और कुंवर सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग दिया। वहीं जाड़ी गांव स्थित काली माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान प्रीतम सिंह ने भी जाड़ी गांव पहुंचकर काली माता के दर्शन किए और क्षेत्र की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे में उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के चलते त्यूणी-चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाड़ी गांव के पास कुछ समय के लिए जाम की स्थिति भी बनी रही। इस अवसर पर सदर सियाण शमशेर चौहान, ज्येष्ठ प्रमुख चकराता फतेह सिंह, महिंद्र सिंह, सुल्तान सिंह चौहान, नरेंद्र चौहान और रघुवीर चौहान, दिनेश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**एक नजर .......**

## शक्ति नहर में डूबते दो मासूम बच्चों को बचाने वाले सम्मानित



**विकासनगर।** 2 दिन पूर्व शक्ति नहर में डूबते हुए दो मासूम बच्चों को बचाने वाले दो युवकों शोएब निवासी जीवनगढ़ में मुकर्रम निवासी नवाबगढ़ को पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात ने पूर्व प्रधान सोहेल पाशा के आवास पर सम्मानित किया। नव प्रभात ने कहा की हमारे क्षेत्र के इन युवाओं ने मिसाल कायम की है, इन्होंने अपनी जान पर खेल कर दो डूबते हुए मासूम बच्चों को बचाने का कार्य किया, सरकार को भी चाहिए कि इस प्रकार के युवाओं को वीरता पुरस्कार से सम्मानित करें जिससे कि अन्य युवाओं का भी मनोबल बढ़े। उन्होंने सरकार से मांग की शक्ति नहर के किनारे पर ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे कि लोग अपनी जिंदगी से खिलवाड़ ना कर सके। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल, पूर्व प्रधान सोहेल पाशा, नईम अहमद, शोएब मुकर्रम आदि उपस्थित थे।

## पुण्डीर ने दिया ईंधन बचत का संदेश

**विकासनगर।** सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने आज रविवार को सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में ईवी दोपहिया वाहन से पहुंचकर पेट्रोल-डीजल की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने का भी प्रयास किया। विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने अपने निजी चार पहिया वाहन का उपयोग न करते हुए ईवी स्कूटी से क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की जिस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और पश्चिमी एशिया में जारी तनाव को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ईंधन की बचत करे तथा संसाधनों का संयमित उपयोग अपनाए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि छोटी दूरी के लिए यथासंभव ईवी वाहन, दोपहिया वाहन, सार्वजनिक परिवहन अथवा साझा वाहनों का उपयोग करें। इससे पेट्रोल-डीजल की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## पहाड़ी से गिरा पत्थर, युवक की दर्दनाक मौत



**थराली।** थराली विकासखंड के कैरा गांव में एक दुखद हादसे में युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कैरा गांव निवासी दिग्विजय सिंह अपने चाचा की शव यात्रा में शामिल होने गया था। इसी दौरान अचानक पहाड़ी से एक पत्थर गिरकर उसके सिर पर लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल दिग्विजय सिंह को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोल घाटी संघर्ष समिति के अध्यक्ष चरण सिंह ने बताया कि दिग्विजय सिंह 108 आपातकालीन सेवा में चालक के रूप में तैनात था। उसकी अचानक मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली में तैनात डॉक्टर अमित रुद्र ने बताया कि घायल अवस्था में युवक को अस्पताल लाया गया था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया था। मृतक की पहचान दिग्विजय पुत्र हर्षपाल सिंह रावत, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कैरा के रूप में हुई है।

# देवीधार कॉलेज में 'शिक्षा' नहीं, 'हेराफेरी' का खेल: डिमरी

**■ फर्जी हस्ताक्षरों से निकाले लाखों, 4 साल से गायब कैशबुक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जखोली विकासखंड स्थित जनता इंटरमीडिएट कॉलेज देवीधार मोल्खाचौरी में शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाला बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है।

आरोप है कि विद्यालय के प्रबंधक दर्शन सिंह बिष्ट ने प्रभारी प्रधानाचार्य के फर्जी हस्ताक्षर कर विद्यालय के खाते से 2 लाख रुपये से अधिक की रकम निकाल ली। इतना ही नहीं, रिकॉर्ड में हाथ से बनाए गए फर्जी बिल लगाकर पूरे मामले को दबाने की कोशिश भी की गई। मामला सामने आने के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार अक्टूबर 2025 में बिना किसी बैठक, प्रस्ताव या प्रबंध समिति की अनुमति के विद्यालय निधि से लाखों रुपये निकाले गए। जबकि नियमानुसार किसी भी अशासकीय विद्यालय में वित्तीय निकासी के लिए प्रबंध समिति का प्रस्ताव और प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर अनिवार्य होते हैं। हैरानी की बात यह है कि वर्तमान में विद्यालय की प्रबंध समिति भंग है और खंड शिक्षा अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया गया है, इसके बावजूद वित्तीय लेन-देन मनमाने ढंग से किए जाने के आरोप लगे हैं।

मामले को और गंभीर इसलिए माना जा रहा है क्योंकि वर्ष 2022 से अब तक विद्यालय की कैशबुक तक नहीं भरी गई है। यानी चार वर्षों से विद्यालय के आय-व्यय का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। इससे पूरे वित्तीय प्रबंधन पर सवाल खड़े हो गए हैं और शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था भी कटघरे में आ गई है।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें इस निकासी की जानकारी तक नहीं थी। उनके अनुसार उनके फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से रकम निकाली गई और जब उन्होंने रिकॉर्ड मांगा तो उन्हें हाथ से बने संदिग्ध बिल दिखाए गए। उन्होंने पूरे मामले की जांच की मांग की है।

स्थानीय निवासी प्रवीण सिंह ने कहा कि "विद्यालय बच्चों के भविष्य का केंद्र होता है, लेकिन यहां शिक्षा नहीं बल्कि पैसों का खेल चल रहा है। बिना बैठक और बिना हिसाब लाखों रुपये निकाल दिए गए। न कैशबुक है, न कोई पारदर्शिता। पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।"

प्रबंध समिति से जुड़े लोगों ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब समिति भंग है और प्रशासक नियुक्त है, तब प्रबंधक किस अधिकार से अकेले वित्तीय फैसले ले रहे हैं। उनका कहना है कि विद्यालय निधि बच्चों के विकास और शिक्षा के लिए होती है, लेकिन यहां नियमों की धज्जियां उड़ाकर धन निकासी की गई।

अभिभावकों और ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय में यदि फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों रुपये की हेराफेरी होने लगे, तो यह केवल आर्थिक अनियमितता नहीं बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है।

## स्काउट-गाइड बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका : चौधरी

**रूद्रप्रयाग।** भारत स्काउट एवं गाइड्स की वार्षिक योजना बैठक ब्लॉक सभागार अगस्त्यमुनि में मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं संस्था के मुख्य आयुक्त अजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भुवनेश्वरी देवी ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट मास्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला संस्था सीमित संसाधनों में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड संगठन बच्चों को अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की भावना से जोड़कर आदर्श नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही उन्होंने संस्था को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

# सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुचाना जनसंवाद का उद्देश्य: धनाई

**नई टिहरी:** पूर्व मंत्री दिनेश धनाई ने जन संवाद कार्यक्रम के तहत टिहरी विधानसभा के ग्राम पंचायत कोटीगाड, शंकरपुर व पट्टी उदयकोट के गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा क्षेत्र में विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। पूर्व मंत्री ने विकासखंड चंबा के ग्राम कोटीगाड, शंकरपुर, कोट आदि गांवों में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान कहा कि जनता की आवाज ही लोकतंत्र की सबसे बडी ताकत है और जनहित के कार्यों के प्रति तत्पर रहना ही उनका कर्तव्य है। कई पर्यटन व रोजगार से जुडी योजनाओं को धरातल पर उतारा है उनमें सबसे महत्वपूर्ण टिहरी झील को पर्यटन के रूप में विकसित करना रहा है और यही कारण है। शंकरपुर कोट के विक्रम सिंह सजवाण, पूर्व सैनिक कुंवर सिंह सजवाण ने सडक का मुद्दा उठाया। इस मौके पर रामचंद्र सिंह नेगी, दिनेश उनियाल, नरेंद्र सिंह रावत, वशिाल सिंह नेगी, रामचंद्र सिंह नेगी, ललिता देवी, कुलदीव सिंह सजवाण सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डॉ. विनोद प्रकाश भट्ट को अंतराष्ट्रीय सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड के प्रतिष्ठित शिक्षक एवं कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित शिक्षक डॉ. विनोद प्रकाश भट्ट को शिक्षा एवं बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वैविक यूनिवर्सिटी, घाना द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।



नई दिल्ली स्थित वेलकम होटल कपास हेरा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समारोह में डॉ. विनोद प्रकाश भट्ट को "एक्सीलेंस इन एजुकेशन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट" श्रेणी में आईएफएफए अवाड्र्स 2026 से भी सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि ने उत्तराखण्ड सहित पूरे देश के शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया है। डॉ. विनोद प्रकाश भट्ट इससे पूर्व भी उत्तराखण्ड के सर्वोच्च शैक्षिक सम्मान "शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक सम्मान" तथा "ग्लोबल रोल मॉडल टीचर्स अवार्ड" सहित कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयास एवं समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को लगातार सराहा जाता रहा है। डॉ. भट्ट को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने की खबर से प्रदेशभर के शिक्षकों में खुशी की लहर है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों, राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि डॉ. विनोद प्रकाश भट्ट की यह उपलब्धि उत्तराखण्ड के शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और इससे प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक गौरवान्वित हुआ है।

# समाज में सही तथ्य रखना ही पत्रकारिता की पहचान:भट्ट

**■ नारद जयंती के उपलक्ष्य में आरएसएस ने आयोजित की गोष्ठी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नई टिहरी: राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचार की ओर से नारद जयंती के उपलक्ष्य में आरएसएस से न्यू टिहरी प्रेस क्लब में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कहा गया कि पत्रकारों को लोक कल्याण की भावना से कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से ज्ञानवर्धक व जानक. ारीपरक पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया। रविवार को न्यू टिहरी प्रेस में आयोजित गोष्ठी में संघ सह विभाग कार्यवाह संजीव भट्ट ने कहा कि आज सोशल मीडिया के जरिए बिना तथ्यों के कई प्रकार की भ्रामक खबरें दी जा रही है जिससे लोगों में गलत संदेश जाता है इसलिए इस बातों से बचना चाहिए पत्रकारों का दायित्व है कि अपनी लेखनी के जरिए समाज में सही तथ्यों को सामने रखकर समाज को सच्चाई से रूबरू करना चाहिए।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनुराग उनियाल, पूर्व अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने भी पत्रकारिता से जुडी कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने करीबदो दशक की पत्रका. रिता का जिक्र करते हुए कहा कि तब से लेकर आज पत्रकारिता के क्षेघ्त्र में काफी बदलावआया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक स्वराज पंवार ने गोष्ठी का संचालन करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आरएसएस के जिला संपर्क प्रमुख वेणीमाधव शाह ने भी महत्वपूर्ण बिंदुओं को रखा। इस मौके पर जनार्धन ध्यानी, नरेंद्र सिंह नेगी, पदम सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विक्रम बिष्ट, जोत सिंह बगियाल, विजयदास, रजत प्रताप सिंह, मुक. ेश रतूडी, मधुसूदन बहुगुणा, मुनेंद्र नेगी, रोशन थपलियाल, सूर्य रमोला, प्रदीप डबराल, लाखी सिंह रावत, सुरेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

# लोक जनशक्ति पार्टी का उत्तराखंड में बढ़ता जनाधार: शिवसेना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** उत्तराखंड की राजनीति में आज एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश देते हुए देहरादून स्थित प्रदेश कार्यालय में लोक जनशक्ति पार्टी (राम. विलास) का संगठन और अधिक मजबूत हुआ। शिवसेना शिंदे गुट से जुड़े दर्जनों प्रभावशाली नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा, जनहितकारी नीतियों एवं मजबूत नेतृत्व से प्रभावित होकर विधिवत रूप से लोक जनशक्ति पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी में शामिल हुए वरिष्ठ समा. जसेवी एवं युवा नेता नवलेश शाह को जिला देहरादून का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह ठाकुर द्वारा सभी नए साथियों का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें संगठन की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह ठाकुर ने कहा कि उत्तराखंड में लगातार विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोग लोक जनशक्ति पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी से जुड़ रहे हैं। यह प्रदेश में पार्टी के तेजी से बढ़ते जनाधार, मजबूत संगठनात्मक विस्तार एवं जनता के बढ़ते विश्वास का स्पष्ट संकेत है।

# उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित हुए श्याम सिंह चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता/सहिया।** जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर के दोऊ गांव निवासी युवा गीतकार श्याम सिंह चौहान को उनकी उत्कृष्ट गीत लेखन प्रतिभा के लिए "उत्तराखण्ड गौरव सम्मान" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पहली जौनसारी फिल्म "मेरे गांव की बाट" में लिखे गए लोकप्रिय गीतों के लिए प्रदान किया गया।

देहरादून में आयोजित सम्मान समारोह में आर राजेश कुमार तथा मुख्यमंत्री के अपर सचिव एवं महा. निदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने उन्हें सम्मानित किया। श्याम सिंह चौहान द्वारा फिल्म के लिए लिखे गए गीतों को दर्शकों का भरपूर प्यार



मिला है। फिल्म के गीतों को एक वर्ष के भीतर ही 5 मिलियन से अधिक बार देखा और सुना जा चुका है। श्याम सिंह चौहान पिछले 28 वर्षों से गीत लेखन के क्षेत्र में सक्रिय हैं और अब तक करीब 300 गीतों की रचना कर चुके हैं। हाल ही में सुप्रसिद्ध लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी ने उनके लिखे गीत "पुराणी प्रीत" को अपनी आवाज दी थी। सुमीकल प्रोडक्शन से रिलीज हुए इस गीत को भी मात्र एक माह में एक मिलियन से अधिक लोगों ने पसंद किया।

उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रभर में खुशी का माहौल है तथा लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# कार्यदबाव और तनाव से जूझ रहे पुलिस कर्मियों के लिए सहारा बना मिशन संवाद

## सकारात्मक सोच बनी और आत्मविश्वास को मिला बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वर्तमान में लगातार बढ़ते कार्यदबाव, पारिवारिक तनाव तथा निजी समय की कमी और नकारात्मक विचार जैसी समस्याएं पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रही हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने और पुलिस कर्मियों व उनके परिवारों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के विशेष मकसद से कुमाऊं परिक्षेत्र में उत्तराखंड पुलिस द्वारा मिशन संवाद अभियान संचालित किया जा रहा है। आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल की ओर से जारी जानकारी के अनुसार अभियान के तहत अब तक पुलिस व उनके



आइजी रिद्धिम अग्रवाल

परिवारों के 6 हजार से अधिक लोगों ने संवाद एप डाउनलोड किया है वहीं 1050 से अधिक टेली काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा 1567 से अधिक लोगों ने कार्यशालाओं में भागीदारी की जबकि कुल 2617 से अधिक लोग सीधे तौर पर इस अभियान से लाभान्वित हुए हैं। अभियान के तहत ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा और बागेश्वर जिलों में कार्यशालाएं आयोजित की गईं, इनमें तनाव प्रबंधन समेत सकारात्मक सोच, पारिवारिक संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि मिशन संवाद पुलिस परिवारों को एक भरोसेमंद मंच मुहैया करा रहा है जहां वे बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं साझा कर समय पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ पुलिस बल ही समाज की बेहतर सेवा कर सकता है। उन्होंने बताया कि मिशन संवाद के माध्यम से पुलिस कर्मियों में तनाव नियंत्रण, क्रोध में कमी, आत्मविश्वास में वृद्धि और सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद मिल रही है। अभियान का उद्देश्य पुलिस बल में मनोवैज्ञानिक सुदृढ़ता विकसित करना है ताकि कर्मी तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें।

# प्रतिबंधित क्षेत्रों में धड़ल्ले से दौड़ रहे वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में पर्यटन सीजन के बीच शहर के सबसे व्यस्त और प्रतिबंधित क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ती जा रही है। नगर के चर्चित पंत पार्क से मां नयना देवी मंदिर तक प्रतिबंध के बावजूद बाइक और स्कूटी बेखौफ दौड़ रही हैं, वहीं मालरोड पर भी कई वाहन गलत दिशा में संचालित हो रहे हैं इससे पैदल चलने वाले स्थानीय लोगों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बता दें पंत पार्क से नयना देवी मंदिर तक पहले वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित थी लेकिन मंदिर माला मिशन के तहत सौंदर्यीकरण कार्य के बाद यहां दोपहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। स्थिति यह है कि क्षेत्र में 50 से अधिक दोपहिया वाहन पार्क मिले। स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो पुलिस और न ही नगर पालिका की ओर से प्रभावी रोक लगाई जा रही है वहीं दूसरी ओर शहर की व्यस्त मालरोड पर भी वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए गलत दिशा में वाहन दौड़ा रहे हैं। भारी भीड़ के बीच अचानक सामने से आ रहे वाहनों के कारण पैदल राहगीरों को बार-बार किनारे हटना पड़ रहा है। खासकर शाम के समय और वीकेंड पर हालात और अधिक खराब हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द सख्ती नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय व्यापारियों और पर्यटकों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए और माल रोड पर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले में एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र से दोपहिया वाहनों को हटाया जाएगा और पर्यटकों की अधिक भीड़ के दौरान किसी भी प्रकार के वाहन संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## एक नजर

### सफाई कर्मचारी संघ ने किया अमित का स्वागत

**नैनीताल।** देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ नैनीताल के पदाधिकारियों ने अमित सहदेव को संघ का जिला महासचिव बनाए जाने पर उनका स्वागत किया। इस मौके पर संघ की ओर से त्रिलोचन टांक, सोनू सहदेव, महेन्द्र लाल, अमन टांक, विशाल कुमार, कोमल कुमार, दिनेश रत्नाकर, अमित सरदार, नीरज कुमार, दीपक कुमार तथा कोमल कुमार आदि मौजूद रहे।

### बजरंग वाहिनी दल के जिलामंत्री बने सूर्यांश राणा

**नैनीताल।** बजरंग वाहिनी दल की बैठक रविवार को जिलाअध्यक्ष खीम सिंह मेर की अध्यक्षता में तल्लीताल में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सूर्यांश राणा को जिलामंत्री और प्रियांशु वाल्मीकि को नगर अध्यक्ष चुना गया। जिलाध्यक्ष मेर ने कहा कि जिले में लगातार संगठन का विस्तार किया जा रहा है और आशा करते हैं कि नैनीताल में भी नवनियुक्त युवा धर्म रक्षा और गौ रक्षा के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान जिला प्रभारी रमेश पडियार, जिलाध्यक्ष खीम सिह मेर, प्रियांशु कुमार तथा सूर्यांश राणा आदि मौजूद रहे।

### चालान का डर: आंतरिक मार्गों में खड़ी बाइकें

**नैनीताल।** नगर में चालान के डर से टैक्सी चालकों और अन्य बाइक सवारों ने अब आंतरिक मार्गों को ही पार्किंग स्थल बनाना शुरू कर दिया है। इससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को पैदल चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संकरे मार्गों पर दोनों ओर खड़ी बाइकों के कारण आवाजाही प्रभावित हो रही है। मामले में पालिका सभासद अंकित चंद्रा ने बताया कि सनवाल स्कूल मार्ग, सीआरएसटी मार्ग समेत कई आंतरिक सड़कें टैक्सी बाइकों की स्थायी पार्किंग स्थल बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कई बार पुलिस प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है इससे स्थानीय निवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहन दुर्घटना का खतरा भी बढ़ा रहे हैं। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले में एसएसआई दिनेश जोशी ने कहा कि जल्द ही अभियान चलाकर आंतरिक मार्गों में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के चालान किए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

### पुलिस ने गुमशुदा लड़की को सकुशल बरामद किया

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई पुलिस ने गुमशुदा लड़की को प्रयागराज से सकुशल बरामद किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 7 मई को कोतवाली आईटीआई अंतर्गत ग्राम गिन्नीखेड़ा निवासी महिला द्वारा अपनी 22 वर्षीय पुत्री को आलम पुत्र मोबिन निवासी बांसखेड़ा के द्वारा बहला फुसलाकर 6 मई को अपने साथ ले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई विक्रम राठौर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए धारा 140(3) बीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उक्त युवती और आरोपी आलम की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों को 13 मई को प्रयागराज से सकुशल बरामद कर लिया गया। कोतवाली प्रभारी राठौर ने बताया कि बालिग युवती द्वारा कोर्ट में दिये गये बयानों के उपरांत आरोपी को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है।

### समस्याओं पर सरकार से जल्द समाधान की मांग

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याणकारी संस्था की रविवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर सरकार से जल्द समाधान की मांग उठाई। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने सड़क मार्गों पर संकेत और गति नियंत्रण बोर्ड लगाने, बल्टा-बिंतोला मोटर मार्ग को नैनी मोटर मार्ग से जोड़ने, गैस सिलेंडरों की समस्या के बीच कैरोसिन भी उपलब्ध कराने, लोअर मालरोड में जाम के झाम की समस्या से निजात दिलाने और सड़क किनारे आढ़े तिरछे वाहनों पर कार्रवाई करने, नगर की बाजारों में आवारा घूम रहे जानवरों से निजात दिलाते हुए गौ सदन भेजने समेत नीट परीक्षा लीक मामले की पुर्नावत्ति ना हो इसके लिए ठोस कानून व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। यहां बैठक में समिति के अध्यक्ष जमन सिंह बिष्ट, हयात सिंह गैड़ा, राम सिंह बिष्ट, हयात सिंह, एसएस पथनी, आनंद सिंह सतवाल, लक्ष्मण सिंह बोरा, लाल सिंह मेहता, दिवान सिंह बिष्ट, दिवान सिंह सिराड़ी, चंद्रशेखर सिराड़ी, रूप सिंह बिष्ट, जसौत सिंह, गजेंद्र सिंह रावत आदि सदस्य मौजूद रहे।

### चौखुटिया में मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा।** विकासखंड चौखुटिया क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गजार जयरामबाखल निवासी हेमंत नेगी ने तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते दिनों वह एक शादी समारोह में धुधलिया बिष्ट गांव गया था। शादी के जश्न के बीच वह डीजे में डांस कर रहा था। इस दौरान आरोपी गगन अधिकारी, करन मेहरा, पीयूष रावत ने उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। तीनों ने गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से पीटा, जिससे उसे अंदरूनी चोटें आ गईं। कुछ लोगों के बीच बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# पर्यटन सीजन में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहे: एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन और कैंची धाम में बढ़ रही श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या को देखते हुए जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को यातायात व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित रखने और पर्यटकों की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कप्तान ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान नैनीताल, भवाली और कैंची धाम क्षेत्र में वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा हैं, ऐसे में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें तथा किसी भी स्थिति में लंबा जाम न लगने दें। उन्होंने प्रमुख मार्गों पर लगातार मॉनिटरिंग करने, पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रखने और जरूरत पड़ने पर यातायात डायवर्ट करने के निर्देश भी दिए हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से भवाली सैनिटोरियम से शटल सेवा का संचालन भी कराया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को राहत मिल सके, वहीं कैंची धाम क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल और केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात किया गया है। कप्तान ने कहा कि सभी थाना प्रभारी पर्यटकों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने दें।



# बॉक्सर हर्षवर्धन का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कालेज के छात्र व एशियन बॉक्सिंग खिलाड़ी कांस्य पदक विजेता हर्षवर्धन जीना के गृहक्षेत्र पहुंचने पर का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत, सम्मान तथा मिष्ठान वितरण किया गया और इसे क्षेत्र, देश तथा प्रदेश के लिए बड़ी कामयाबी बताया। बता दें बीते सप्ताह ताशकंद उज्बेकिस्तान में आयोजित सब जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित हुई थी, जिसमें 55 किग्रा भार वर्ग में हर्षवर्धन जीना ने कांस्य पदक हासिल किया। हर्षवर्धन ने अपनी इस अहम कामयाबी के लिए माता पिता व प्रशिक्षकों को श्रेय देते आभार व्यक्त किया। मुख्य बाजार में



आयोजित कार्यक्रम में परिजनों, जनप्रतिनिधियों तथा वक्ताओं ने हर्षवर्धन की कड़ी मेहनत, उपलब्धि की प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में और बड़ी उपलब्धि हासिल कर देश का नाम रोशन किया जाएगा। इस दौरान उत्तराखंड बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष निर्वाण मुखर्जी, सचिव गोपाल खोलिया, प्रशिक्षक सुरेन्द्र जीना, नवीन टम्टा, दिनेश चंद्र, रमेश जीना, जिला पंचायत सदस्य जिशांत कुमार, यूथ कांग्रेस सचिव मीमांसा आर्या, ग्राम प्रधान हरगोविंद रावत, नवल कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी मोहन चमियाल, डा. ललित जोशी, जितेंद्र पाठक, कैलाश जोशी, दीवान कुलयाल, कैलाश जोशी, राजेंद्र कोटलिया, भुवन, बसंत, मोहित,रोहित, नरेश जीना तथा नरेश चमियाल आदि उपस्थित थे। संचालन मनोज कांडपाल ने किया।

## संगठन मजबूती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मंथन

**बागेश्वर।** जिला कांग्रेस इकाई की रविवार को पिंडारी रोड स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में वक्ताओं ने एसआईआर और मतदाता सूची सत्यापन को लेकर विस्तार से चर्चा की। साथ ही बीएलए प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को पहले से अधिक मजबूत करने के लिए तैयारियों में जुट गई है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने की। इस अवसर पर हरीश ऐठानी, लोकमणि पाठक, चामू देवली, कुंदन गिरी, प्रवीण सिंह कोरंगा, नरेंद्र कार्की, लक्ष्मी धर्मशद्रू, ललित गोस्वामी तथा जिला पंचायत सदस्य बलवंत राम थे।


# फिल्म दिव्य मां का जर्मनी के प्रतिष्ठित ग्रीन स्क्रीन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड के विशाल एवं दुर्लभ किंग कोबरा पर आधारित वन्यजीव डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिव्य माँ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर

## उत्तराखंड के किंग कोबरा पर बनी है यह फिल्म

बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। इस फिल्म का चयन जर्मनी में आयोजित होने वाले विश्वप्रसिद्ध ग्रीन स्क्रीन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शन हेतु आधिकारिक रूप से किया गया है। यह प्रतिष्ठित महोत्सव आगामी 9 से 13 सितंबर तक आयोजित होगा। बता दें फिल्म का निर्माण प्रख्यात वन्यजीव फोटोग्राफर एवं पद्मश्री नैनीताल निवासी अनूप साह तथा वन्यजीव प्रेमी एवं




संरक्षणवादी पार्थ शर्मा द्वारा किया गया है। फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अजय सूरी ने किया है। फिल्म की शूटिंग पूरी तरह कुमाऊँ और गढ़वाल के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 18 महीनों तक अत्यंत कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में की गई है। दिव्य माँ अपने नाम की तरह ही एक अनूठी और प्रभावशाली फिल्म उत्तराखंड के जंगलों में पाए जाने वाले किंग कोबरा की रहस्यमयी और कम ज्ञात दुनिया को दर्शाती है तथा इस अद्वितीय सर्प की पारिस्थितिक महत्ता को उजागर करती है। फिल्म प्रकृति, पौराणिक मान्यताओं, संरक्षण और हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक संतुलन के संबंध को बेहद सुंदर तरीके से प्रस्तुत करती है। फिल्म में विशेष रूप से मादा किंग कोबरा के असाधारण नेस्टिंग व्यवहार और एक माँ के रूप में उसके सर्वोच्च त्याग को दर्शाया गया है जो पशु जगत में अत्यंत दुर्लभ माना जाता है और किसी अन्य सर्प प्रजाति में लगभग देखने को नहीं मिलता। इस प्रतिष्ठित जर्मन फिल्म महोत्सव में फिल्म का चयन उत्तराखंड तथा भारतीय वन्यजीव सिनेमा के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। ग्रीन स्क्रीन को विश्व के अग्रणी वन्यजीव एवं प्रकृति आधारित फिल्म महोत्सवों में गिना जाता है जहाँ दुनिया भर की उत्कृष्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता है।

# वंचित राज्य आंदोलनकारियों की सूची हो अप टू डेट: गुरुरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उक्रांद के आवाहन पर डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के वंचित राज्य आंदोलनकारियों की एक बैठक व्योम रेस्टोरेंट में वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी गोविंद लाल शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन राज्य आंदोलनकारी गोविंद सिंह रावत लिट्टे द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उक्रांद अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा वंचित राज्य आंदोलनकारियों की सूची जारी की गई लेकिन उसमें जिन आंदोलनकारियों ने 2017 से 2021 तक अपने आवेदन जमा किए थे उनका नाम उस सूची में शामिल नहीं हैं। पहले तो उनका नाम सूची में शामिल किया जाए, साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की की वंचित राज्य आंदोलनकारियों को राज्य आंदोलनकारी का दर्जा देने के लिए शीघ्र ही जनपद में चिन्हीकरण समिति का गठन करते हुए पूर्व की भांति चयन प्रक्रिया अपनाते हुए आंदोलनकारी घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य बनने से पूर्व डीडीहाट विधानसभा की जनता ने राज्य की लड़ाई लडने् वाले उक्रांद के प्रत्याशी को विधानसभा पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर से एक एक व्यक्ति को राज्य आंदोलनकारी घोषित किया जाए। गोविंद सिंह रावत ने कहा कि अब डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के वंचित राज्य आंदोलनकारी व राज्य आंदोलनकारियों का उक्रांद के नेतृत्व में 22 मई को डीडीहाट में एक जुलूस निकाला जाएगा।

# पैलिएटिव केयर सेवाओं और संसांधनों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मेडिकल कालेज में पेलिएटिव केयर सेवाओं के सुदृढ़ीकरण व गुणवत्ता संवर्धन के लिए एम्स दिल्ली के विशेषज्ञों की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने पेलिएटिव केयर सेवाओं को बेहतर व सुलभ बनाने के लिए विचार विमर्श भी किया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली से डा. वरुण शेखर एवं डा. सूरजपाल सोबन सिंह जीना अल्मोड़ा मेडिकल कालेज पहुंचे। यहां विशेषज्ञ टीम ने संस्थान में संचालित पेलिएटिव केयर सेवाओं, उपलब्ध संसाधनों, रोगियों को दी जा रही सुविधाओं व उपचार व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने संस्थान के डाक्टरों के साथ पैलिएटिव केयर सेवाओं को भविष्य में और अधिक प्रभावी, सुलभ व उन्नत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा भी की। मरीजों व उनके परिजनों को बेहतर सहयोग उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तकनीकी व प्रशिक्षण संबंधी सहयोग पर भी विचार विमर्श किया। संस्थान के प्राचार्य डा. चंद्रप्रकाश भैंसोड़ा इस पहल को क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। यहां विभागाध्यक्ष डा. उर्मिला पलड़िया, डा. आदित्य चौहान, डा. करणजोत, डा. उमंग शर्मा, डा. सायमा खान, डा. आशीष सिंह आदि रहे।



# वेलनेस सेंटर की स्थापना में देरी पर नाराज़गी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन की बैठक रविवार को नगर निगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों ने केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत प्रस्तावित वेलनेस सेंटर की स्थापना में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। संगठन के अध्यक्ष रिटायर्ड डिप्टी कमांडर बीएसएफ दरवान सिंह बोहरा ने कहा कि हल्द्वानी में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर शीघ्र शुरू किया जाना चाहिए, ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इसकी मांग की जा रही है, लेकिन अब तक सेंटर शुरू नहीं हो पाया है। बैठक में ऑनलाइन सीएलएमएस सिस्टम के धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं होने से पूर्व सैनिकों को हो रही दिक्कतों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं के कारण पूर्व सैनिकों को विभिन्न कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जिला और ब्लॉक स्तर पर नई युवा कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठन के मुख्य संरक्षक रिटायर्ड डीआईजी बीएस तोलिया, संरक्षक सीएस मर्तोलिया, उपाध्यक्ष बीएस कुंवर, सचिव आरसी पडालिया, कोषाध्यक्ष एचएस दरियाल, पीयूष तिवारी, प्रवक्ता बीडी भट्ट समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# ईद मिलादुन्नबी कमेटी के चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में रविवार को प्रतिष्ठित ईद मिलादुन्नबी कमेटी के चुनाव भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हो गए। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद समाचार भेजे जाने तक मतगणना का कार्य प्राथमिकता से शुरु हो गया है। देर रात तक चुनाव परिणाम घोषित हो जाएंगे। इससे पूर्व मतदान सुबह 10 बजे से शुरु हुआ जो शाम 5 बजे तक पूरा किया गया। मामले में मुखय चुनाव अधिकारी सैयद काशिफ जाफरी (अधिवक्ता उच्च न्यायालय उत्तराखंड) ने बताया की अध्यक्ष पद पर दो कैंडिडेट सैयद समीर अली और अब्दुल कयूम के बीच में मुकाबला है, वहीं उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद कासिम, मोहम्मद शादाब और मोहम्मद ताहिर के बीच में मुकाबला है जबकि महासचिव पद पर नाजिम बक्श और परवेज आलम के बीच में मुकाबला है जबकि सचिव पद पर रशीद अहमद अमन और अब्दुल वाहिद के बीच में टक्कर है और कोषाध्यक्ष पद पर सलीम अहमद और मोहम्मद साबिर उर्फ गुड्डू भाई के बीच में सीधा मुकाबला है। बताया कि रविवार को कुल 793 मतदाताओं में से 415 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बताया कि मतदान पूर्ण होने के बाद चुनाव की काउंटिंग की प्रक्रिया देर रात्रि तक चलेगी उसके बाद ही चुनाव परिणाम घोषित होगा। चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने में चुनाव कमेटी के सदस्य शाहनवाज खान, सिकंदर अली, शानू अहमद और नसीम खान साहब, मो. खालिद, सुहेब, अब्दुल अजीज व मो. नफीस उपस्थित रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## नैनीताल में कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित पंत पार्क में रविवार को कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर कमेटी के नैनीताल नगर अध्यक्ष सचिन नेगी के नेतृत्व मे केंद्र की बीजेपी सरकार के कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही रसोई गैस के दामों मे भारी वृद्धि कर आम जनता को महंगाई के बोझ तले लादने के विरोध में प्रदर्शन के साथ पुतला- दहन किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सचिन नेगी ने बीजेपी सरकार के रसोई गैस के दामों मे भारी वृद्धि कर आम जनता पर महंगाई की मार का बोझ लादने का पूर्ण विरोध किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य गोपाल बिष्ट, मनोज ममघाई, पीके शर्मा, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय कुमार, नगर पालिका सभासद अंकित चंद्रा मौजूद रहे।

# घरेलू हिंसा की रोकथाम पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद की नैनीताल नैनीताल शाखा द्वारा घरेलू हिंसा की रोकथाम के लिए रविवार को विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन समीपवर्ती ग्राम पंगुट में किया गया। बता दें ग्राम प्रधान दिनेश चंद्र बुढलाकोटी व दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा और प्रेमा बुढलाकोटी के सानिध्य में आयोजित इस शिविर के मुख्य वक्ता के रूप में जिला अदालत नैनीताल के अधिवक्ता पंकज जोशी, मुन्नी आर्या व सरिता बिष्ट रही। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में आज घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं जिसके चलते महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना आवश्यक हो गया है ताकि महिलाए अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें। कहा कि समाज में महिलाओं को सम्मान मिल सके तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक




करने की आवश्यकता है। घरेलू हिंसा कानून 2005 पर विस्तार से चर्चा की। दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने कहा कि समाज में महिलाओं को न्याय दिलाने के लिये ऑल इंडिया वुमेन कॉन्फ्रेंस लगातार इस तरह के अभियान चलाती रहती हैं जिससे महिलाएं अपने जीवन में सफल हो सके। परिषद की स्टैंडिंग कमेटी सदस्य मंजू कोटलिया ने बताया कि ये संस्था महिलाओं के अधिकारों व उन्हें रोजगार परक प्रशिक्षण देने का काम भी करती है, समय समय पर महिलाओं के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है जिससे महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके। इससे पूर्व परिषद की सचिव प्रीति शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और महिलाओं का आवाहन किया कि वे अपनी जिम्मेदारी के साथ साथ अपने अधिकारों के लिए भी संघर्ष करें जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आए। इस अवसर पर संगठन की सदस्यों ने मिलकर संकल्प लिया कि वे समाज में जागरूकता लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी ताकि महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर संस्था की पूर्व सचिव तारा बोरा समेत उपाध्यक्ष दया बिष्ट, उपसचिव गीता पांडे,मीडिया प्रभारी तारा राणा, नंदिनी पंत, नीमा पांडे, दीपक शाही, हिमांशु उपाध्याय, अंकित, जीवंती, सरोज, गीता, कमला, किरण, शिव कुमार तथा धीरज बिष्ट के अलावा 70 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बीते चार मई (सोमवार) को कैंचीधाम और घोड़ाखाल घूमने आए कुमाऊं विश्वविद्यालय के बीकॉम छात्र की सड़क हादसे में मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के दोस्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। मृतक के पिता ने अपने बेटे के दोस्त पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। खांस्यू निवासी सुरेश चंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा है कि उनका पुत्र राहुल कुमार कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में बीकॉम का छात्र था। बीती चार मई को वह अपने दोस्तों अरविंद सिंह राठौर निवासी जोधपुर राजस्थान और युवराज सिंह के साथ हल्द्वानी से कैंचीधाम और घोड़ाखाल घूमने गया था। वापसी के दौरान घोड़ाखाल से नैनीताल आते समय पाइन्स श्मशान घाट के पास चालक की ओर से वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया लेकिन राहुल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले में एसओ मनोज नयाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर जोधपुर राजस्थान निवासी अरविंद सिंह राठौर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) और 281 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, साथ ही पुलिस मामले की प्राथमिकता से जांच कर रही है।

# बेंगलुरु IPL-2026 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम

**पंजाब लगातार छठा मैच हारी, कोहली-वेंकटेश के अर्धशतक, भुवनेश्वर को 2 विकेट:**



विराट कोहली ने मनाया अपना अर्धशतक।

**धर्मशाला, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल में रविवार के पहले मैच में पंजाब किंग्स को 23 रन से हरा दिया। धर्मशाला में बेंगलुरु ने टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए।

जवाब में पंजाब 8 विकेट खोकर 199 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ बेंगलुरु के 18 पाइंट्स हो गए और टीम इस सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। वहीं, पंजाब की यह लगातार छठी हार रही। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन तक 3 विकेट गंवा दिए। बाद में कूपर कोनोली, मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम टारगेट से 23 रन दूर रह गई। शशांक ने 27 गेंदों पर 56 रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में रसिख सलाम ने 3 विकेट झटके।

जबकि भुवनेश्वर कुमार ने शुरुआती दो विकेट झटके। जोश हेडलवुड, सुयश शर्मा और रोमा. रियो शफर्ड को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले, बेंगलुरु के लिए विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रन की पारी खेली, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 25 गेंदों पर 45 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई। आखिर में वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन बनाए, वहीं टिम डेविड ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाकर टीम को 220 के पार पहुंचाया। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह को 1-1 विकेट मिला। इस मैच में रजत पाटीदार की जगह जितेश शर्मा बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे हैं। पाटीदार चोट के कारण यह मैच नहीं खेल रहे हैं। आखिरी ओवर में रसिख सलाम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बेंगलुरु की जीत पक्की कर दी। उन्होंने पहले सेट बल्लेबाज शसांक सिंह को 56 रन पर आउट कराया, जिन्हें लान्ग-आन पर विराट कोहली ने कैच किया। ओवर की आखिरी गेंद पर ओमरजई भी टिम डेविड को कैच दे बैठे।

पंजाब आखिरी ओवर में 9 रन ही बना सकी और टीम 199/8 तक पहुंच पाई। 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर शशांक सिंह ने चौका जड़ा और सिर्फ 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। लो फुलटास पर उन्होंने मिडिल से शफल करके लान्ग-आन के ऊपर से बेहतरीन फिनिश किया। 17वें ओवर की पहली बाल पर जोश हेजलवुड ने बेंगलुरु को बड़ा विकेट दिलाया। फुलटास गेंद पर मार्कस स्टोयनिस बड़ा शाट खेलने से चूक गए और गेंद सीधे पैड पर जा लगी। अंपायर ने स्ठँ दिया, जिसके बाद स्टोयनिस ने रिव्यू लिया, लेकिन बाल ट्रैकिंग में गेंद लेग स्टंप को छूती दिखी और फैसला बरकरार रहा। स्टोयनिस 25 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब ने 13वें ओवर में जोरदार वापसी की। शशांक सिंह ने सुयश शर्मा के ओवर में दो लगातार छक्के जड़े और ओवर से कुल 20 रन बटोरे। दूसरी ओर मार्कस स्टोयनिस ने भी अच्छी साझेदारी निभाई, जिससे पंजाब ने रन गति फिर तेज कर दी। रोमारियो शेफर्ड ने 8वें ओवर में बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे कूपर कोनोली लेग साइड में बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद को दूरी नहीं दे सके। डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर जैकब बेथेल ने बाउंड्री के पास शानदार कैच पकड़ा। कोनोली 22 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही। भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में प्रियांश अय्यर को शून्य पर आउट किया और फिर प्रभसिमरन सिंह को भी सिर्फ 2 रन पर चलता किया। इसके बाद रसिख सलाम ने श्रेयस अय्यर का विकेट लेकर पंजाब की मुश्किलें बढ़ा दीं। पंजाब ने पावरप्ले में 49 रन बनाए और 3 विकेट गंवाए। इम्पैक्ट प्लेयर रसिख सलाम ने आते ही बड़ा झटका दे दिया। चौथे ओवर की दूसरी बाल पर उन्होंने शानदार लेंथ गेंद पर श्रेयस अय्यर को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। ऑफ स्टंप के बाहर पड़कर गेंद हल्की सी बाहर निकली और अतिरिक्र उछाल के कारण अ"यर सिर्फ किनारा दे सके। शार्ट पारी खेलते हुए श्रेयस 3 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हुए।

## खेल विशेष

### नोआ लाइल्स ने गोल्डन ग्रां प्री में 100 मीटर की दौड़ 9.95 सेकंड में जीती

**टोक्यो, वार्ता।** मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन अमेरिका के नोआ लाइल्स ने रविवार यहां आयोजित गोल्डन ग्रैंड प्रिक्स एथलेटिक्स मीट में 2026 की अपनी पहली 100मीटर की दौड़ 9-95 सेकंड में जीती। इस सीजन में दुनिया में छठे सबसे तेज धावक नोआ के लिए यह जीत का समय अच्छा रहा। दूसरी स्पर्धाओं में, ओलंपिक 400मी हर्डल्स चैंपियन राय बेंजा. मिन ने दो फाइनल हीट में 400मी फ्लैट रेस 44-69 सेकंड में जीती। यह बेंजामिन की दो साल से ज्यादा समय में फ्लैट जमीन पर पहली 400मी रेस थी, और यह उनके पर्सनल बेस्ट से 0-38 सेकंड कम थी। मुकाबले के बाद अमेरिकी धावक बेंजामिन ने कहा कि यह बहुत अच्छा था, एक अजीब सा, बस 400मी की उस रिदम को फिर से महसूस करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए मुझे लगता है कि 44-6 सेकंड में बाहर आकर बहुत खुश हूं।

### हरचरण सिंह सातवें स्थान पर रहे

**गांधीनगर, वार्ता।** महात्मा मंदिर एग्जीबिशन हॉल, गांधीनगर में 2026 डब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के छठे दिन पुरुषों की 110किग्रा कैटेगरी में रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें एशियन वेटलिफ्टरों ने वर्ल्ड-क्लास परफॉर्मेंस दी। चीन के लियू हुआनहुआ 420किग्रा का शानदार टोटल लिफ्ट करके ओवरऑल चैंपियन बने, और टोटल और स्नैच कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। ईरान के अलीरेजा नासिरी ने क्लीन एंड जर्क में शानदार 231किग्रा लिफ्ट करके अपना दबदबा बनाया। भारत के हरचरण सिंह ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार परफॉर्मेंस दी, और कुल 338किग्रा के साथ सातवें नम्बर पर रहे। इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के प्रेसिडेंट ने मेडल जीतने वालों और हिस्सा लेने वालों को उनके परफॉर्मेंस के लिए बधाई दी, जो एशियन वेटलिफ्टिंग के बढ़ते स्टैंडर्ड और कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है।

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहे

**पटुमवान (थाईलैंड), वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन में रनर-अप रहे, उन्हें इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट में 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की, जोरदार वापसी की और गेम को आखिर तक खींचा, जहां लगातार पांच चैंपियनशिप पॉइंट बचाने के बाद, वे आखिरकार 25-23 से हार गए। 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन के अपने पहले फाइनल में हिस्सा ले रहे टॉप सीडेड भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, बिना सीड वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 53 मिनट में हार गए।

## एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में रविवार को 5 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। फेंड्स क्रिकेट क्लब ने देव मेहरा 102(98), यशवर्धन ओबेरॉय 62(55) और आर्य सिंह 28(45) की मदद से 40 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन बनाए। एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब के बॉलर र्हा भारद्वाज ने 46 रन देकर 3 विकेट, अमन गोस्वामी ने 25 रन देकर 2 विकेट और रौनक ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की बॉलिंग में, घनश्याम ने 39 रन देकर 2 विकेट लिए, प्रिस मेहरा ने 51 रन देकर 2 विकेट लिए और आर्य सिंह ने 22 रन देकर 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर: फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब - 40 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन (देव मेहरा - 102(98), यशवर्धन ओबेरॉय - 62(55) और आर्य सिंह - 28(45), एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब - 32-1 ओवर में 5 विकेट पर 242 रन (काव्या - 77(61),आशीा तंवर - 57(59) और कृा यादव - 46(28) कीमती प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार - काव्या (एसेक्स फार्म) - 77(61) को दिया गया।

## ऑरेंज कैप टेबल में सुदर्शन और गिल ने किया पहले और दूसरे नम्बर पर कब्जा

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटंस (जीटी) की मेजबानी की और उन्हें 29 रन से हरा दिया। अंक तालिका में नम्बर 8 पर मौजूद टीम ने नम्बर 2 को मात दी। मैच के बाद आईपीएल 2026 की पर्पल कैप सूची में तो कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन ऑरेंज कैप तालिका पूरी तरह बदल गई।



ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड जीटी मैच हार गई, लेकिन उनके ओपनर्स बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने केकेआर के 247 रन के स्कोर का पीछा करने की पूरी कोशिश की। सुदर्शन तीसरे ओवर में कार्तिक त्यागी की गेंद लगने के बाद 13 गेंदों पर 23 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। लेकिन 17वें ओवर में, जब गिल आउट हुए, तब वह दोबारा बल्लेबाजी करने लौटे और फिर 15 गेंदों पर 30 और रन जोड़कर 28 गेंदों पर नाबाद 53 रन के स्कोर पर समाप्त किया।। इस पारी के साथ उनके इस सीजन में कुल रन 554 हो गए और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। यह उनके लिए नया नहीं है, क्योंकि वे आईपीएल 2025 में भी ऑरेंज कैप विजेता रहे थे। वहीं, गिल की इस सीजन की तीसरी 80-प्लस पारी ने उन्हें 552 रन के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। इस दौरान उन्होंने अस्थाई रूप से हेनरिक क्लासेन को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के क्लासेन इस सीजन में 500 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य बल्लेबाज हैं, जिनके नाम 508 रन हैं। टॉप पांच में आगे विराट कोहली (आरसीबी) और क्लासेन के टीम-साथी अभिोक शर्मा शामिल हैं। कोहली के नाम 484 रन हैं, जबकि अभिोक ने 481 रन बनाए हैं। शीर्ष 10 से बाहर रहते हुए भी केकेआर के बल्लेबाज अंगकृ रघुवंशी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 44 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए, जिससे वे 422 रन के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए। यह इस सीजन में उनका पांचवां अर्धशतक था। उनसे आगे केवल साई सुदर्शन हैं, जिनके नाम छह अर्धशतक और एक शतक दर्ज है, जबकि चार अन्य बल्लेबाजों के भी पांच-पांच अर्धशतक हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड यहां ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिला। राशिद खान और त्यागी मैच से पहले 16 विकेट लेकर चार गेंदबा. जों के समूह में शामिल थे और विकेटलेस रहने के बाद वहीं बने रहे। राशिद और त्यागी के अलावा प्रिस यादव (एलएसजी) और एसआरएच के ईशान मलिंगा भी 16 विकेट के साथ मौजूद हैं। इन सबसे ऊपर आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार हैं।

## सिद्धांत बंथिया ने पुर्तगाल में एटीपी चैलेंजर युगल खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के सिद्धांत बंथिया और उनके बुल्गारियाई पार्टनर अलेक्जेंडर डोंस्की ने शनिवार को पुर्तगाल में एटीपी चैलेंजर 100 टेनिस टूर्नामेंट, ओइरास ओपन 4 में डबल्स टाइटल जीता। गैर वरीय इंडो-बुल्गारियाई जोड़ी ने फाइनल में पुर्तगाल के टियागो परेरा और स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज को 6-3, 6-2 से हराया,

और क्ले कोर्ट पर एक घंटे और तीन मिनट में मुकाबला खत्म किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी और डोंस्की को शुरुआती सेट में आखिरी समय में मिली चुनौती का सामना करना पड़ा। चौथे गेम में अहम ब्रेक पाने के बाद, उन्होंने 5-3 के स्कोर पर सेट के लिए सर्व करते हुए एक ब्रेकपॉइंट बचाया और फिर 32 मिनट में सेट खत्म कर दिया। इसी मोमेंटम को




दूसरे सेट में भी जारी रखते हुए, इंडो-बुल्गारियाई जोड़ी ने तीसरे और सातवें गेम में सर्व तोड़कर जीत हासिल की।

यह टाइटल बंथिया का इस सीजन का दूसरा एटीपी चैलेंजर डबल्स क्राउन और कुल मिलाकर तीसरा था, जो उन्होंने डोंस्की के साथ जीता था। यह बुल्गारियाई खिलाड़ी के करियर का चौथा डबल्स टाइटल भी था। इस साल की शुरुआत में, बंथिया और डोंस्की ने दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट में डबल्स टाइटल जीता था, जिसमें उन्होंने फाइनल में भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के प्रूच्या इसारो को हराया था।

## 'आईपीएल के सर्वकालिक सर्वश्रेठ खिलाड़ी' हैं नारायण: अंबाती रायुडू

**कोलकाता, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू का मानना है कि सुनील नारायण उनके हिंसाब से आईपीएल के सर्वकालिक सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। यह बयान तब आया जब नारायण ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ अपने चार ओवरों में 29 रन देकर 2 विकेट लिए और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की आईपीएल 2026 में 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।

उनके प्रदर्शन के बाद रायुडू की बात से असहमत होना मुश्किल था। नारायण साल दर साल केकेआर के लिए मैच जिताते आए हैं और ऐसा नहीं लगता कि उनका रुकने का कोई इरादा है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में, नारायण को



उनके 200वें आईपीएल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद रायुडू ने कहा कि गेंद से मैच विनर, बल्ले से भी मैच विनर। आईपीएल में कई महान खिलाड़ी आए हैं, लेकिन यह खिलाड़ी हमेशा सबसे अलग दिखता है। मेरे लिए यह सूची में सबसे ऊपर है। संजय बांगर, जो रायुडू के साथ बैठे थे, उतने भावुक नहीं दिखे, लेकिन उन्होंने भी नारायण को आईपीएल इतिहास के अपने टॉप पांच खिलाड़ियों में रखा और उन्हें लीग का लीजेंड बताया। बांगर ने कहा कि इस लीग में कई महान खिलाड़ियों ने खेला है, लेकिन लंबा करियर भी मायने रखता है। उन्हें अपने गेंदबाजी ऐक्शन पर कई बार सवालों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने उसी ओवरस्पिन के साथ सफलता हासिल करने का नया तरीका खोज लिया, जिसके लिए वे जाने जाते हैं।

साथ ही, उन्होंने गेंद को दोनों तरफ टर्न कराने की क्षमता भी बरकरार रखी। यही चीज बल्लेबाजों के मन में भारी संदेह पैदा करती है। मुझे लगता है कि यही खूबियां उन्हें लीग का लीजेंड बनाती हैं। नारायण आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में केवल युजवेंद्र चहल (230 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (220 विकेट) से पीछे हैं।

## चार कैच टपकाकर हम मैच जीतने के लायक नहीं थे: शुभमन गिल

**कोलकाता, वार्ता।** शुभमन गिल ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) के फील्डर्स पर निशाना साधते हुए कहा कि हम जीतने के लायक नहीं थे, जब जीटी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चार मौके गंवाए, जिनमें से तीन आसान थे। गिल ने जीटी के केकेआर से 29 रन से हारने के बाद कहा कि विकेट को देखकर, हमें लगा कि 200-220 एक बराबर स्कोर होगा।

लेकिन हमने बहुत सारे कैच छोड़े और जब आप एक गेम में तीन से चार कैच छोड़ते हैं, तो बॉलर्स के लिए यह कभी आसान नहीं होता। फिन एलन का दो बार कैच छूटा, एक बार जेसन होल्डर ने कवर्स में एक मुश्किल मौका



गंवाया जब वह 14 रन पर थे और फिर मोहम्मद सिराज ने 33 रन पर लॉन्ग-ऑन पर उनका आसान कैच छोड़ दिया। एलन ने 35 गेंदों पर 93 रन की जबरदस्त पारी खेली, जिससे केकेआर ने 247 रन बनाए, जो आईपीएल में जीटी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। यहां तक कि कैमरून ग्रीन का भी 23 रन पर अरशद खान ने कैच छोड़ा, जबकि अंगकृ रघुवंशी का वाशिंगटन सुंदर ने फाइन लेग पर कैच टपका दिया। दोनों बैट्समैन ने नाबाद फिफ्टी बनाई। गिल ने कहा कि पिच अच्छी थी। कुछ गेंदें रुक रही थीं और टिक रही थीं। हमने जो स्कोर बनाया (218/4) उसके लिए हमने अच्छी बैटिंग की। लेकिन हमारी फील्डिंग और बेहतर हो सकती थी। हमने एक खास स्टैंडर्ड सेट किया और इस तरह के गेम में तीन आसान विकेट गंवाने के बाद, मुझे नहीं लगता कि हम यह मैच जीतने के लायक थे। हालांकि, गिल ने इस गेम को सिर्फ एक और हार बताया और कहा कि अगर जीटी प्लेऑफ में जगह बना लेती है, तो बॉलर्स के लिए प्लेऑफ के बजाय अभी ऑफ डे लेना बेहतर होगा। गिल ने कहा कि क्वालिफायर के बजाय अभी ऐसा गेम होना बेहतर है, 240-250 का गेम, बॉलिंग का दिन खराब होना।

## स्वितोलिना ने तीसरी बार इटेलियन ओपन खिताब जीता

**रोम, वार्ता।** यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को एक और डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने का लंबा इंतजार करना पड़ा, लेकिन पूर्व वर्ल्ड नम्बर 3 ने शनिवार को शानदार अंदाज में यह कर दिखाया, उन्होंने तीसरी सीडेड कोको गॉफ को एक हाई-क्वालिटी फाइनल में 6-4, 6-7 (5), 6-2 से हराकर इटेलियन ओपन खिताब जीता।

यह जीत 2017 और 2018 में लगातार दो जीत के बाद रोम में स्वितोलिना का तीसरा टाइटल है। रोम में अपना पहला टाइटल जीतने की कोशिश कर रही गॉफ ने जोरदार शुरुआत की और दो बार ब्रेक करके 2-0 और 4-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, स्वितोलिना ने दोनों मौकों पर वापसी की। यूक्रेन की खिलाड़ी ने अहम नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर 5-4 की बढ़त बनाए रखी, फिर गॉफ की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। गॉफ, जो इस हफ्ते पहले ही तीन-तीन सेट के मैच खेल चुकी थीं, दूसरे सेट में भी स्वितोलिना के करीब रहीं। हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी ने सेट के पहले तीन सर्विस गेम में हर बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन 11वें गेम तक कोई भी खिलाड़ी ब्रेकथ्रू नहीं कर पाई। गॉफ ने ब्रेक करके 6-5 की बढ़त बना ली, लेकिन स्वितोलिना ने तुरंत ब्रेक करके वापसी की और टाईब्रेक के लिए मजबूर कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेक 7-5 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। स्वितोलिना ने जल्द ही आखिरी सेट में कंट्रोल हासिल कर लिया और पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक करके 5-2 से आगे हो गईं। चैंपियनशिप के लिए सर्विस करते हुए, यूक्रेन की खिलाड़ी ने दो घंटे, 49 मिनट के बाद अपने तीसरे मैच पॉइंट को बदलने से पहले तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। इस जीत से गॉफ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-2 हो गया। जीत के बाद स्वितोलिना ने कहा कि पक्का यह बहुत मुश्किल मुकाबला था। मैं बहुत खुश हूं कि मैं अपनी घबराहट को कैसे संभाल पाई, सिर्फ आज ही नहीं बल्कि इस पूरे टूर्नामेंट में भी। मुझे लगता है कि पिछले दो हफ्ते मुश्किल रहे, लेकिन मैं जिस तरह से खेल रही हूं, जिस तरह से मेरा शरीर इन मुश्किल मैचों में रिएक्ट कर रहा है, उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे अपनी कोशिश पर बहुत गर्व है। स्वितोलिना ने ओपन एरा में डब्ल्यूटीए क्ले-कोर्ट फाइनल में 8-0 का सुधार किया।

### महंगाई को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

# केंद्र सरकार का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की महानगर द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला फूंका।

कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है, जिससे आम आदमी का घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल, सोना और डॉलर की बढ़ती कीमतों ने जनता की कमर तोड़ दी है, जबकि सरकार विज्ञापनों और प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वक्ताओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई को लेकर



भी सरकार को घेरा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों के हित में कार्य कर रही है, जबकि आम जनता परेशान है। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया तथा आगामी चुनावों में कांग्रेस को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### जन्मदिन पार्टी में युवक को हथियार लहराना पड़ा भारी

# पुलिस ने तमंचे सहित भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रुड़की में बर्थडे पार्टी में तमंचा लहराना युवक को भारी पड गया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने उतारी खुमारी, तमंचे के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 203/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुड़की में बर्थडे पार्टी में तमंचा लहराना युवक को भारी पड गया। कोतवाली रूडकी क्षेत्रान्तर्गत सोशल मिडिया पर अवैध अस्लाह के साथ नाच रहे युवक का विडियो तेजी से वायरल हो रहा था जिसका संज्ञान लेकर एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना की जाँच व कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। प्राप्त निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए दिनाँक 17.05.2026 को कोतवाली रुड़की पुलिस ने सर्विस लाइन डबल फाटक से अंशुल कुमार नाम को युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया। आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 203/2026 धारा 25 आर्म्स अधि0 पंजीकृत किया गया है। विवरण आरोपित-अंशुल कुमार पुत्र देवेन्द्र राम उम्र 22 वर्ष निवासी शाकुम्बरी इन्क्लेब



दिल्ली रोड कोतवाली रुड़की हरिद्वार है। आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 पुष्पेन्द्र सिह-हेकानि0 रजत चौधरी-हैड कांस्टेबल नूर मलिक-कांस्टेबल अरविंद कुमार-कानि0 अनिल शर्मा आदि शामिल रहे।

# लक्सर पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस की असामाजिक तत्वों पर सक्रिय निगरानी जारी है। इसी के तहत कोतवाली लक्सर पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक युवक को धर दबोचा है। युवक सोशल मीडिया पर तमंचा लहराते फोटो अपलोड करता था। युवक पर आर्म्स एक्ट में मुकदमे दर्ज कर अग्रिम विधिक करवाई जारी है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों/असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सभी थाना क्षेत्रों में नियमित चेकिंग एवं निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक लक्सर के निर्देशन में दिनांक 17.05.2026 को लक्सर पुलिस टीम द्वारा रायसी क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा 315 बोर के साथ दबोचा। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया पर भी तमंचा लहराते हुए फोटो अपलोड करता था। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध थाना लक्सर पर आर्म्स एक्ट के तहत मु0अ0सं0-463/26 अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। नाम पता आरोपित-दिनेश उर्फ जसी पुत्र नीटू निवासी ग्राम टांडा मजादा, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार है।

# मंत्री बत्रा ने की भारत विकास परिषद के कार्यों की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कार्यशाला में परिषद के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने भारत विकास परिषद द्वारा समाज सेवा, राष्ट्र चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद जैसी संस्थाएं समाज में सेवा, संस्कार और संगठन की भावना को सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने युवाओं से सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक होकर राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

बत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सामाजिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सामूहिक प्रयासों, जनसेवा और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान संगठन की भावी योजनाओं, सामाजिक अभियानों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। उपस्थित जनसमूह ने कैबिनेट मंत्री प्रदीप




बत्रा का स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। कार्यशाला में परिषद के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री प्रदीप बत्रा ने भारत विकास परिषद द्वारा समाज सेवा, राष्ट्र चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद जैसी संस्थाएं समाज में सेवा, संस्कार और संगठन की भावना को सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने युवाओं से सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक होकर राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।इस अवसर पर क्षेत्रिय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग,राष्ट्रीय सह संयोजक प्रकाशन डॉक्टर तरुण शर्मा,शरद चंद्र ,डॉक्टर सतेंद्र मित्तल मौजूद रहे।

# अवैध देशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली गंगनहर पुलिस की नशा तस्करों पर ताबडतोड कार्यवाही जारी है। इसी के तहत 50 अदद टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के दिशा निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मंगलौरके पर्यवेक्षण में एंव प्रभारी निरीक्षक गंगनहर हरिद्वार के कुशल नेत्तृव में मादक पदार्थ (अवैध शराब/स्मैक/चरस/गांजा/आदि) तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा तबडतोड कार्यवाही करते हुये दौराने चैंकिग अभि0 दीपक पुत्र स्व0 ताराचंद निवासी ग्राम नन्हेड़ा अनंतपुर उम्र 23 वर्ष थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को माधोपुर अंडरपास से 50 अदद टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शुद्वा अभि0 के विरूद्व थाना हाजा पर मु0अ0सं0 174/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय हरिद्वार के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# रुड़की केमिस्ट एसो. ने की नकली दवाओं व ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने जनपद हरिद्वार प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर नकली एवं अनुचित भंडारण वाली दवाओं, एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस, मनमाने दवा मूल्य निधारिण और ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। एसोसिएशन ने इन सभी मुद्दों को जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई की अपील की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि बाजार में नकली और गलत तरीके से संग्रहीत दवाओं का खतरा बढ़ रहा है, जिससे मरीजों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से दवा आपूर्ति श्रृंखला की सघन जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि बड़े कॉरपोरेट घरानों द्वारा अत्यधिक छूट (डिस्काउंट) और मनमाने मूल्य निर्धारण से छोटे केमिस्ट व्यापारियों पर विपरीत असर पड़ रहा है, जिससे दवा बाजार में असंतुलन की स्थिति बन रही है। एसोसिएशन ने वर्ष 2020 की अधिसूचना तथा वर्ष 2018 की अधिसूचना का हवाला देते हुए इनके प्रभावी अनुपालन की मांग की है। इसके साथ हीऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग उठाई है। एसोसिएशन का तर्क है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर दवाओं की बिक्री में प्रिस्क्रिप्शन की सत्यता, दवा की गुणवत्ता, भंडारण



और वितरण की निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं, जो जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिना सख्त नियंत्रण के ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाई जानी चाहिए। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 20 मई 2026 को रुड़की क्षेत्र की मेडिकल स्टोर बंद रखकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। यह बंद जनस्वास्थ्य, दवा सुरक्षा और व्यापारियों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से किया जाएगा।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन प्रहार" के तहत गंगनहर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी युवक को दबोचा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस का नशा तस्करों एवं चोरों के विरुद्ध लगातार अभियान जारी है। जनता एवं पुलिस की सतर्कता के चलते पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा संचालित "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गंगनहर के नेतृत्व में नशा तस्करों एवं चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 16/05/2026 को जनता द्वारा एक मोटरसाइकिल चोर को पकड़कर थाना कोतवाली गंगनहर लाया गया। थाना गंगनहर पुलिस द्वारा आरोपी को कब्जे में लेकर उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 173/26 अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। नाम पता आरोपित-हेमंत शर्मा पुत्र स्व. श्रवण शर्मा निवासी सिसौना, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार है।

# बड़ा हादसा टला : गंगनहर में गिरी कार, पुलिस ने छह लोगों को बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के मंडावली के पास शनिवार को एक कार अनियंत्रित होकर गंगनहर में जा गिरी। कार गिरने से मौके पर हड़कंप मच गया लेकिन गनीमत रही कि कार में सवार सभी छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाद में क्रेन की मदद से कार को भी नहर से बाहर निकाला गया।

कोतवाल भगवान सिंह मेहर ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया जिसके चलते कार में फंसे सभी छह यात्रियों पंकज, मोहित कुमार, मीनू, सुशीला, शिवकुमार व अक्षित को वक्त रहते सकुशल बचा लिया गया। सभी सवार जनपद मुजफ्फरनगर के थाना सिखेडा क्षेत्र के दखेडी गांव के निवासी हैं। सभी सवार सुरक्षित हैं और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। इसके बाद पुलिस ने क्रेन को मौके पर बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद कार को भी गंगनहर से बाहर निकलवाया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# उपनल संविदा कर्मियों की संयुक्त हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ (एटक) और उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन के तत्वावधान में आज रविवार को एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक संपन्न हुई। विद्युत वितरण खंड ग्रामीण रुड़की के प्रांगण में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव श्री सुरेंद्र दत्त शर्मा ने की, जबकि मंच का कुशल संचालन दीपक शांडिल्य द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बिजली कर्मचारी संघ के प्रधान महामंत्री प्रदीप कुमार कंसल एवं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा ने सभी संविदा कर्मचारियों से अपने हक के लिए एकजुट रहने का जोरदार आह्वान किया। शीघ्र नियमितीकरण सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट द्वारा दिए गए फैसलों के अनुरूप उपनल के माध्यम से कार्योजित समस्त कार्मिकों को जल्द से जल्द नियमित किया जाए। समान कार्य का समान वेतन: जब तक नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक सभी संविदा कर्मियों को श्समान कार्य का समान वेतनश शीघ्र अति शीघ्र प्रदान किया जाए, ताकि कर्मचारियों की आर्थिक और मानसिक समस्याओं का निवारण हो सके। वक्ता अंकित सैनी ने भी अपने संबोधन में कर्मचारियों की एकजुटता पर बल दिया।

# कॉलोनीवासियों को मिली हिंसक कुत्ते से निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर में आतंक का कारण बने हिंसक कुत्ते को आखिरकार नगर पालिका प्रशासन की टीम ने पकड़ लिया। टीम ने कुत्ते को पकड़ने के बाद उसे आबादी क्षेत्र से दूर छोड़ दिया है। नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित अग्रवाल कॉलोनी में एक हिंसक कुत्ते की बीते कई दिनों से आतंक का कारण बना हुआ था। कुत्ता अभी तक दस से अधिक लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका था। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। कुत्ते के आतंक के चलते कॉलोनीवासी घरों के बाहर निकलने से डर रहे थे। पूर्व सभासद रतेंद्र तिवारी ने नगर पालिका प्रशासन और वन विभाग को इसकी जानकारी दी थी। अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल ने हिंसक हुए कुत्ते को पकड़ने के लिए पांच कर्मचारियों की एक टीम को लगाया था। शुक्रवार की देर शाम को कर्मचारियों ने कॉलोनी के समीप कुत्ते को घेर लिया और जाल की मदद से उसे पकड़ लिया। ईओ मोहम्मद कामिल ने बताया कि कुत्ते को पकड़ने के बाद आबादी से दूर छोड़ दिया गया है।

**जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धीरमाजरा गांव में जमीन के मालिकाना हक और कब्जे पर दो पक्षों के बीच विवाद खड़ा हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक पक्ष ने भगवानपुर पुलिस को लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# भूमि विवाद में धारदार हथियार से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लक्सर। भूमि विवाद में एक परिवार के लोगों ने ग्रामीण पर घर में घुसकर धारदार हथियार और लाठी से हमला कर दिया। बीच बचाव कराने आए ग्रामीण के पुत्र और पुत्रवधू की भी पिटाई की गई। आरोपियों ने ग्रामीण की पुत्रवधू से बदसलूकी भी की। पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने तहरीर में बताया कि गांव के ही एक परिवार के लोग उनकी भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी रंजिश के चलते छह मई की रात करीब आठ बजे तीन आरोपी धारदार हथियार और लाठी लेकर उनके घर में घुस आए और उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उनके सिर पर धारदार हथियार से वार कर उन्हें घायल कर दिया। शोर सुनकर उनके पुत्र और पुत्रवधू ने आकर उन्हें बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उनकी भी पिटाई की। इस दौरान एक आरोपी ने उनकी पुत्रवधू के साथ बदसलूकी की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए और उन्हें बचाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। हमले में वह घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।

### सैनी समाज ने की लक्सर विधायक के विकास कार्यों की सराहना

# बिना भेदभाव सभी वर्गों का किया जा रहा विकास : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के लोकप्रिय बसपा विधायक भाई शहजाद जी के कैम्प कार्यालय पर आज सैनी समाज के लोगों ने एक महत्वपूर्ण बैठक कर विधायक जी का गर्मजोशी के साथ स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान ग्राम डूंगरपुर, ग्राम पुरवाला, ग्रामीण जैतपुर सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए सैनी समाज के सम्मानित प्रतिनिधियों ने विधायक जी की कार्यशैली की जमकर सराहना कीसमाज के प्रबुद्ध जनों ने कहा कि विधायक मोहम्मद शहजाद जी द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्य ऐतिहासिक हैं। वे विधानसभा में बिना किसी भेदभाव के सर्वसमाज के हित में आवाज उठा रहे हैं और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। विधायक जी के इसी श्सबका साथ, सबका विकासश वाले दृष्टिकोण से प्रभावित होकर सैनी समाज के लोगों ने आगामी चुनाव में उन्हें पूर्ण समर्थन व सहयोग देने का खुला भरोसा जतायाजनता का प्यार और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत विधायक शहजादउपस्थित जनता और गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए विधायक मोहम्मद शहजाद जी ने कहा जनता का यह अपार स्नेह, प्यार और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है राजनीति मेरे लिए व्यवसाय नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आगे भी बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र के विकास और सर्वसमाज की सेवा के लिए निरंतर



समर्पित रहूँगाबैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेस्वागत और समर्थन देने वालों में मुख्य रूप से श्री अर्जुन सैनी (ग्राम प्रधान अकबरपुर ऊद) श्री अनुज सैनी जी, श्री सुधीर कुमार सैनी जी, श्री धर्म सिंह सैनी जी, श्री अस्वनी कुमार सैनी जी, श्री राजेश कुमार सैनी जी और श्री लोकेश कुमार सैनी जी सहित भारी संख्या में सैनी समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मदरसा अरबिया रियाजुल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार के दिशा-निर्देशानुसार मदरसा अरबिया रियाजुल इस्लाम, ग्राम-भारापुर-घोड़ेवाला, विकासखंड रुड़की, जनपद हरिद्वार में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में छात्रों को साइबर क्राइम से बचाव, मोबाइल फोन के दुष्परिणाम, निःशुल्क विधिक सहायता, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित छात्रों को अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहने एवं सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे छा़सै। हेल्पलाइन 15100, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181 एवं एंबुलेंस सेवा 108 की जानकारी भी साझा की गई।

इस अवसर पर 'अधिकार मित्र



सरिता नौटियाल एवं शाहजान' , अध्यापक गण, मोहम्मद वकार, मोहम्मद वासिफ, मोहम्मद खुशनुद, मोहम्मद इकबाल एवं मोहम्मद मुजाहिद उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे जागरूकता शिविरों को समाज के लिए उपयोगी बताया।

# पेट्रोल ,डीजल और सीएनजी में मूल्य में वृद्धि के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

■ भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के मूल्य में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेसी सड़कों पर उतर आए। उन्होंने कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में भगत सिंह चौक पर एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबा. जी कर पुतला फूंका।

कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता पर महंगाई का बोझ लाद दिया है। पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के मूल्य में वृद्धि कर दी है, जिससे आम जनमानस की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहले ही यह कह दिया था कि पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होते ही केंद्र सरकार मूल्य में बढ़ोतरी करेगी और वही काम भाजपा सरकार ने करके दिखाया है। ममता रानी ने कहा कि भाजपा सरकार को जनता की भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं है वह सिर्फ जनता को बहका कर अपना उल्लू सीधा करती है, लेकिन जनता उनके बहकावे में नहीं आएगी।

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भाजपा सरकार छल कपट का सहारा लेकर जनता को बहकाने का काम कर रही है, लेकिन अब यह छल कपट और अधिक समय तक नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के राजनीतिक प्रपंच को भली भांति समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अब हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और आम जनता को महंगाई की ओर धकेल रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा अपने गिने चुने लोगों को ही बढ़ावा दे रही है उन्हें आम जनता के हितों के साथ कोई लेना-देना नहीं है। पुतला फूंकने वालों में संदीप चीमा, आनंद शर्मा, योगेश चौहान ,गोपेश तिवारी, गोपाल भसीन ,मानस बैरागी, पवन बिष्ट, दानवीर सिंह, सुखदेव हालदार,गब्बर कोली, राजवीर विर्क, सुनील चुघ, इंद्रजीत सिंह, सुखवंत सिंह, खेम सिंह, राजकुमार भुसरी, ललित बिष्ट, नरेश सागर, बबलू सागर, मोहन कुमार, सतनाम सिंह, सूरजपाल ,विकास मलिक ,सुरेश कुमार, मनोज कुमार ,गौरव यादव, सुरेश यादव, रमेश सिंह समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद थे।

## बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बढ़ती महंगाई पेट्रोल डीजल की कीमत और रसोई गैस समेत आवश्यक वस्तुओं के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर रविवार को रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रानीखेत रोड पर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। रणजीत सिंह रावत ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और जनता आर्थिक संकट से जूझ रही है।कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से अच्छे दिनों का वादा किया था, लेकिन आज आम आदमी महंगाई की मार से परेशान है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल खाद्य तेल और अन्य जरूरी सामानों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं. जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का जीवन कठिन होता जा रहा है। इस दौरान भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, ओम प्रकाश, अनिल अग्रवाल खुलासा, ललिता उपाध्याय, भुवन पांडे, चांद खान, जावेद खान, नजाकत अली, मोईन खान, आफाक हुसैन, एडवोकेट दीप्ति भारद्वाज, ममता आर्या, गिरधारी लाल, महेन्द्र आर्या, लीलाधर जोशी,दरवान सिंह रावत, भोपाल बिष्ट, ओम प्रकाश आर्यवंशी, भोपाल राम, उमाकांत ध्यानी, धाराबल्लभ पाण्डेय, रमेश पंडित, ओमपाल चौधरी, महेन्द्र सिंह मनराल, कन्नू जोशी, गुड्डू जोशी, संजय शेखर, सोनू अली, डूंगर सिंह कनवाल, एन डी पंत,अजय कुमार, मानव शेखर, मो आनस, धीरज मौलिखी, कैलाश त्रिपाठी, मो सोएब, प्रेम जैन, महेश पाण्डेय, वीरेंद्र लटवाल, पंकज सुयाल, मोहसिन खान, सुमित तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, कमल नेगी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा मार्ग पर शनिवार को हुए एक हादसे में कार की टक्कर से बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिरौली वार्ड 18 किच्छा निवासी 45 वर्षीय शाहिद पुत्र अहमद हुसैन राजमिस्त्री का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि शनिवार को वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीबी 5833 पर सवार होकर कार्य के सिलसिले में लालपुर से किच्छा की ओर जा रहा था। जब वह टोल बैरियर और मजार के मध्य पहुंचा तो अचानक सामने से तेज गति से आती कार के अज्ञात चालक ने उसकी बाईक को जोर से टक्कर मार दी और वाहन सहित मौके से फरार हों गया। जिससे शाहिद लहूलुहान होकर गिर गया। जानकारी मिलने पर परिजन भी आ गये। गंभीर रूप से घायल शाहिद को उपचार के लिए किच्छा सरकारी चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उसे पहले जिला चिकित्सालय और सुशीला तिवारी हॉस्पीटल हल्द्वानी ले जाया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे रात्रि में पुन: जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहिद की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक शाहिद के पत्नी सहित तीन पुत्र व एक विवाहित पुत्री है।

### स्कूटी सवार को कच्ची शराब के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक अपराध रुद्रपुर, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में चौकी नादेही प्रभारी उ.नि. संतोष देव. रानी द्वारा मय पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त देवब्रज सिंह पुत्र जिराज सिंह निवासी किशनपुर थाना जसपुर को स्कूटी संख्या UK18Q1517 में अवैध रूप से कच्ची शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक बैंगनी रंग के थेले में कुल 30 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय, एसआई संतोष देवरानी,चौकी इंचार्ज नादेही कां. अरुण कुमार, दीपक जलाल आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक जिला कार्यकारी का गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

उक्रांद ने खटीमा, नानकमत्ता तथा सितारगंज विधानसभा सीटों पर की रायशुमारी

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल की जिला इकाई की प्रथम बैठक में संगठन की मजबूती एवं आगामी विधानसभा चुनाव महिला प्रत्याशी को मैदान में उतरने पर सहमति बनी। बैठक में खटीमा विधानसभा सीट के अलावा नानकमत्ता तथा सितारगंज सीटों के प्रत्याशियों के लिए भी रायशुमारी हुई। लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित बैठक की अध्यक्षता उक्रांद जिलाध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद उत्तराखंडी एवं संचालन जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी व जिला महामंत्री संतोष मल्होत्रा ने किया। संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक दल के युवा कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। राष्ट्रीय दलों से त्रस्त उक्रांद में सम्मिलित युवा कार्यकर्ताओं ने दल के लिए संघर्ष करने की घोषणा की। जिला कार्यकारी का विस्तार करने करते हुए उक्रांद जिलाध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद उत्तराखंडी ने रवि राणा को ब्लॉक अध्यक्ष खटीमा, सूरज सिंह राणा को अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष, आकाश सिंह राणा को विधानसभा अध्यक्ष नानकमत्ता, राजेंद्र कुमार टम्टा को नगर अध्यक्ष चकरपुर, पूनम अग्रवाल को महिला प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष खटीमा, पार्वती विश्वास को ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ खटीमा, अजय सिंह राणा को अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष खटीमा मनोनयन किया गयास बैठक में धीरज गहतोड़ी, शहाबुद्दीन अंसारी, जीवन भट्ट , होशियार सिंह जेठी, नित्यानंद जोशी, जोध सिंह मनोला, उदित बिष्ट, खड़क सिंह मुडेला, मदन सिंह ज्याला, जसबीर सिंह धामी, जगत सिंह मेहरा, दुर्गा सिंह सामंत, पार्वती विश्वास, कल्याण सिंह बोरा, ओंमकार सिंह कार्की, कैलाश भट्ट , धन बहादुर चंद, दर्शन सिंह कामरेड, अली अहमद, आरती, रों. हत भट्ट , आकाश राणा, योगेश बोरा, रमेश चंद कोठारी, हरीश चन्द्र फुलेरा, राजेंद्र कुमार टम्टा, त्रिभुवन थिरपोला, भवानी शंकर बिष्ट, ज्ञानचंद कंबोज, कुलवंत सिंह कामरेड, नरेश चंद आदि उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त भारत को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर ।** नशा मुक्त उत्तराखंड नशा मुक्त भारत के संकल्प को लेकर नशा मुक्ति जन जागरण संयुक्त अभियान समिति उत्तराखंड एवं राष्ट्रीय शराबबंदी संयुक्त मोर्चा नई दिल्ली द्वारा देहरादून जैन धर्मशाला में 24-25 मई रविवार सोमवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन समिति के सदस्य राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे जो अपने-अपने प्रदेशों में नशे के खघ्लिाफ चलाए गए अभियानों के बारे में अपने अनुभवों को साझा करेंगे तथा संयुक्त रणनीति बनाकर आगे का रोड मैप तैयार करेंगे।

आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने बताया किसरकार द्वारा संचालित देसी ,विदेशी मदिरा एवं बार हो या सरकार द्वारा प्रतिबंध नशा ड्रग्स चरस, गांजा ,स्मैक ,हीरोइन, ब्राउन शुगर, नशे के इंजेक्शन, सूखा नशा सरकार द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद शहर कस्बों गांव गली गली में सर्व सुलभ उपलब्ध हो जाने के कारण उसने बच्चे युवाओं को अपने गिरफ्त में ले लिया है। नशे के कारण जहां अपराध एवं दुर्घटना में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं नशे के बढ़ते चलन एवं उसे मिल रही सामा. जिक मान्यता के कारण उसने सामाजिक ताना-बाना को भी भारी नुकसान पहुंचा रहा है जो हम सबके लिए चिंता का विषय है। नशा आज व्यक्तिगत समस्या न बनकर राष्ट्रीय समस्या बन गई है। नशे के अवैध कारोबार में लगे तस्कर माफिया ने पूरे शासन प्रशासन एवं सिस्टम को अपने नियंत्रण में ले लिया है। सरकार की नीति एवं नीयत में खोट होने के कारण नशे के वैध एवं अवैध कारोबार में लगे लोग फल फूल रहे हैं।सामाजिक धार्मिक राजनीतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर दान दक्षिणा भंडारा आयोजित कर सामाजिक मान्यता प्राप्त कर सिस्टम के अंदर घुस गए हैं जो दीमक की तरह सामाजिक राजनीतिक व्यवस्था को खत्म करने का काम कर रहे हैं।

सामाजिक ,सांस्कृतिक, शैक्षणिक ,व्यापारिक, छात्र कर्मचारी महिला किसान मजदूर संगठनों से आवाहन किया है कि नशे के खिलाफ एकजुट होकर नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त उत्तराखंड मुहिम का हिस्सा बने तथा 24, 25 मई को देहरादून में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में बढ़-चढकर हिस्सेदारी करें। इस दौरान पत्रकार वार्ता में आसिफ ,लालमणि,चिंताराम,एस आर टम्टा आदि मौजूद रहे।

## विधायक दीवान बिष्ट की पत्नी का निधन विभिन्न संगठनों ने व्यक्त किया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट की पत्नी आशा बिष्ट का लम्बी बीमारी के उपरांत निधन हो गया जिनका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। स्व.आशा अपने पीछे अपने पति, इकलौता पुत्र जगमोहन सिंह बिष्ट, बीडीसी मेम्बर पुत्रवधू श्वेता बिष्ट व पोते को रोता बिखलता छोड़ गयी है।

दिवंगत की आत्मा की शांति व शोक. ाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है। इस दौरान शोक व्यक्त करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, मिथलेश डंगवाल, नवीन सती, रणजीत सिंह रावत, भागीरथ लाल चौधरी, गणेश रावत, भूपेंद्र सिंह खाती, इंदर सिंह रावत, राकेश नैनवाल, उर्मिला चौधरी, अमिता लोहनी, दिनेश मेहरा, शिशुपाल सिंह रावत, विपिन काण्डपाल, सैयद अली नकवी, सुमित लोहनी, चांद खान, एडवोकेट फैजुल हक, मनोज पांडे, तनुज दुर्गापाल, राहुल रावत, पारस गोला, शमीम अहमद, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, सत्यप्रकाश शर्मा, रुचि गिरी शर्मा, नीमा मठपाल, दीपा कोटिया, शुभम उत्तम, नवीन करगेती, हेम चंद्र जोशी, सत्यप्रकाश शर्मा, मनीष अग्रवाल, मदन जोशी,अजीज खान, डॉ तनवीर अख्तर, जिकरान कुरैशी, फईम कुरैशी,पूर्व मंत्री पुष्कर दुर्गापाल,अनिल खुलासा, भुवन पांडे, निशांत पपने, भुवन शर्मा, देशबन्धु रावत, ताइफ खान, डॉ जफर सैफी, विनोद अंजान, रेविराम, दिनेश चंद्रा, अतुल अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, प्रभात ध्यानी, मुनीष कुमार आदि लोगों ने शौक व्यक्त किया है।

## बढ़ती चोरियों के खिलाफ व्यापारियों ने कोतवाल को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विगत दिनों मुख्य बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर रोषित व्यापारियों ने आज रविवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में कोतवाल का घेराव कर अपना रोष प्रकट किया तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

व्यापारियों ने बताया कि दो दिन पूर्व मटके वाली गली स्थित चार शोरूम में चोरी की बड़ी घटना हुई, जिसमें व्यापारियों का लगभग 15 से 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन अब तक चोरी का खुलासा नहीं कर पाया है, जिससे व्यापारियों में भारी असंतोष बना हुआ है। व्यापार मंडल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले तीन दिनों के भीतर घटना का खुलासा नहीं किया गया तो व्यापारियों को पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार चौकी क्षेत्र एवं आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में पुलिस बल की संख्या बेहद कम है, जिसके कारण क्षेत्र में नियमित गश्त नहीं हो पा रही है। रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं और व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान व्यापारियों ने अग्रसेन चौक स्थित मोबाइल मंत्र शोरूम में हुई लगातार दो चोरी की घटनाओं का भी मुद्दा उठाया। व्यापारियों ने बताया कि उक्त घटनाओं में लगभग 20 लाख रुपये का माल चोरी हुआ था, लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है।

इसके अलावा सब्जी मंडी एवं काशीपुर फ्लाईओवर के नीचे दुकानों में हुई चोरियों का भी अब तक खुलासा नहीं हो पाया है, जिससे व्यापारियों में पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर गहरी नाराजगी है।

व्यापारियों ने मांग की कि बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए तथा चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। कोतवाल का घेराव करने वालों में अंकित नरूला, पवन गाबा, मनोज छाबड़ा, संदीप,पवन जिंदल, आशीष चन्दना, सुनील झाम, आदित्य भनोट, नीतीश धीर, आशु मिगलानी, ऋषभ अरोरा, मधुर कुमार, उज्जवल कुमार, जतिन भसीन, ललित गोयल, राजेश कामरा, अनिल कुमार, अंशुल ठुकराल, अमित अरोरा, अजय चड्क्का, गौरव जुयाल, पुलकित कुमार, जिमी ठुकराल, शिवम चौहान सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### वेटर के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा क्षेत्र में पार्टी से लौट रहे एक वेटर के साथ मारपीट और तलवार से काटने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। भदईपुरा वार्ड नंबर-14 निवासी राशिद पुत्र नबी अहमद ने बताया कि 15 मई की रात वह अपने दोस्त अशोक के साथ रम्पुरा क्षेत्र में एक पार्टी में वेटर का काम करने गया था। काम समाप्त होने के बाद करीब एक बजे दोनों घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में रम्पुरा वार्ड नंबर-23 निवासी पंकज उर्फ खरगोश पुत्र कांती कोली और उसके साथी अवि, राज समेत अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया और बिना किसी कारण मारपीट शुरू कर दी।

## 35 लाख की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

■ एएनटीएफ व सितारगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज ।** नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और सितारगंज पुलिस की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। चे. कंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 119 ग्राम स्मैक बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेंद्र चौधरी और पुलिस अधीक्षक (रुद्रपुर) उत्तम सिंह नेगी के निर्देशानुसार, क्षेत्रधिकारी ऑपरेशन विभव सैनी के पर्यवेक्षण में रणनीति तैयार की गई। एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी और सितारग. ंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान अमरिया चौराहे से 100 मीटर आगे रुद्रपुर-सितारगंज हाईवे के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोक. कर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 119 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान शादाब हुसैन पुत्र साबिर हुसैन, निवासी बाईपास कॉलोनी, वार्ड नंबर 11, कोतवाली सितारगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस पूछताछ में शादाब ने बताया कि वह यह स्मैक अपने दोस्त नदीम, निवासी बहेड़ी (बरेली) से लेकर आ रहा था। पुलिस अब नदीम के संबंध में भी विस्तृत जानकारी जुटा रही है, ताकि मुख्य सप्लायर तक पहुंचा जा सके। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त शादाब एक शातिर किस्म का नशा तस्कर है, जो पूर्व में भी कोतवाली सितारगंज और थाना अमरिया (पीलीभीत) से एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पुलिस टीम में एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, सितारगंज कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा, शक्तिफार्म चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश तिवारी, सिडकुल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगत सिंह शाही, एएनटीएफ के हेड कांस्टेबल भुवन चंद्र पांडे, कांस्टेबल विनोद खत्री और सितारगंज कोतवाली के कांस्टेबल भूपाल सिंह शामिल रहे।

### महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में एक महिला ने पति से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस, फॉरेंसिक टीम और तहस. ीलदार मौके पर पहुंचे। विवाह को सात वर्ष पूरे नहीं होने के कारण तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा भरा गया। पुलिस के अनुसार शनिवार, रविवार को सर्वेश सरकार ने डायल-112 पर सूचना दी कि एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। सूचना पर ट्रांजिट कैम्प थाना प्रभारी मोहन पांडे, एसआई महेश काण्डपाल, एसआई पूनम रावत, पुलिस बल और जिला फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। मौके पर मृतका 22 वर्षीय बसंती सरकार का पति चंदन सरकार, ससुर नान्टू सरकार और मायके पक्ष से पिता लक्ष्मण मंडल, माता चम्पा मंडल और भाई दयाल मंडल मौजूद थे। तहसीलदार दिनेश कुटोला की मौजूदगी में परिजनों को पंच नियुक्त कर पंचनामा की कार्रवाई की गई। पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बसंती की शादी करीब ढाई साल पहले हुई थी। उसकी एक साल से छोटी बेटी भी है। पति टाइल्स-पत्थर लगाने का काम करता है। बताया कि 16 मई की रात बसंती और उसके पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। रविवार सुबह भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद नाराज होकर बसंती घर की छत पर बने स्टोर रूम में चली गई और चुन्नी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई। ट्रांजिट कैम्प थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किसी भी पक्ष ने अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

## भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में संगठन और विचारधारा पर मंथन

■ दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग काशीपुर रोड स्थित एंबिएंस बैंक्वेट हॉल में शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, सह प्रभारी साकेत अग्रवाल, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, पूर्व विधायक राजेश शुल्का, सर्व व्यवस्था प्रमुख राकेश सिंह, वर्ग पालक धीरेन्द्र मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया और प्रशिक्षण सत्रों का शुभारंभ हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र "हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान" में वक्ताओं ने भाजपा की विचारधारा, राष्ट्रवाद, अंत्योदय एवं संगठनात्मक मूल्यों पर विस्तार से अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाला वैचारिक संगठन है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर आधारित है। इसके पश्चात आयोजित द्वितीय सत्र "भाजपा का इतिहास एवं विकास" में पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा, संगठन विस्तार एवं विभिन्न जनआंदोलनों में भाजपा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ बनाने का माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ लेने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। दो दिवसीय इस आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक विषयों, वैचारिक अधिष्ठान, सोशल मीडिया, जनसंपर्क, कार्यकर्ता विकास एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अलग अलग सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री तरुण दत्ता, महामंत्री अजय जोशी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं, शीघ्र समाधान के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार सुबह लोहियाहेड स्थित हेलीपैड पर आम जनता, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और क्षेत्र के हाल जानें। सीएम धामी का यहां पहुंचे लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री धामी ने करोड़ों की लागत से उत्तर प्रदेश सीमा के हल्दी ग्राम में निर्माणाधीन गौशाला के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या से जानकारी ली। उन्होंने अंतिम चरण के निर्माण को जल्दी पूरा करने को कहा।

हेलीपैड पर मुख्यमंत्री धामी से मिले राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ व्यवसाय ईश्वर बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बत्रा एवं सभासद विश्वनाथ यादव ने किसानों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए 50 हजार मैट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि उपलब्ध कराने एवं भंडारण क्षमता दुरुस्त करने की मांग की। भाजपा पूर्व नगर महामंत्री संजय पिलख्वाल, सभासद दीपा धरियाल तथा आनंद धरियाल ने वार्ड 19 में पूर्णागिरी मंदिर के सौंदर्यीकरण की मांग की। इसके अतिरिक्त लोगों ने सीएम के समक्ष कई मामले उठाएं। मुख्यमंत्री धामी ने आम जनता को अस्वस्थ किया कि भाजपा सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याएं तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, रविंद्र राणा, सतीश भट्ट ,वरुण अग्रवाल, नवीन बोरा, विनोद मलिक, प्रकाश तिवारी, सावित्री कन्याल, रवीश भटनागर, पूरन बोरा, पूरन जोशी, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी डा.उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी, अमित बिष्ट, सुमित गुंबर, दीपक तिवारी, हरीश चंद आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना को भरें आवेदन फॉर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सहायक समाज कल्याण अधिकारी विकास खंड रामनगर ने बताया कि गत वर्ष 25-26 में अल्पसंख्यक समुदाय की जिन छात्राओं ने उत्तराखंड बोर्ड से हाइस्कूल व इंटरमीडिएट में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर परीक्षा उत्तीर्ण की है उन सभी छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना वर्ष 2026 के आवेदन फॉर्म आ गए है । उक्त योजना के अंतर्गत छात्राओ के प्राप्तांक के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जैसे हाइस्कूल में 60 प्रतिशत से अधिक अंक पर 10000 ,70 प्रतिशत से अधिक अंक पर 15000, प्रतिशत से अधिक अंक पर 20000 वहीं इंटरमीडिएट में 60 प्रतिशत से अधिक अंक पर 15000, 70 प्रतिशत से अधिक अंक पर 20000 , 80 प्रतिशत से अधिक अंक पर 25000 की धनराशि की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है । उक्त योजना के लिए आवेदन अपने निकटतम सीएससी सेंटर से अपनी सरकार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा । अपने आवदेन के दस्तावेजों की हार्डकॉपी व अपनी पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ को अपने स्कूल के प्रधानाचार्य से सत्यापित करवाने के पश्चात विकास खंड में सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे। उन्होंने सभी से विन्रम अनुरोध किया है की इस संदेश का अधिक से अधिक प्रचार करने में सहयोग प्रदान करें जिससे सभी पात्र छात्राएं योजना से लाभान्वित हों।

## संक्षिप्त समाचार

### साफ्टवेयर टूल्स से चल रही जापान की अनोखी पार्टी 'मिराई'

**टोक्यो।** जापान की राजनीति में एक अनोखी पार्टी 'टीम फ्यूचर मिराई' चर्चा में है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समर्थक एजेंडे और टेक्नोलाजी आधारित राजनीति के वादे के साथ उभरी इस पार्टी का चेहरा अन्नो ताकाहिरो हैं, जो साफ्टवेयर इंजीनियर और एआई उद्यमी से पहले साइंस फिक्शन लेखक भी रहे हैं। ताकाहिरो सरकार और लोकतंत्र में भी इंजीनियरिंग सोच और टेक्नोलाजी के इस्तेमाल की पैरवी कर दुनिया में तकनीक-आधारित राजनीति की नई बहस को आगे बढ़ा रहे हैं।

### पद छोड़ने की तैयारी में हैं ब्रिटिश पीएम

**लंदन।** डेली मेल के स्तंभकार डैन हॉजेस ने सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर स्वेच्छा से इस्तीफा देंगे। इससे पहले, स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी की हार के बाद लगभग 100 ब्रिटिश सांसदों ने स्टारमर के इस्तीफे की मांग की थी। फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि ब्रिटिश अधिकारियों को आशंका है कि सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के भीतर सत्ता संघर्ष सरकार के कामकाज को ठप्प कर सकता है।

### स्क्रिप्ट पढ़ता नहीं, सुनकर समझता हूं विजन: सलमान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान ने अपने काम करने के तरीके को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि उन्होंने आज तक कभी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी नहीं, बल्कि हमेशा उसे सुनकर ही समझा है। सलमान खान ने भारतीय सिनेमा में एक ऐसे सुपरस्टार के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिनकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं और कई पीढ़ियों में जबरदस्त फैन फॉलोइंग बनाई है। जहां सलमान खान को अक्सर ऐसा स्टार माना जाता है जो खुद भी राइटिंग से जुड़े रहे हैं।




शिमला। कफरी में गर्मी के मौसम में भारी पर्यटक भीड़ के कारण जाम में फंसे वाहन।

## नाइजीरिया में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 स्कूली बच्चों का किया अपहरण

**अबूजा।** दक्षिण-पश्चिम नाइजीरिया के ओयो इलाके में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 से अधिक स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया है। इस बेहद स्तब्ध करने वाली घटना को तीन अलग-अलग स्कूलों पर दिनदहाड़े एक समन्वित हमले के जरिए अंजाम दिया गया। स्थानीय अखबार 'पंच'की रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने ओरीरे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में सुबह की कक्षाओं के दौरान निशाना बनाया। उन्होंने यावोटा स्थित तीन प्राइमरी स्कूलों पर धावा बोला। मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और बच्चों को बंधक बनाकर पास के जंगली इलाकों में फरार हो गए।

# यूक्रेन का रूस पर 1000 ड्रोन से हमला

## सेमीकंडक्टर प्लांट, ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया, 1 भारतीय समेत 4 की मौत

**मास्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात को रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 1 भारतीय मजदूर भी शामिल है। रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है।

दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हैं। अधिकारियों ने हमले की जगह का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की। अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। रूस के अधिकारियों ने बताया कि हमले में मास्को इलाके में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मास्को में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर



■ अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है

भी शामिल हैं। कीव इंडिपेंडेंस की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन ने मास्को इलाके में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एंगस्ट्रेम प्लांट शामिल है, जो रूस की सेना के लिए सेमीकंडक्टर बनाता है। इसके अलावा मास्को आयल रिफाइनरी, सोलनेचनोगोर्स्क और वोलोडार्स्कोये ईंधन स्टेशन को भी निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने दावा किया कि कब्जे वाले क्रीमिया में भी हमला किया गया। वहां बेलबेक एयरफील्ड पर एयर डिफेंस सिस्टम, एस-400 रडार सिस्टम का हैंगर, ड्रोन कंट्रोल सिस्टम, डेटा ट्रांसमिशन सेंटर और एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर को निशाना बनाया गया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला हाल के महीनों में मास्को पर हुए सबसे बड़े यूक्रेनी ड्रोन हमलों में से एक था। रातभर राजधानी और आसपास के इलाकों में एयर रेड सायरन बजते रहे, कई धमाके सुनाई दिए और अलग-अलग जगहों पर मलबा गिरा। रूस के एक टेलीग्राम चैनल के मुताबिक, जेलेनोग्राद का एल्मा टेक्नोपार्क भी हमले में जल गया। यहां माइक्रोइलेक्ट्रानिक्स, रोबोटिक्स और रिसर्च से जुड़ी कंपनियां काम करती हैं। वहीं दुबना इलाके में राडुगा डिजाइन ब्यूरो को भी निशाना बनाए जाने की खबर है, जहां क्रूज मिसाइलें बनाई जाती हैं। ड्रोन हमलों का असर मास्को के एयरपोर्ट्स पर भी पड़ा। शेरमेत्येवो एयरपोर्ट पर करीब 200 फ्लाइट्स लेट या रद्द हुईं, जबकि व्नुकोवो एयरपोर्ट पर करीब 100 फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। एयरपोर्ट परिसर में ड्रोन के टुकड़े भी गिरे, हालांकि वहां किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को रूस के हमलों को जायज बताया है। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के आम नागरिकों को निशाना बना रहा है, इसलिए यह कार्रवाई की गई।

# ढल रहा पश्चिमी देशों का वर्चस्व: गालिबफ

## ईरानी संसद अध्यक्ष ने कहा: ग्लोबल साउथ की अगुवाई में बन रही नई विश्व व्यवस्था

**तेहरान।** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने रविवार को वैश्विक राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था अब एक नई विश्व व्यवस्था के मुहाने पर खड़ी है, जहां पश्चिमी देशों का पारंपरिक दबदबा तेजी से कमजोर हो रहा है और ग्लोबल साउथ का प्रभाव बढ़ रहा है। गालिबफ ने दावा किया कि यह बदलाव एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जिसमें शक्ति का केंद्र अब कुछ पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए गालिबाफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है जो पिछले सौ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान का 70 दिनों का प्रतिरोध इस वैश्विक बदलाव को तेज करने वाला कारक बना है। ईरानी स्पीकर के बयान में अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका और पश्चिमी देशों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण के देश अब वैकल्पिक व्यवस्था की ओर देख रहे हैं, जहां आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता को प्राथमिकता दी जा रही है। ईरानी राज्य मीडिया प्रेस टीवी के



■ वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है: गालिबफ

अनुसार, गालिबाफ ने यह भी कहा कि पुरानी एकध्रुवीय व्यवस्था अब अपनी पकड़ खो रही है और दुनिया नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है। गालिबाफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक मंच पर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, टैरिफ और ताइवान जैसे मुद्दों पर तनाव बना हुआ है। हाल ही में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक में भी वैश्विक व्यवस्था के बदलाव पर चर्चा हुई थी। वर्तमान समय में पश्चिम एशिया, यूरोप और एशिया में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के बीच दुनिया एक नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है।

## ईरान ने अपनी अधिकांश मिसाइल क्षमता रखी है बरकरार

**मॉस्को।** नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी अधिकांश मिसाइल क्षमता बरकरार रखी है। 'द इंडिपेंडेंट' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

अखबार ने कहा कि खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ईरान के पास अभी भी अपनी अधिकांश मिसाइलों और भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच है। अखबार के सूत्रों के अनुसार, नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी कम से कम 60 प्रतिशत मिसाइल क्षमता बरकरार रखी है। इसके अलावा, उनके आंकड़ों के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान के 90 प्रतिशत लॉन्च स्थल और

■ नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है ईरान की भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच है

सैन्य भंडारण सुविधाएं अब आंशिक या पूरी तरह से चालू हैं, जिससे ईरान अमेरिका के साथ महीनों तक संघर्ष जारी रखने में सक्षम है। अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से पारगमन के लिए विशेष नियमों की घोषणा की।

## यूईएके न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन अटैक

**तेहरान।** यूईएके अल धफरा इलाके में स्थित बराकाह न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के बाहर ड्रोन हमले के बाद एक बिजली जनरेटर में आग लग गई। अबू धाबी मीडिया आफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। साथ ही न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा और रेडिएशन स्तर पर भी कोई असर नहीं पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, प्लांट की सभी जरूरी मशीनें और सिस्टम सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। हमले

■ अबू धाबी मीडिया आफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ

की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली है, लेकिन ईरान पर शक जताया जा रहा है। हाल के दिनों में ईरान लगातार यूईएको धमकी देता रहा है। युद्ध के दौरान यूईएमें इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम और अमेरिकी सैनिक मौजूद थे।

# क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जान रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं।

क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में बिजली कटौती, ईंधन संकट और जरूरी सामानों की कमी बनी हुई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिआज कैनल ने अमेरिकी नाकेबंदी के खिलाफ इस महीने की शुरुआत में मार्च निकाला था। क्यूबा के सरकारी मीडिया में आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लोगों को पूर्व राष्ट्रपति

■ क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी

फिदेल कास्त्रो की 'पूरी आबादी की लड़ाई' की रणनीति के तहत गुरिल्ला युद्ध सिखाया जा रहा है। कुछ वीडियो में सैनिक पुराने सोवियत हथियारों के साथ अभ्यास करते दिखाई दिए। एक वीडियो में एंटी-एयरक्राफ्ट गन को बैलों से खींचते हुए भी दिखाया गया। सैन्य इतिहासकार हाल क्लेपाक ने सीएनएन से कहा कि आधुनिक हथियारों की कमी के बावजूद क्यूबा की सेना अमेरिकी हमले का लंबा प्रतिरोध कर सकती है। उनके मुताबिक, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी क्यूबा ने बड़े स्तर पर लोगों को संगठित करने की क्षमता दिखाई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जान रैटक्लिफ इस हफ्ते क्यूबा की राजधानी हवाना पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक वे 'यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका' लिखे हुए विमान से पहुंचे थे, जिसने लोगों का ध्यान खींचा।

# कांगो और युगांडा में इबोला से 246 सदिंग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौत

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रविवार को कांगो और युगांडा में फैले 'बुंदीबुग्यो' वायरस स्ट्रेन के कारण इबोला प्रकोप को 'अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने यह बड़ा फैसला सीमा पार संक्रमण की पुष्टि, संदिग्ध मौतों के बढ़ते आंकड़ों और इस महामारी के पूरे क्षेत्र में तेजी से फैलने की आशंका के मद्देनजर लिया है।

यह वैश्विक घोषणा पूर्वी कांगो के इतूरी प्रांत और युगांडा की राजधानी कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए इबोला मामलों के सामने आने के बाद की गई है, जिसमें कम से कम एक मौत भी शामिल है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस बीमारी का प्रकोप वर्तमान में पाए गए मामलों

■ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषित किया अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल

की तुलना में कहीं अधिक बड़ा हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 16 मई तक इतूरी प्रांत के कम से कम तीन स्वास्थ्य क्षेत्रों (बुन्या, वर्मपारा और मोंगबवालु) में 8 पुष्ट मामले, 246 संदिग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। युगांडा ने पिछले 24 घंटों के भीतर कंपाला में इबोला के दो मामलों की पुष्टि की है, और ये दोनों मरीज कांगो से आए यात्री हैं। इनमें से एक मरीज की मौत हो चुकी है और दोनों को गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा, इतूरी से लौटे एक यात्री में किन्शासा के भीतर भी एक अलग पुष्ट मामला पाया गया है, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संक्रमण फैलने की चिंताएं बहुत बढ़ गई हैं। डब्ल्यूएचओ ने अपने आपातकालीन निर्धारण में कहा कि यह घटना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बीमारी के प्रसार के माध्यम से अन्य देशों के लिए एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने इसे अभी 'महामारी' घोषित नहीं किया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय संचरण के जोखिम, कमजोर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और 'बुंदीबुग्यो' स्ट्रेन को निशाना बनाने वाले स्वीकृत टीकों या सटीक इलाज की अनुपस्थिति के कारण इसने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के पैमाने को पार कर लिया है।

# पाक में पेट्रोल-डीजल 5 रुपये सस्ता हुआ

## पेट्रोल 409.78 और हाई-स्पीड डीजल 409.58 रुपये लीटर मिल रहा, भारत में 3-3 महंगे हुए थे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपये लीटर (पाकिस्तानी रुपया) की कटौती की है। इसके बाद अब पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 409.78 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत 409.58 रुपये प्रति लीटर पर आ गई है।

नई कीमतें आज यानी 16 मई से लागू हो गई हैं। हाल के दिनों में लगातार बढ़ती कीमतों के बाद इस कमी से मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के बजट को थोड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि पेट्रोल का सीधा असर मोटरसाइकिल, रिक्शा और छोटी गाड़ियों पर पड़ता है। पाकिस्तान सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम



■ पाक सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा कर रही है

कीमतों की समीक्षा कर रही है। दरअसल, 28 फरवरी से अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध (जो फिलहाल थमा हुआ है) के बाद से ही पाकिस्तान में ईंधन संकट है। पाक सरकार ने भले ही 5 रुपये की राहत दी है, लेकिन ठीक एक हफ्ते पहले पेट्रोल की कीमतों में 14.92 और डीजल में 15 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद, सरकार ने 6 मार्च को पेट्रोल-डीजल 55 रुपये लीटर महंगा कर दिया था। 2 अप्रैल को पेट्रोल में 43 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल की कीमतों में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में 15 मई 2026 को एक विरोध रैली हुई। इसमें सरकार से ईंधन (पेट्रोल-डीजल) के दाम कम करने की मांग की थी। भारत में 15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3-3 रुपये प्रति लीटर बढ़ी थीं। इससे दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। वहीं, कंपनियों ने प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 प्रति किलो तक महंगी कर दी। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने पड़ रहे हैं। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है।

## पाक के लाहौर में 9 जगहों के नाम बदले गए

**इस्लामाबाद।** अमृतसर से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लाहौर जड़ों की ओर लौट रहा है। दो महीने के भीतर लाहौर में 9 जगहों के इस्लामी नाम फिर से मूल हिंदू या ब्रिटिश विरासत पर रखे गए हैं। इनमें इस्लामपुरा अब अपने पुराने नाम कृष्णनगर और बाबरी मस्जिद चौक अब पुराने जैन मंदिर चौक के नाम से आधिकारिक रूप से जाना जाएगा। इनके बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। खास बात यह भी है कि इस बदलाव के खिलाफ वहां कोई कट्टरपंथी मोर्चा भी नहीं खोल पाया। पंजाब सूबे की सीएम मरियम नवाज के अनुसार परकोटा शहर लाहौर के आठों दरवाजे जिनमें दिल्ली गेट भी शामिल है।

## मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' का कान्स फिल्म महोत्सव में हुआ प्रीमियर

**कान्स।** दिवंगत निर्देशक जॉन अब्राहम की 1986 की प्रशंसित मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' के नवीनीकृत संस्करण का प्रीमियर 79वें कान्स फिल्म महोत्सव के 'कान्स क्लासिक्स' सेक्शन में शनिवार को संपन्न हुआ। दिवंगत अब्राहम अपनी 'अग्रहरथिल कजुताई' (ब्राह्मण गांव में गधा), विद्यार्थीकले इथिले इथिले (इस तरह, विद्यार्थी) और चेरियाचांते क्रूराकृतिगल (चेरियाचन की क्रूरता) जैसे क्लासिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी मौत 1987 में 'अम्मा एरियन' के एक साल बाद हुई। 'अम्मा एरियन' के प्रमुख अभिनेता जॉय मैथ्यू फिल्म के प्रीमियर पर मौजूद थे। कान्स फिल्म महोत्सव के प्रतिनिधि थिएरी फ्रेमॉक्स ने कहा कि भारत एक महान देश है और सिनेमा का वह एक महान क्षेत्र है। यह सिनेमा के इतिहास को फिर से देखने के लिए भी एक महान क्षेत्र है। इसने प्रीमियर में अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों को फिल्म दिखाई।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting
QUALIFICATION UGC NET, Ph.D
SALARY As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.

NIRWAL HOSPITAL MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004